निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, रविवार 18 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 242 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में स्कूली बच्चों से बात करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी






## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में छात्रा की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एक सड़क दुर्घटना में कॉलेज छात्रा की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम में देरी से आक्रोशित परिजनों ने शनिवार को बगोदर ट्रामा सेंटर में तोड़फोड़ की। मृतका की पहचान अटका के यमुनानगर निवासी आशा बाला कुमारी के रूप में हुई है। मृतका घाघरा साइंस कॉलेज में डिग्री की छात्रा थी।

### जैक दसवीं बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 को लेकर बड़ी अपडेट जारी की है। जैक ने माध्यमिक परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है, जिसे काउंसिल की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। हालांकि छात्र स्वयं प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं कर सकेंगे। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की जिम्मेदारी केवल संबंधित स्कूलों या कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को दी गई है। जैक की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सभी विद्यार्थी अपने-अपने स्कूल से ही एडमिट कार्ड प्राप्त करें।

### फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के जबेर गांव में एक नवविवाहिता का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। मायका पक्ष ने मृतक की सास और ननद पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहार ससुराल पक्ष फरार है। मृतका की पहचान 19 वर्षीय प्रभा कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी चार महीने पहले संतु भारती से हुई थी। प्रभा का मायका सदर थाना क्षेत्र के रक्सी गांव में है। मृतका के पिता नंदकिशोर भुइयां और बहन ललिता देवी के अनुसार शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले दो लाख रुपए दहेज की मांग कर रहे थे।

### पुलिया से गिरी ऑटो, टला बड़ा हादसा

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** तिसरी-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। तीसरी थाना क्षेत्र के थम्भाचक स्थित चकलमुंडा मोड़ के पास एक इलेक्ट्रिक ऑटो अनियंत्रित होकर पुलिया से करीब आठ फुट गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस दुर्घटना में ऑटो चालक सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार पुलिया के पास अचानक सामने आए मवेशी को बचाने के प्रयास में ऑटो का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित ऑटो गार्डवाल को पार करते हुए नीचे गड्ढे में स्थित एक पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद ऑटो में लदा सामान झाड़ियों में बिखर गया।

### चोरी के शक में युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में मोटर चोरी के आरोप में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में त्वरित कारवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के चांया गांव में तुलसी नायक के 18 वर्षीय बेटे विक्की नायक को ग्रामीणों ने सिंचाई मशीन चोरी के संदेह में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामले की जानकारी जब पुलिस के पास पहुंची तब पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रधानमंत्री ने देश को दी पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात

# आधुनिक होने के साथ आत्मनिर्भर भी हो रही भारतीय रेल : मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मालदा से हावड़ा-गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलने वाली देश की पहली स्लीपर वंदे हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी तक चलेगी। इसके अलावा पीएम मोदी ने मालदा में एक प्रशासनिक कार्यक्रम में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके अलावा पीएम मोदी ने चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन उत्तर बंगाल में न्यू जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार को भारत के दूसरे हिस्सों से जोड़ेगी। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज मालदा से पश्चिम बंगाल की प्रगति को गति देने का अभियान और तेज हुआ है। कुछ ही देर पहले पश्चिम बंगाल के विकास से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। नई रेल सेवाएं पश्चिम बंगाल को मिली हैं।



इन प्रोजेक्ट्स से यहां के लोगों के लिए यात्राएं आसान होंगी और व्यापार-कारोबार भी आसान बनेगा। यहां ट्रैक मेंटेनेंस से जुड़ी जो नई सुविधाएं बनी हैं, उनसे यहां के नौजवानों के लिए नए अवसर बनेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल की इस पावन भूमि से आज भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की तरफ एक और बड़ा कदम उठाया गया है। आज से भारत में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। ये वंदे भारत स्लीपर ट्रेन देशवासियों के लंबे सफर को और आरामदायक, शानदार और यादगार बनाएंगी। पीएम मोदी ने कहा कि देश की ये पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, मां काली की धरती को मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। आने वाले समय में पूरे देश में इस आधुनिक ट्रेन का विस्तार होगा। मैं बंगाल एवं असम के साथ पूरे देश को इस आधुनिक स्लीपर ट्रेन के लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बंगाल को चार और आधुनिक, अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिली हैं। न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोइल अमृत भारत एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुच्चिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, अलीपुर द्वार-बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस, अलीपुर द्वार-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस। इससे बंगाल और खासतौर पर उत्तर बंगाल की दक्षिण और पश्चिम भारत से कनेक्टिविटी और सशक्त होगी। पीएम ने कहा कि आज भारतीय रेल आधुनिक होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी हो रही है। भारत के रेल इंजन, भारत के रेल के डिब्बे, भारत के मेट्रो कोच, ये सब भारत की टेक्नोलॉजी की पहचान बन रहे हैं। आज हम अमेरिका और यूरोप से ज्यादा लोकोमोटिव्स बना रहे हैं। दुनिया के कई देशों को पैसेंजर ट्रेन और मेट्रो ट्रेन के कोच एक्सपोर्ट करते हैं। इन सब के कारण हमारी इकोनॉमी को बहुत लाभ मिलता है और हमारे नौजवानों को बहुत रोजगार मिलता है। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अलावा अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# चुपचाप वार करने जैसा है साइबर अपराध : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** संथाल परगना लंबे समय से साइबर अपराध की काली छाया से जूझता रहा है। जामताड़ा जहां देशभर में साइबर ठगी की पहचान बन चुका है, वहीं उसका पड़ोसी जिला देवघर भी अब इस साइलेंट क्राइम का बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। हालात ऐसे हैं कि लगभग हर दिन साइबर ठगी से जुड़े किसी न किसी आरोपी की गिरफ्तारी देवघर या आसपास के इलाकों से हो रही है। देवघर के पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार मानते हैं कि साइबर अपराध आज के दौर का सबसे खतरनाक और चुपचाप वार करने वाला अपराध है। उनके अनुसार साइबर अपराधी कई बार डकैती, चोरी हत्या जैसे हार्ड क्राइम से भी ज्यादा गंभीर असर छोड़ता है। क्योंकि साइबर क्राइम से पीड़ितों को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक तीनों स्तर पर नुकसान होता है। एसपी सौरभ कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि राज्य में दर्ज हो रहे अधिकाश साइबर अपराधों की जड़ें देवघर और आसपास के जिलों से जुड़ी मिल रही है। शुरुआती जांच में यह बात बार-बार सामने आई है कि ठगी के नेटवर्क में स्थानीय युवाओं की संलिप्तता बढ़ती जा रही है। साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए देवघर पुलिस ने अब मोर्चा पूरी ताकत से संभाल लिया है। लालच, आसान कमाई और फर्जी कॉल संदेश के जरिए लोगों को ठगने वाले बैंक अकाउंट्स पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। साइबर डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीमें ऐसे अपराधियों पर नजर बनाए हुए हैं जो जेल से छूटकर दोबारा इस धंधे में सक्रिय हो चुके हैं। एसपी ने बताया कि जिन थाना क्षेत्रों में साइबर अपराधियों की संख्या ज्यादा पाई गई है वहां के थाना प्रभारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही साइबर अपराध से जुड़े संदिग्धों का सत्यापन तेज कर दिया गया है। पुलिस अब सिर्फ गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि सक्रिय साइबर ठगों की अवैध संपत्तियों पर भी कार्रवाई कर रही है। फिलहाल आठ ऐसे अपराधी चिन्हित किए गए हैं जिन्होंने साइबर ठगी के जरिए करोड़ों रुपए की संपत्ति खड़ी की है। देवघर पुलिस की रणनीति शहर तक सीमित नहीं है। ग्रामीण इलाकों में अभियान चलाकर सरपंचों, मुखियाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी साफ संदेश दिया जा रहा है। पुलिस द्वारा बताया गया है कि अगर किसी ने साइबर अपराधियों को संरक्षण दिया तो उसे भी कानून का सामना करना पड़ेगा।

# जंगल में छिपाकर रखा गया पांच किलो का सिलेंडर बम बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र स्थित सेरेनदाग जंगल में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान जंगल में छिपाकर रखा गया करीब 5 किलो वजनी सिलेंडर बम बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने यह शक्तिशाली बम सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के इरादे से लगाया था। यदि समय रहते इसका पता नहीं चलता तो बड़ा हादसा हो सकता था। बम की बरामदगी के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ा दी गई है। सशस्त्र सीमा बल 35वीं वाहिनी एफ के उप कमांडेंट नीरज कुमार सिंह ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर जिला पुलिस के सहयोग से सेरेनदाग जंगल में संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान जवानों की नजर जमीन में छिपाए गए संदिग्ध वस्तु पर पड़ी। जांच करने पर वह सिलेंडर बम निकला। तत्काल पूरे क्षेत्र को सुरक्षित कर बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए बम को निष्क्रिय किया गया। इस पूरे अभियान में प्रभारी विजय पाल, अन्य सुरक्षा जवानों के अलावा हेरहंज थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया भी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि बम बेहद खतरनाक था और इसे विशेष सावधानी के साथ निष्क्रिय किया गया। गौरतलब है कि लातेहार जिले में लगातार चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों के कारण नक्सली गतिविधियां काफी हद तक कमजोर पड़ी है। बीते कई महीनों से इस तरह की कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई थी। ऐसे में अचानक सिलेंडर बम की बरामदगी से पुलिस और सुरक्षा बल चौकन्ने हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि नक्सली एक बार फिर अपनी मौजूदगी दर्ज कराना चाह रहे होंगे।

# जालान अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत

## परिजनों ने इलाज में लापरवाही और अवैध वसूली का लगाया आरोप, किया हंगामा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जिले के एशियन जालान अस्पताल में एक गर्भवती महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही और अवैध वसूली का आरोप लगाया है। सरायढेला निवासी नारायण निषाद की पत्नी किरण देवी को लगभग एक सप्ताह पहले प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। शनिवार को बच्चे के जन्म से पहले ही उनकी मौत हो गई। मृतका के भाई सुशील निषाद ने बताया कि उनकी बहन पिछले सात दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं। डॉक्टरों ने पहले ऑपरेशन की सलाह दी थी लेकिन बाद में पेट सुन्न होने का हवाला देते हुए सामान्य प्रसव का प्रयास करने की बात कही। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर 36 घंटे तक स्थिति को टालते रहे। शनिवार को जब डिस्चार्ज के कागजात तैयार किए जा रहे थे तभी अचानक मरीज की हालत बिगड़ने की बात कहकर उसे आईसीयू में स्थानांतरित कर



दिया गया। परिजनों ने डॉक्टरों से बाहर के किसी वरिष्ठ चिकित्सक को बुलाने का अनुरोध किया था और उसका खर्च स्वयं वहन करने की पेशकश की थी। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने स्वयं इलाज करने का दावा किया जिसके बाद महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि मरीज की नाजुक स्थिति के बावजूद प्रबंधन की ओर से 50 हजार रुपए जमा करने का दबाव बनाया जा रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि किरण देवी को एक गंभीर मामले के रूप में भर्ती कराया गया था ताकि जच्चा-बच्चा दोनों को बचाया जा सके। उन्होंने अस्पताल की प्रबंधन व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान चैरिटी के लिए स्थापित किया गया था लेकिन यहां गरीब मरीजों से पैसे के लिए दबाव बनाना अनुचित है। उन्होंने मामले की जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रबंधन से बात करने का आश्वासन दिया। इधर एशियन जालान अस्पताल के डॉ. राजन ने बताया कि मरीज पहले से ही डिप्रेशन में थी। गायनकोलोजिस्ट, न्यूरो के चिकित्सक भी लगातार मरीज की स्थिति पर निगरानी रख रहे थे। महिला के पेट में पल रहे बच्चे की मौत पहले ही हो चुकी थी। मरीज को काफी गंभीर स्थिति में यहां भर्ती किया गया था। पैसे का दबाव बनाने का आरोप बेबुनियाद है। परिजन को अस्पताल प्रबंधन ने 90 हजार रुपये का डिस्काउंट भी दिया है।

### वनाधिकार से संबंधित मामलों की समीक्षा के लिए बैठक

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** पूरा झारखंड इन दिनों जंगली हाथियों के हमले का दंश झेल रहा है। गढ़वा जिला भी इससे अछूता नहीं है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में अबतक सैंकड़ों लोगों की जान चली गई है जबकि हाथियों के झुंड को भी नुकसान पहुंचा है। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली हाथियों के बढ़ते प्रकोप से उत्पन्न समस्याओं के समाधान तथा वनाधिकार से संबंधित मामलों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान जिला के संवेदनशील एवं प्रभावित क्षेत्रों में हाथी-मानवीय संघर्ष की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। इस क्रम में जन-धन की क्षति, फसलों एवं आवासों को होने वाले नुकसान और इन समस्याओं के स्थायी एवं प्रभावी समाधान को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही हाथियों के सुरक्षित विचरण के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, जनजागरूकता अभियानों तथा त्वरित राहत एवं नियंत्रण उपायों पर भी चर्चा की गई।


# सोमा मुंडा की हत्या के खिलाफ झारखंड बंद का मिलाजुला असर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** आदिवासी नेता सोमा मुंडा की हत्या के खिलाफ आदिवासी संगठनों के झारखंड बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला। खूंटी और चाईबासा में सुबह होते ही बंद समर्थक सड़कों पर उतर गये और ट्रैफिक सिस्टम को ठप कर दिया। वहीं दिन चढ़ते ही कई अन्य जिलों में भी बंद समर्थक सड़कों पर आ गये। इसकी वजह से आम यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। सबसे ज्यादा खराब स्थिति जमशेदपुर-रांची एनएच पर दिखी। इसकी वजह से टोल प्लाजा के दोनों ओर एनएच पर हजारों गाड़ियां जाम में फंस गई। एनएच पर जाम का सिलसिला करीब 5 घंटे तक चला। सुबह करीब 11 बजे प्रदर्शनकारी टोल प्लाजा पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। इसकी वजह से जाम लग गया। इस दौरान बुंडू के एसडीएम, डीएसपी, सीओ और थाना प्रभारी लोगों को समझाते रहे। अंत में करीब 5 घंटे बाद



3 बजकर 20 मिनट के करीब प्रदर्शनकारी टोल प्लाजा से हट गये लेकिन पांच घंटे तक जाम की वजह से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। आम यात्री पानी और भोजन के लिए तरसते रहे। क्योंकि बुंडू नगर पंचायत की दुकानें बंद थीं। हालांकि इस दौरान सिर्फ एंबुलेंस और सेना की गाड़ी को जाने दिया जा रहा था। बुंडू टोल प्लाजा पर जाम लगते ही बुंडू के एसडीएम क्रिस्टोफर कुमार बेसरा, डीएसपी ओमप्रकाश, थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, अंचल अधिकारी हंस हेंब्रम पुलिस फोर्स के साथ वहां पहुंच गये थे। इस दौरान बंद समर्थकों को लगातार समझाने की कोशिश की जाती रही। लोगों को समझाने में करीब 5 घंटे लग गये तबतक यात्री जाम में फंसे रहे। एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों ने एक ज्ञापन दिया है। सोमा मुंडा के परिवार को सरकारी नौकरी देने, फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए अपराधियों को सजा दिलाने, पांच करोड़ रुपये बतौर मुआवजा देने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि मांगों से सरकार को अवगत कराया जाएगा। बता दें कि 7 जनवरी को खूंटी में जमुवादाग के पास आदिवासी नेता सोमा मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों ने 8 जनवरी को खूंटी बंद किया था, जिसका व्यापक असर दिखा था। खूंटी पुलिस इस मामले सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने हत्या के पीछे जमीन विवाद को कारण बताया था लेकिन आदिवासी संगठनों का कहना है कि अबतक शूटर और मुख्य साजिशकर्ता की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई है।



CMYK

# महिला को हाईवा ने कुचला, मौके पर मौत, 12 घंटे तक सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह गांव में सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मॉर्निंग वॉक पर निकली 50 वर्षीय महिला तेतरी देवी (पति—तीलोकी साव) को एक अज्ञात हाईवा वाहन ने कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा उनके घर से लगभग 200 फीट की दूरी पर हुआ।

घटना के बाद चालक हाईवा लेकर फरार हो गया। भागने के दौरान हाईवा ने नाली और स्ट्रीट लाइट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने 13 माइल के पास सड़क जाम कर मुआवजे की मांग शुरू कर दी। सड़क जाम के कारण एनटीपीसी की हाईवा से कोयला परिवहन व्यवस्था ठप हो गई। समाचार लिखे जाने तक करीब 12 घंटे तक सड़क जाम रहा, जिससे कंपनी के साथ-साथ आम लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर कोयला ढोने वाली लगभग 125 हाईवा वाहनों की लंबी कतार देखी गई। सूचना पाकर आदित्य पांडे सड़क जाम स्थल पर पहुंचे और मृतका के परिजनों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। एसडीओ के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा। मामले में मनोज कुमार ने बताया कि एनटीपीसी द्वारा मृतका के परिजनों को सोमवार को 8 लाख का चेक दिया जाएगा, साथ ही परिवार के दो सदस्यों को नौकरी भी प्रदान की जाएगी। वहीं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सभी मदों को मिलाकर मृतका के परिजनों को कुल साढ़े 10 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। सड़क जाम स्थल पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा सहित कई प्रबुद्ध लोग पहुंचे और परिजनों को न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत रहे।

# झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने हजारीबाग सिविल कोर्ट का किया अवलोकन

नवीन सिन्हा



**हजारीबाग।** माननीय झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के मुख्य न्यायाधीश महेश शरदचंद्र सोनक ने जिला भ्रमण के क्रम में शनिवार को हजारीबाग सिविल कोर्ट का निरीक्षण एवं अवलोकन किया।

सिविल कोर्ट परिसर में आगमन पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीजे) हजारीबाग रंजीत कुमार द्वारा पौधा भेंट कर माननीय मुख्य न्यायाधीश का आत्मीय एवं सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इसके पश्चात पुलिस बल द्वारा उन्हें विधिवत गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय मुख्य न्यायाधीश ने सिविल कोर्ट परिसर, न्यायिक कार्यप्रणाली तथा उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने त्वरित एवं प्रभावी न्याय वितरण सुनिश्चित करने, न्यायालयीन अनुशासन बनाए रखने तथा अधीनस्थ न्यायालयों की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के महानिबंधक सत्य प्रकाश सिन्हा, हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में समाहरणालय प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन

- उपायुक्त ने स्वयं रक्तदान किया तथा मौके पर उपस्थित रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया
- वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का उचित अनुपालन करें : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज समाहरणालय प्रांगण में सड़क सुरक्षा समिति और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य है लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियम, हेलमेट का उपयोग, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के संबंध में जागरूक करना। साथ ही बताया गया कि रक्तदान महादान है, इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करना चाहिए।

इस दौरान उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने स्वयं रक्तदान किया तथा मौके पर उपस्थित रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। साथ ही रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरो को उपहार के रूप में हेलमेट प्रदान किया गया। इस दौरान कुल 105 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों पुलिस अधिकारियों समाज सेवी संस्थाओं युवाओं के द्वारा रक्तदान किया गया तथा सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों का उचित अनुपालन, हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि दुर्घटना की वजह से घायल या बीमारी की वजह से रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति को, रक्त मिलने से उस व्यक्ति का जीवन बच पाता है। साथ ही सभी से रक्तदान करने की अपील की और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि गिरिडीह जिले में खून की कमी से किसी की मौत न हो, जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में समय समय पर जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिकाधिक संख्या में रक्त का संग्रह किया जाय और जरूरतमंद लोगों को सही समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाय। इसके लिए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों कर्मियों रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों और अन्य संबंधित कर्मियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी गिरिडीह जिला प्रशासन रक्तदान को लेकर निरंतर बेहतर कार्य करता रहेगा ताकि जिले में रक्त की कमी न हो पाएं। ऐसे में उपायुक्त ने जिलेवासियों से जरूरतमंदों के काम आने के लिए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आने की भी अपील की। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात के नियम के संबंध में जागरूक करने हेतु हेलमेट का वितरण किया गया इसके अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि लोगों को सड़क सुरक्षा प्रबंधन, हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग, यातयात नियमों का उचित अनुपालन समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारिया उपलब्ध कराई जा सकें। इसी क्रम में आज समाहरणालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसके माध्यम से लोगों के द्वारा रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने रक्तदान को सुरक्षित बताते हुए इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह हृदय स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। आगे उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि एक-दूसरे की जान बचाने की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने जिले के सभी वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा माह के दौरान हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में इस्कॉन गुरुओं का प्रेरणादायी उद्बोधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही, हजारीबाग।** बरही प्रखंड के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को इस्कॉन के प्रतिष्ठित गुरुओं का आगमन हुआ। इस अवसर पर इस्कॉन गुरु डॉ. अनिल गोंडे, डॉ. केशवानंद दास एवं हैदराबाद से आए राजू सिंह (मैनेजर) ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया।

गुरुओं ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में संस्कार, अनुशासन और आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि केवल शैक्षणिक सफलता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अच्छे चरित्र, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों का विकास भी उतना ही आवश्यक है।

# उपायुक्त के नाम से फर्जी व्हाट्सएप बनाकर ठगी का प्रयास, जिला प्रशासन ने किया अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के नाम से फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर अधिकारियों एवं आम नागरिकों से अवैध रूप से पैसे की मांग किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में हजारीबाग जिला प्रशासन ने आमजन को सतर्क रहने की अपील की है।

जिला प्रशासन के अनुसार, उक्त फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल से संपर्क के लिए उपयोग किए जा रहे मोबाइल नंबर +84564952162 एवं +84823486196 पूरी तरह से फर्जी हैं। इन नंबरों का जिला प्रशासन से कोई संबंध नहीं है और न ही प्रशासन इस प्रकार की किसी भी मांग या संचार की पुष्टि करता है। नागरिकों से अपील की गई है कि ऐसे किसी भी कॉल, संदेश या व्हाट्सएप मैसेज पर विश्वास न करें और किसी भी प्रकार का भुगतान न करें।

यदि किसी व्यक्ति को इस तरह का कॉल या संदेश प्राप्त होता है, तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय थाना, साइबर सेल अथवा जिला प्रशासन को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जा सके।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों एवं अधिकारियों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, अफवाहों से बचें और इस महत्वपूर्ण सूचना को अधिक से अधिक लोगों तक साझा करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार न हो।

# ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, दारू में 20वां स्थापना दिवस सह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

- खेलकूद से होता है विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक व नैतिक विकास : बजरंग कुमार सहायक, निदेशक
- शिक्षा के साथ खेल आवश्यक, इससे बढ़ता है आत्मविश्वास : जितेंद्र भूषण प्रसाद, प्रधानाचार्य



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, दारू में विद्यालय के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय की स्थापना 16 जनवरी 2006 को हुई थी।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, कलर रेस, मैथ रेस, स्नेक रेस, इन-आउट रेस, चेयर रेस, फ्रॉग रेस सहित कई खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में उज्ज्वल, सुमित, जिया, नयन, सचिन, निक्की, शिवा, अभिराज, आदित्य, शिया, रवि, रिया, प्रनिता, आयांश, तनिष, मो. सोहेब, आरुहिद, बदल आर्यन, मयंक, आकांक्षा, बाल्मीकि सहित अन्य बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में सफलता हासिल की। विद्यालय के निदेशक बजरंग कुमार सहाय ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। खेल अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रधानाचार्य जितेंद्र भूषण प्रसाद ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। वरिष्ठ शिक्षिका मंजू सहाय ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना विकसित होती है और वे हार-जीत को सकारात्मक रूप से स्वीकार करना सीखते हैं।

# उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने समाहरणालय परिसर से जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने जिला सांख्यिकी कार्यालय के सौजन्य से जन्म मृत्यु निबंधन को लेकर जिले में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मौके पर अपर समाहर्ता बिजय सिंह बीरूआ एवं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जितेंद्र कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे मौके पर उप विकास आयुक्त, स्मृता कुमारी ने कहा कि जिले के सभी लोगों का जन्म-मृत्यु शत प्रतिशत हो सके, इसी उद्देश्य के तहत जागरूकता रथ को रवाना किया गया है, जो लोगों को जन्म-मृत्यु निबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ जन्म-मृत्यु निबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी भी देगा। उन्होंने कहा कि परिवार में हुई प्रत्येक जन्म या मृत्यु की घटना का पंजीकरण कराना कानूनी आवश्यक है, जिसके लिए प्रत्येक जन्म या मृत्यु के घटना होने के 21 दिनों तक निःशुल्क करवा सकते हैं। समय पर पंजीयन करवाने से भविष्य में होने वाले परेशानियों एवं झंझटों से आप बच सकते हैं। जन्म रजिस्ट्रेशन का रिकॉर्ड, जन्मस्थान एवं जन्मतिथि का कानूनी प्रमाण होता है। उपायुक्त ने कहा कि जन्म मृत्यु की घटनाओं का निर्धारित समय सीमा के अंदर के अलावा विलंब होने की स्थिति में भी रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकते है, जिसके लिए विलंब शुल्क एवं सक्षम प्राधिकार की अनुमति आवश्यक है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जन्म एवं मृत्यु का निबंधन बहुत जरूरी है, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के विभिन्न प्रकार के कार्यों में इसकी अनिवार्यता होती है, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिव एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यपालक पदाधिकारी स्थानीय निबंधक होते हैं वहीं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया का यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों, नगर निकायों के विभिन्न स्थानों में घूम घूम कर लोगों के बीच जन्म मृत्यु निबंधन की अनिवार्यता एवं इसके फायदे से जागरूक करेगा उल्लेखनीय है कि 21 दिन से अधिक किंतु 30 दिन के भीतर विलंब होने पर अधिनियम की धारा 13 (1) के तहत रजिस्ट्रार के आदेश के पश्चात सूचक सूचनादाता द्वारा निर्धारित फीस जमा करने के बाद रजिस्ट्रेशन किया जाता है।

# पुलिस अधीक्षक गिरिडीह की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गिरिडीह में पुलिस अधीक्षक गिरिडीह की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी पुलिस उपाधीक्षक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, थाना ओ०पी० शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विगत माह में प्रतिवेदित काण्डों की समीक्षा की गई एवं त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त विगत 03 माह में गंभीर श्रेणी के अपराधिक घटनाओं की समीक्षा की गई। महिला से संबंधित अपराध के काण्डों की समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। विगत माह में जेल से छुटे अपराधियों के अलावा आर्म्स एक्ट संपत्तिमूलक काण्डों में शामिल अपराधियों का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतू निर्देशित किया गया है।

# थाना परिसर में नाजायज मजमा व पुलिस से धक्का-मुक्की, पाँच अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना परिसर गेट के समीप लगभग 20-25 लोगों द्वारा नाजायज मजमा बनाकर आपस में झगड़ा-झंझट किए जाने का मामला सामने आया। ड्यूटी पर तैनात ओडी पदाधिकारी द्वारा बीच-बचाव किए जाने पर कुछ व्यक्तियों ने उनसे तथा पुलिसकर्मियों से उलझते हुए धक्का-मुक्की शुरू कर दी, जिससे थाना परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

उक्त घटना के संबंध में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कोर्रा थाना में कांड संख्या 09/26 (दिनांक 17.01.2026) के तहत धारा 115(2)/126(2)/ 132/ 189/190/191/221 बीएनएस में प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस ने मामले के प्राथमिक अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम इस प्रकार हैं— जोधन महतो उर्फ राकेश मेहता, पिता—स्व. प्रण महतो, दिव्यांशु कुमार, पिता—जोधन महतो, अशोक कुमार मेहता, पिता—स्व. प्रण महतो, सुरेंद्र प्रसाद मेहता, पिता—स्व. प्रण महतो, (सभी—ग्राम कुरहा, थाना इचाक, जिला हजारीबाग), अनुभव कुमार मेहता, पिता—कुलदीप मेहता, (ग्राम कुटी पी.सी., थाना पद्मा, जिला हजारीबाग), पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल अन्य अज्ञात व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध भी विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि थाना परिसर में हंगामा, सरकारी कार्य में बाधा तथा पुलिसकर्मियों से दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पप्पू ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

**पुलिस दोषियो को जल्द गिरफ्तार करें**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई पप्पु कुमार साव पिता स्वछ चद्री साव निवासी ग्राम बडकी गली, गुमो, पोस्ट-झुमरी तिलैया, थाना-तिलैया, जिला-कोडरमा का स्थाई निवासी हूँ।

तिलैया थाना काण्ड संख्या-140/2025 का में सूचक हूँ और इस केस के अभियुक्त दिव्या कुमारी तथा मुकेश शार्मा उर्फ निरंजन ठाकुर की गिरफ्तारी के जाँच के क्रम में पुलिस के साथ मैं भी था इसी दौरान हमलोगों की मुलाकात एक छः वर्ष की बच्ची मुस्कान कुमारी से हुई पुछताछ से पता चला कि दिव्या कुमारी तथा मुकेश शर्मा उर्फ निरंजन ठाकुर ने उसकी माँ को राजस्थान, जयपुर में मुकेश कुमार यादव के हाथ में बेच दिया और मुस्कान कुमारी को भी बेचने के उद्देश्य से अपने पास रखे हुए है। वर्तमान में वह बच्ची गीता देवी, मो० न0-8084178326 तथा बिरजू विश्वकर्मा, मो0 नं0-9262330395 तथा फुलमनी देवी, निवासी बड़की टांड, लक्ष्मण मोड़, थाना-निमियाघाट, जिला-गिरिडीह है, बच्ची काफी डरी हुई थी उसके साथ काफी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना किया जा रहा है बच्ची इतनी छोटी है कि वह अपनी बचाव में कुछ नहीं कर सकती है और काफी मानसिक तनाव सेप्रशासन भी चुपी साधे हुए है जबकि छह वर्ष की मुस्कान की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। पप्पू कुमार साव ने पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना कि जल्द से जल्द बच्ची को सुरक्षा प्रदान करने की जाय और मुस्कान कुमारी को उसके मां से मिलाया जाए और इसमें दोषी लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# नाइजर से बगोदर सुरक्षित लौटे पीड़ित मजदूरों से आजसू प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

- मजदूरों को झारखंड में रोजगार दे सरकार
- पलायन की पीड़ा को कम करना संकल्प : संजय मेहता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नाइजर अपहरण मामले में आज आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल गिरिडीह जिले के बगोदर पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल ने दोंदलों पंचायत के राजू महतो, फलजीत महतो, चंद्रिका महतो, संजय महतो एवं मुंडरो पंचायत के उत्तम महतो से मुलाकात की तथा उनके परिजनों से भी भेंट कर उनका हाल-चाल जाना गौरतलब है कि 25 अप्रैल 2025 को पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर में इन पाँचों भारतीय मजदूरों का अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन द्वारा अपहरण कर लिया गया था।

इस गंभीर और संवेदनशील मामले के सामने आते ही आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने विदेश मंत्रालय, नाइजर स्थित भारतीय दूतावास तथा दिल्ली स्थित नाइजर दूतावास से लगातार संपर्क स्थापित किया। इस क्रम में उन्होंने दिल्ली जाकर नाइजर दूतावास में ज्ञापन भी सौंपा और सतत वार्ता की। साथ ही, इस मानवीय संकट के समाधान हेतु एक अफ्रीकी एनजीओ की सहायता भी ली गई अपहरणकर्ता इन मजदूरों को आठ माह 11 दिन तक अपने चंगुल में रखे हुए थे। निरंतर और सफल वार्ता के बाद अंततः सभी मजदूरों को रिहा कराया गया। मुंबई में स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक औपचारिकताओं के पश्चात अब सभी मजदूर सुरक्षित अपने-अपने घर पहुँच चुके हैं।आजसू पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात के दौरान सभी मजदूरों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके साहस, धैर्य एवं संयम की सराहना करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया।

# झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने हजारीबाग के बरही क्षेत्र में केज कल्चर का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश महेश शरदचंद्र सोनक ने शुक्रवार, 17 जनवरी को हजारीबाग भ्रमण के दौरान बरही क्षेत्र के जलाशय में मत्स्य पालन हेतु स्थापित केज कल्चर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में माननीय मुख्य न्यायाधीश ने संपूर्ण केज संरचना का अवलोकन किया तथा मत्स्य पालकों से संवाद स्थापित कर उनकी कार्यप्रणाली और अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने केज कल्चर पद्धति से किए जा रहे मत्स्य पालन की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण आजीविका संवर्धन और मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। माननीय मुख्य न्यायाधीश ने मत्स्य पालकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तकनीक से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मछलियों को दाना भी खिलाया और मत्स्य पालकों को उनके कार्य में निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हजारीबाग के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार, जिला न्यायालय के अधिकारीगण तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

# सही निर्णय और सही विद्यालय बच्चों का भविष्य तय करता है : प्राचार्य डॉ. आशुतोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही, हजारीबाग।** बरही स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रथम नामांकन परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। विभिन्न कक्षाओं में नामांकन हेतु बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया।

परीक्षा के दौरान पारदर्शिता, समय-पालन और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल एवं मार्गदर्शन डेस्क की समुचित व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं की अभिभावकों ने भी सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उद्देश्य से नामांकन प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'सही समय पर बच्चों के लिए सही विद्यालय का चयन और उचित लालन-पालन उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है।' प्राचार्य ने यह भी बताया कि आवश्यकता पड़ने पर आगे भी नामांकन परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसकी जानकारी विद्यालय की आधिकारिक सूचना-पट्टिका एवं वेबसाइट के माध्यम से समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल अभ्यर्थियों को अग्रिम शुभकामनाएँ दीं तथा अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे आगामी सूचनाओं पर सतत ध्यान बनाए रखें।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बगोदर में आंगनबाड़ी केंद्र का किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह, बगोदर**। गेल इंडिया कंपनी के द्वारा सुदृढ़ीकरण किए गए बगोदर के आंगनबाड़ी केंद्र का शनिवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने उद्घाटन किया। इस मौके पर बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, गेल इंडिया कंपनी के मुख्य प्रबंधक अनिल कुमार झा, बीडीओ निशा कुमारी, सीओ प्रवीण कुमार, प्रमुख आशा राज आदि उपस्थित थे।

इस मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि गेल इंडिया लिमिटेड के सीएसआर फंड से बगोदर प्रखंड क्षेत्र के कुल 20 आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण किया जाना है। फिलहाल पांच आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

**आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाया जाएगा**

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आगे कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल और बेहतर बनाना है। इसके लिए विभिन्न कंपनियों के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी कंपनियों के द्वारा कई स्कूलों में चहारदीवारी निर्माण, भवन निर्माण, ओपन जीम, आरओ आदि की व्यवस्था करायी गई है, जो काफी सराहनीय है।

**दिव्यांगों के बीच उपकरणों का वितरण**

वहीं इस दौरान कोडरमा सांसद ने सेंट्रल कोल फिल्डस लिमिटेड के सीएसआर फंड से दिव्यांगों के बीच सहायक उपकरणों का भी वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों के चेहरे पर काफी खुशी देखी गई।

वहीं मौके पर विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। उन्हें सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सरकार गंभीर है। प्रयास है कि क्षेत्र की समस्या का समाधान हो और समाज के अंतिम पायदान पर रहने वालों का विकास हो। इसके लिए सरकार के द्वारा नल-जल योजना, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना आदि योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के वंचित लोगों को व्यवस्था मुहैया करायी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि महेश मिश्रा ने किया। मौके पर भाजपा के संजय चौरसिया, जिबलाल महतो, प्रयाग मंडल, राजू सिंह, रवि सिंह, धनंजय सिंह, सोनू सिंह, गोल्डन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका-सहायिका उपस्थित थीं।

# झारखंड में आज से बदलेगा मौसम, ठंड से मिलेगी थोड़ी राहत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। झारखंड के मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। इस बीच राहत भरी खबर आई है। रविवार से तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। इससे कंपाती ठंड से राहत मिलेगी। आने वाले दिनों में न्यूनतम पारा में 3-5 डिग्री तक बढ़ोतरी की संभावना है। फिलहाल ज्यादातर जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे है। वैसे मौसम केंद्र ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मौसम में ठंड से बचाव को लेकर थोड़ी भी कोताही स्वास्थ्य के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है।

**न्यूनतम पारा में उतार चढ़ाव का दौर**

मौसम केंद्र, रांची की ओर से 17 जनवरी को जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों में सबसे कम पारा गुमला में रिकॉर्ड हुआ है। यहां का न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री रहा है। न्यूनतम तापमान के मामले में खूंटी जिला दूसरे स्थान पर है। यहां का तापमान 4.3 डिग्री रहा है। इसके अलावा हजारीबाग में 4.9 डिग्री, डाल्टनगंज में 5.4 डिग्री, लोहरदगा में 5.5 डिग्री, रांची में 7.2 डिग्री, बोकारो में 7.2 डिग्री, सरायकेला में 8.1 डिग्री, चाईबासा में 8.6 डिग्री, पाकुड़ में 8.6 डिग्री, जमशेदपुर में 9.2 डिग्री और लातेहार में 9.4 डिग्री दर्ज हुआ है।

**अधिकतम तापमान में सुधार**

मौसम केंद्र के मुताबिक ज्यादातर जिलों के अधिकतम तापमान में सुधार देखने को मिला है। ऐसे सात जिले हैं, जहां का अधिकतम पारा 25 डिग्री या उससे ऊपर है। इनमें जमशेदपुर, डाल्टनगंज, बोकारो, चाईबासा, पाकुड़, सरायकेला और सिमडेगा जिला शामिल हैं। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 25 डिग्री के नीचे है। सबसे ज्यादा लातेहार में ठंड महसूस की जा रही है। क्योंकि यहां के अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान के बीच का गैप कम हो गया है। लातेहार का अधिकतम तापमान 18.3 डिग्री है तो न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री।

**18 जनवरी को दिनभर मौसम शुष्क रहने की संभावना**

मौसम केंद्र का कहना है कि रविवार यानी 18 जुलाई की सुबह राज्य में कहीं-कहीं हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है। लेकिन दिनभर मौसम शुष्क रहेगा। अच्छी धूप निकलेगी। सब्जियों की फसल को पाले से बचाने के लिए खरपतवार या प्लास्टिक से ढंकना अच्छा रहेगा। ज्यादा ठंड की वजह से मवेशियों के बाड़े में अलाव जलाने के साथ-साथ जूट के बोरे ओढ़ाने की सलाह दी गई है। आलू की फसल को पाले से बचाने के लिए मेटा लेक्सिन और मेनको जैव के मिश्रण का छिड़काव जरूरी है।

# हरिजन एक्ट मामले में सांसद ढुल्लू महतो केस से रिहा, सुलह के आधार पर अदालत का फैसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद**। करीब छह साल पुराने एससी-एसटी एक्ट के मामले में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो एवं शिकायतकर्ता सोनाराम मांझी एमपी एमएलए कोर्ट में उपस्थित हुए। दोनों के बीच हुए आपसी समझौते के तहत शनिवार को अदालत ने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो को केस से रिहा कर दिया है। ढुल्लू महतो के विधायक रहते यह मामला दर्ज हुआ था। धनबाद न्यायालय पहुंचे सांसद ने कहा कि राजनीति प्रतिशोध के कारण हम पर कई मुकदमे किए गए थे, जो एक-एक कर खत्म हो रहे हैं।

**सांसद समेत छह आरोपियों को कोर्ट ने केस से किया रिहा**

अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने



कहा कि सोनाराम मांझी के द्वारा ढुल्लू महतो के ऊपर हरिजन एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया गया था। लेकिन हरिजन अत्याचार का मामला लागू नहीं हुआ है। इस मामले में सुलह हो गई है। सुलह के साथ-साथ साक्ष्य नहीं मिलने के आधार पर सभी 6 आरोपियों को अदालत ने रिहा कर दिया है। उन्होंने कहा कि 6 साल पूर्व ढुल्लू महतो के विधायक रहते हुए यह मामला दर्ज हुआ था।

**विरोधियों के द्वारा मुकदमा लगाया गया थाः ढुल्लू महतो**

वहीं, सांसद ढुल्लू महतो ने कहा सीधे-साधे सोनाराम मांझी के द्वारा विरोधियों ने मामला दर्ज करवाया था। उनके द्वारा आज मामले को सुलह करा लिया गया है। सांसद ने कहा कि न्यायालय पर उन्हें पूरा भरोसा है, इसलिए न्याय मिल रहा है और आगे भी न्याय मिलेगा। वहीं डुमरी विधायक जयराम महतो द्वारा सांसद पर दिए बयान पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि भगवान श्री राम के भक्त पर जो गलत टिप्पणी करते हैं, उसपर भगवान विचार करते हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद में जो विकास के कार्य रुके हुए थे, वह सभी कार्य धरातल पर उतरेगा।

## दो मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। साथ ही चोरी की मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि 5-6 दिन पूर्व पापु गांव से एक मोटरसाइकिल की चोरी का मामला सामने आया था। जिसमें प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वही गुप्त सूचना के आधार पर महादेव जी गांव में छापेमारी की गई, जहां से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो चोर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में महादेव बिगहा गांव निवासी नागमणि कुमार एवं गयाजी जिला के बेलागंज थाना क्षेत्र के साकिर बिगहा गांव निवासी अजीत कुमार शामिल है।

# देवघर बना साइबर ठगों का हॉटस्पॉट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर**। संथाल परगना लंबे समय से साइबर अपराध की काली छाया से जूझता रहा है। जामताड़ा जहां देशभर में साइबर ठगी की पहचान बन चुका है, वहीं उसका पड़ोसी जिला देवघर भी अब इस साइलेंट क्राइम का बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। हालात ऐसे हैं कि लगभग हर दिन साइबर ठगी से जुड़े किसी न किसी आरोपी की गिरफ्तारी देवघर या आसपास के इलाकों से हो रही है।

**साइबर अपराध चुपचाप वार जैसा अपराध बन गया है : एसपी**

देवघर के पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार मानते हैं कि साइबर अपराध आज के दौर का सबसे खतरनाक और चुपचाप वार करने वाला अपराध है। उनके अनुसार साइबर अपराधी कई बार डकैती, चोरी हत्या जैसे हार्ड क्राइम



से भी ज्यादा गंभीर असर छोड़ता है। क्योंकि साइबर क्राइम से पीड़ितों को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक तीनों स्तर पर नुकसान होता है।

**साइबर अपराध नेटवर्क में लोकल युवाओं की तादाद बढ़ रही हैः एसपी**

एसपी सौरभ कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि राज्य में दर्ज हो रहे अधिकांश साइबर अपराधों की जड़ें देवघर और आसपास के जिलों से जुड़ी मिल रही है। शुरुआती जांच में यह बात बार-बार सामने आई है कि ठगी के नेटवर्क में स्थानीय युवाओं की संलिप्तता बढ़ती जा रही है। साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए देवघर पुलिस ने अब मोर्चा पूरी ताकत से संभाल लिया है। लालच, आसान कमाई और फर्जी कॉल-संदेश के जरिए लोगों को ठगने वाले बैंक अकाउंट्स पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

साइबर डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीमें ऐसे अपराधियों पर नजर बनाए हुए हैं, जो जेल से छूटकर दोबारा इस धंधे में सक्रिय हो चुके हैं। एसपी ने बताया कि जिन थाना क्षेत्रों में साइबर अपराधियों की संख्या ज्यादा पाई गई है, वहां के थाना प्रभारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही साइबर अपराध से जुड़े संदिग्धों का सत्यापन तेज कर दिया गया है। पुलिस अब सिर्फ गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि सक्रिय साइबर ठगों की अवैध संपत्तियों पर भी कार्रवाई कर रही है। फिलहाल आठ ऐसे अपराधी चिन्हित किए गए हैं, जिन्होंने साइबर ठगी के जरिए करोड़ों रुपए की संपत्ति खड़ी की है।

**जनप्रतिनिधि साइबर के खिलाफ पुलिस की करें सहयोगः एसपी**

देवघर पुलिस की रणनीति शहर तक सीमित नहीं है। ग्रामीण इलाकों में अभियान चलाकर सरपंचों, मुखियाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी साफ संदेश दिया जा रहा है। पुलिस द्वारा बताया गया है कि अगर किसी ने साइबर अपराधियों को संरक्षण दिया, तो उसे भी कानून का सामना करना पड़ेगा। पुलिस चाहती है कि गांव स्तर पर ही ऐसे लोगों को समझाया जाए और अपराध की जड़ों को वहीं काट दिया जाए।

# जंगली हाथियों और मानवीय द्वंद्व को लेकर जिला प्रशासन की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गढ़वा**। पूरा झारखंड इन दिनों जंगली हाथियों के हमले का दंश झेल रहा है, गढ़वा जिला भी इससे अछूता नहीं है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में अबतक सैंकड़ों लोगों की जान चली गई है जबकि हाथियों के झुंड को भी नुकसान पहुंचा है।

जिला के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली हाथियों के बढ़ते प्रकोप से उत्पन्न समस्याओं के समाधान तथा वनाधिकार से संबंधित मामलों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान जिला के संवेदनशील एवं प्रभावित क्षेत्रों में हाथी-मानवीय संघर्ष की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई।

इस क्रम में जन-धन की क्षति, फसलों एवं आवासों को होने वाले नुकसान और इन समस्याओं के स्थायी एवं प्रभावी समाधान को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, हाथियों के सुरक्षित विचरण के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, जनजागरूकता अभियानों तथा त्वरित राहत एवं नियंत्रण उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वन एवं मानव जीवन के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जनहित में ठोस एवं व्यवहारिक निर्णय लेना रहा, ताकि भविष्य में हाथी-मानव संघर्ष की घटनाओं में कमी लाई जा सके।

इस मौके पर डीसी ने कहा कि गढ़वा सहित इन दिनों पूरे राज्य में जंगली हाथियों का मूवमेंट ज्यादा हो गया है। अक्सर देखा जाता है कि जंगली इलाकों में बिजली की तार के संपर्क में आने से उनकी मौत हो रही है। वहीं जंगली इलाकों में कई इंसानों को भी जंगली हाथियों के द्वारा मारा गया है। जिसको लेकर एक टीम बनाई गयी है।

डीसी दिनेश यादव ने बताया कि इस बैठक में अंचल अधिकारी, वन विभाग और संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक के माध्यम से इस मुद्दे पर जोर दिया गया कि अक्सर बिजली की नंगी तारों के संपर्क में आने से जंगली हाथियों की मौत होती है। इसके लिए अभियंता का निर्देशित किया गया है कि बिजली के तारों की ऊंचाई को सुनिश्चित करें, जिससे हाथी उन तारों से गुजर न सके या उनके संपर्क में न आ सकें। इसके साथ ही घनी आबादी और रिहायशी इलाकों में हाथी घुस आते हैं। ऐसे में उनसे बचाव या उन्हें दूर भगाने के लिए प्रभावित इलाके के लोगों के बीच मिर्च पाउडर, टॉर्च लाइट समेत अन्य सामग्री वितरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा गढ़वा डीसी ने जनता से भी सजग रहने की अपील की है।


वहीं डीएफओ एबीन बेनी अब्राहम ने बैठक के संबंध में बताया कि हाथी और मानवीय संघर्ष को लेकर जिला स्तर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मानव और हाथियों के बीच होने वाले द्वंद्व विषय पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसमें सरकार और विभाग के द्वारा क्या-क्या उपाय किया जा सकता है, साथ अन्य विभागों के साथ मिलकर क्या उपाय किए जा सकते हैं। इस पर भी विचार किया गया। साथ ही करंट से हाथियों की मौत के आंकड़े को कम करने और बिजली के तारों से हाथियों को बचाने के लिए बिजली और वन विभाग क्या उपाय कर सकती है, इस बात पर बल दिया गया।

वहीं डीएफओ ने कहा कि हाथियों के बचाव और हाथियों से मानव जीवन की रक्षा के लिए डीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की देखरेख में जहां बिजली विभाग के द्वारा कार्य किया जाएगा। वहीं वन कर्मियों के द्वारा लोगों के बीच हाथी से बचाओ और उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक जागरूकता फैलाई जाएगी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने जंगली हाथी और नीलगाय को लेकर होने वाली समस्या को रेखांकित किया। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वन विभाग की ओर समय-समय पर सार्थक प्रयास किया जाता है। जंगली हाथियों के हमले से मारे गये लोगों के मुआवजे को लेकर सांसद ने कहा कि मुआवजे का प्रावधान है जिसे प्रक्रिया के तहत दिया जाता है।

# फेरीवाले की आत्महत्या मामले की जांच के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस पहुंची बिश्रामपुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर**। पलामू जिले के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में मुर्शिदाबाद निवासी फेरीवाले अलाउद्दीन शेख की आत्महत्या के मामले ने अंतरराज्यीय रूप ले लिया है। घटना के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस की एक टीम शनिवार को पलामू पहुंची और पूरे मामले की गहन जांच शुरू की। मुर्शिदाबाद के बेलडंगा थाना के सब-इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पहुंची टीम ने उस किराए के मकान का निरीक्षण किया, जहां अलाउद्दीन शेख पिछले कई महीनों से रह रहा था। पश्चिम बंगाल पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद अलाउद्दीन के साथियों से पूछताछ की, उनके बयान दर्ज किए और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का अवलोकन



किया। साथ ही, मामले में अब तक पलामू पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी भी ली। बिश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने पश्चिम बंगाल पुलिस के जांच करने की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों राज्यों की पुलिस आपसी समन्वय से मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि अलाउद्दीन शेख फेरी और कबाड़ी का काम करता था। वह गांव-गांव घूमकर कबाड़ और बाल इकट्ठा करता और बदले में स्टील व मिट्टी के बर्तन देता था। गुरुवार को उसका शव संदिग्ध स्थिति में कमरे से बरामद हुआ था, जिसके बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मुर्शिदाबाद में शव पहुंचते ही हंगामा और हिंसा की घटना भी सामने आई थी, जिसके बाद यह मामला और गंभीर हो गया। यह जांच अब सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि इंसाफ की तलाश बन चुकी है — सच की धड़कन, जो सरहदों को पार कर रही है।

## डीएम ने बेन में कटिंग-सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

# ग्रामीण महिलाओं को मिलेगा रोजगार का बड़ा अवसर : डीएम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने वेन प्रखंड के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण केंद्र तथा जीविका द्वारा संचालित कटिंग-सिलाई सेंटर का निरीक्षण किया। यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं को जीविकोपार्जन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बिहार सरकार की पहल जीविका और आईसीडीएस विभाग के बीच हुए MoU के तहत नालंदा के सभी बीस प्रखंडों में लगभग एक हजार दीदियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया है। बेन प्रखंड को जिला स्तरीय कटिंग सेंटर के रूप में विकसित किया गया है, जहां कुल 155 विद्युत यांत्रिक सिलाई मशीनें स्थापित की गई हैं। इस सेंटर में आंगनबाड़ी बच्चों की स्कूल वर्दी के कपड़े की कटिंग की व्यवस्था की गई है। यहाँ से कटे हुए कपड़े 20 प्रखंडों सहित कुछ अन्य जिलों के सिलाई केंद्रों को भेजे जाएँगे। उसके बाद दो सेट की ड्रेस सिलाई कर गुणवत्ता जांच के साथ आंगनबाड़ी केंद्र को उपलब्ध कराई जाएगी। जिला स्तरीय कटिंग सेंटर के लिए आवश्यक रो मैटेरियल की आपूर्ति जानकी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा की जाएगी। इस पहल से नालंदा के प्रत्येक प्रखंड में हजारों ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने डीपीएम जीविका को निर्देश दिया कि कटिंग सेंटर में सभी सामग्रियों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाए तथा स्टोर रूम को पूर्णतः सिस्टमैटिक बनाया जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा, डीपीएम जीविका, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाएं निर्भीक होकर रच रहीं आत्मनिर्भरता की नई इबारत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वेन (बिहारशरीफ)**। ग्रामीण आकाश में आज एक नई रोशनी खिली—आत्मनिर्भरता की, सम्मान की और साहस की। वेन प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जीविका दीदी के कैंटीन का भव्य उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीविका से दीदियों की ज़िंदगी संवर रही है। वे अब निर्भीक होकर रोजगार की राह पर चल रही हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि उपहार जीविका महिला ग्राम संगठन की दीदियां इस कैंटीन का संचालन करेंगी, जिससे 7 से 8 महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। अब कार्यालय आने वाले आमजन को चाय-नाश्ता के लिए भटकना नहीं



पड़ेगा—शुद्ध, स्वादिष्ट और सुलभ भोजन उन्हें यहीं, सस्ते दरों पर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल सुविधा है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सपनों को पंख देने वाली एक मजबूत उड़ान भी है।

उन्होंने याद दिलाया कि जीविका पिछले 17 वर्षों से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की मशाल जलाए हुए है। आज वही मशाल वेन प्रखंड में उजाले की तरह चमक रही है। सदर समेत तीन अस्पतालों में पहले से ही "दीदी की रसोई" सफलतापूर्वक संचालित हो रही है, और अब यह कैंटीन भी उसी आत्मनिर्भर बिहार की कहानी लिखेगी।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि "पूर्वी चंपारण की प्रगति ही बिहार की समृद्धि है।" मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य व रोजगार सुविधा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समृद्धि यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री जमीनी हकीकत की समीक्षा कर नई योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं और जनता से सीधा संवाद कर उनकी जरूरतों को समझ रहे हैं—यही विश्वास आज बिहार की पहचान बन चुका है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित कई समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वातावरण में उम्मीद की खुशबू थी, और दीदियों की आंखों में आत्मविश्वास की चमक—जैसे कह रही हों, "हम तैयार हैं, अपने सपनों को सच करने के लिए।" वेन की धरती पर आज आत्मनिर्भरता ने एक नया गीत गाया, और बिहार की महिलाएं उसकी सबसे खूबसूरत धुन बन गईं।

# सोमा मुंडा हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों का बंद, मुरहू में ठप रहा जनजीवन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी**। एदेल पड़हा राजा सह शिक्षक सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में तथा हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत एकदिवसीय बंद का मुरहू प्रखंड में व्यापक असर देखने को मिला। बंद के कारण पूरे क्षेत्र का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त रहा और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अहले सुबह से ही मुरहू के सभी छोटे-बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहे। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा, चाय-नाश्ते की दुकानें तक नहीं खुलीं। सरकारी कार्यालय, बैंक, बीमा कार्यालय सहित अन्य संस्थानों में दिनभर कामकाज ठप रहा। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही न के बराबर रही, जिससे यात्रियों और दैनिक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

बंद समर्थकों ने मुरहू बाजार एवं आसपास के इलाकों में पैदल मार्च निकालकर लोगों से बंद को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सोमा मुंडा की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक हत्याकांड के सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बंद का असर पश्चिमी सिंहभूम जिले में लगने वाले साप्ताहिक हाटों पर भी देखने को मिला। बंदगांव, चाकी समेत अन्य क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक बाजार पूरी तरह बंद रहे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खरीद-बिक्री का कार्य प्रभावित हुआ। इधर एनएच-75ई पर जीवनटोला के समीप बड़ी संख्या में महिला-पुरुष बंद समर्थक सड़क पर उतर आए और कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। हालांकि आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को बाद में जाने दिया गया।

बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क नजर आया। अंचल अधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी एवं थाना प्रभारी नॉवल गॉडविन केरकेट्टा पुलिस बल के साथ पूरे दिन क्षेत्र में गश्त करते रहे। प्रशासन की मुस्तैदी के कारण स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही।

# हैवानों को मिले फांसी की सजा : डॉ. इंदु कश्यप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित शंभू गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली जहानाबाद की नीट की तैयारी करने वाली छात्रा के साथ हुए दरिंदगी की घटना को लेकर राजनीतिक दलों के नेताओं की तरफ से तीक्ष्ण प्रतिक्रिया अब सामने आ रही है। धीरे-धीरे यह घटना बिहार के राजनीति में एक सियासी बवाल की तरह उठ खड़ा हुआ है, जहां बिहार के राजधानी पटना के रिहायशी इलाके में छात्रा के साथ हुए दरिंदगी जैसी वीभत्स घटना के बाद राज्य में बच्चियों की सुरक्षा के मुद्दे पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इस दौरान पूरे मामले में प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता पर भी गहरे सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोक जनशक्ति पार्टी (आर) की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ इंदु कश्यप ने शनिवार को पीड़िता के माता- पिता से उनके पैतृक गांव में जाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दरिंदगी के शिकार हुए मृतका के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक उनकी पार्टी इसके लिए संघर्ष करेगी।

उन्होंने एक बेटी के साथ हुए हैवानियत की घटना को मानवता के लिए कलंक बताते हुए कहा कि इस घटना में शामिल हैवानों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। डॉ इंदु कश्यप ने पीड़िता के परिवार से मिलने के बाद बताया कि इस मामले में अस्पताल प्रशासन के साथ पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध जान पड़ती है, जिसकी गहरी जांच पड़ताल की जरूरत है। उन्होंने बताया कि पीड़िता की मां ने उन्हें बताया कि पीड़िता के शरीर पर नाखूनों के निशान के साथ-साथ शरीर पर कई जगह चोट के भी निशान देखे गए थे, हालांकि प्रारंभिक अवस्था में जिस समय पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया था, उस समय पुलिस पीड़िता का बयान नहीं ली, यह बात समझ से परे है। उन्होंने बताया कि जबकि उस समय तक पीड़िता होश में थी और शायद बयान देने में भी सक्षम थी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से यह भी मांग किया कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से सड़क पर आंदोलन कर रहे लोगों पर पटना जिले की पुलिस ने प्राथमिक दर्ज की है यह बिल्कुल ही अन्यायपूर्ण है, उन्होंने मांग किया कि पीड़िता को न्याय दिलाने में शामिल लोगों पर अगर इस तरह का अत्याचार होता तो यह संविधान और कानून की हत्या है।

# कथावाचक दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

## नाबालिग से शादी का झांसा देकर बनाया था शारीरिक संबंध

### पीड़िता की मां ने महिला थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी

### गर्भपात कराने का भी पीड़िता ने लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** दरभंगा में चर्चित कथावाचक श्रवण दास जी महाराज को महिला थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी कथावाचक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला 19 दिसंबर 2025 को महिला थाना में दर्ज कराया गया था। महिला थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, आरोप है कि कथावाचक श्रवण दास जी महाराज ने एक महिला को शादी का प्रलोभन देकर करीब एक वर्ष तक शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान महिला के गर्भवती होने पर गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया गया है।

पीड़िता की ओर से दर्ज शिकायत में कहा गया है कि बाद में बंद कमरे में कथित शादी का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, लेकिन इसके बावजूद कथावाचक ने शादी की बात को झूठा बताते हुए उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

यह मामला महिला थाना कांड संख्या 182/25 के तहत दर्ज किया गया है। प्राथमिकी नाबालिग बच्ची की मां द्वारा दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना पुलिस ने आरोपी कथावाचक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और पीड़िता के बयान सहित उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फारबिसगंज (अररिया)।** रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट , फारबिसगंज में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त पत्रकार, लेखिका, कलाकार, शिक्षाविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता रुचिरा गुप्ता द्वारा महिला शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता विषय पर एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान मानव तस्करी की रोकथाम और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे अत्यंत संवेदनशील एवं समसामयिक विषयों पर केंद्रित रहा।




अपने संबोधन में रुचिरा गुप्ता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का वास्तविक आधार शिक्षा है। जब तक महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आत्मनिर्भर बनने के अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है।

उन्होंने मानव तस्करी को एक गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए इसके मूल कारणों–गरीबी, अशिक्षा, लैंगिक असमानता और सामाजिक चुप्पी–पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनें और परिवर्तन के वाहक के रूप में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि जागरूक हो जाए, तो समाज की सबसे बड़ी बुराइयों को भी समाप्त किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि रुचिरा गुप्ता अपने आप महिला वर्ल्डवाइड नामक संस्था की संस्थापक हैं, जो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, गरिमा और सामाजिक न्याय के लिए कार्य कर रही है। मानव तस्करी के विरुद्ध उनके संघर्ष को वैश्विक स्तर पर व्यापक पहचान प्राप्त है।

इस अवसर पर रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के प्राचार्य डॉ. राशिद हुसैन ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों और मानवीय मूल्यों से भी जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि रुचिरा गुप्ता जैसे व्यक्तित्व का मार्गदर्शन युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। एमडीएमएस, अररिया के निदेशक डॉ. संजय प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि महिला शिक्षा और सुरक्षा आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आर.के. रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन महावीर प्रसाद रूंगटा ने अपने संदेश में कहा कि ट्रस्ट शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी समान रूप से महत्व देता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना समाज का सामूहिक दायित्व है।

ट्रस्टी उर्मिला रूंगटा ने कहा कि सेवा, करुणा और संवेदनशीलता से ही एक सशक्त और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक परिवर्तन के लिए आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर देते हुए रुचिरा गुप्ता ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और मानव गरिमा के संकल्प के साथ हुआ।

# कुख्यात अपराधी मृत्युंजय यादव चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** सुल्तानगंज का कुख्यात अपराधी मृत्युंजय यादव को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस टीम ने हथियार,कारतूस, स्मैक,रुपए आदि बरामद किया है। वह 16 जनवरी 2026 को कोलगामा निवासी सुमन राम की हत्या करने के उद्देश्य से गांव में चक्कर लगा रहा था। उसे हथियार के साथ देख एक ग्रामीण ने मृत्युजंय को देख एसएसपी को मैसेज कर दिया।

मैसेज संज्ञान में आते ही एसएसपी प्रमोद कुमार यादव ने सिटी एसपी शैलेन्द्र सिंह की निगरानी और डीएसपी विधि व्यवस्था नवनीत कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर दी। टीम में इंस्पेक्टर सुल्तानगंज मृत्युंजय कुमार, विष्णुदेव कुमार,संजय मंडल, आशुतोष कुमार, बिट्टू राज, बीरेंद्र कुमार और रोहित कुमार को शामिल के छापेमारी कराई गई।

कोलगामा गांव में दो अलग अलग टीम में बंट कर घेराबंदी की गई तो मृत्युंजय यादव दबोच लिया गया। वरना वह पूर्व में पुलिस टीम को चकमा दे दियारा भाग जाया करता था। पुलिस टीम की तगड़ी घेराबंदी में उसकी पुलिस से लुकाछिपी बंद हो गई।उससे पुलिस टीम अलग अलग पूछताछ कर उसके अपराधी सहयोगियों की जानकारी और उनके पास मौजूद हथियारों की जानकारी ले रही है।

मृत्युंजय ने कोलगामा निवासी सुमन राम पर हत्या की नीयत से 15 जनवरी को गोलीबारी की थी। उस दौरान चार राउंड गोलियां पिस्टल से चलाई थी। सुमन तब जान बचाते हुए वहां से भाग निकला था। मृत्युंजय यादव सुमन राम,उसकी पत्नी पुनीता देवी समेत उसके परिवार के अन्य सदस्यों की हत्या करने में असफल रहने पर 16 जनवरी की शाम फिर दियारा से आकर गांव की चक्कर लगा रहा था, ताकि सुमन और उसकी पत्नी की हत्या कर सके। सुमन और उसके परिवार को गांव से उजाड़ के भगाने की पूर्व में धमकी देने वाले इस अपराधी ने हथियार लहराते हुए पूर्व में भी ग्रामीणों को दहशतजदा कर दिया था।


# नाम जोड़ने को ले ज्यादा आवेदन आने पर कार्यक्रम को बीच में छोड़ निकले पैक्स अध्यक्ष

### लोगों ने व्यक्त की नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा।** नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत काछियावां पैक्स के अकैड़ गांव स्थित पैक्स गोदाम में शनिवार के दिन प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों (पैक्स) को मजबूत और अधिक सक्रिय बनाने को लेकर सदस्यता सह जागरूकता अभियान और योजना आच्छादन अभियान के सफल क्रियान्वयनको लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत के बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

कार्यक्रम के बड़ी संख्या में पैक्स में सदस्य बनने को लेकर आवेदन आने पैक्स अध्यक्ष कार्यक्रम को बीच मे ही छोड़कर भाग गए। जिससे पैक्स में सदस्य बनने को लेकर फॉर्म जमा करने वाले आवेदकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।बाद में गांव के दुर्गा स्थान पर कार्यकारणी सदस्य धर्मेंद्र कुमार द्वारा कुल 203 फॉर्म प्राप्त किया।पैक्स अध्यक्ष द्वारा आवेदन न लेकर बीच मे ही कार्यक्रम छोड़कर जाने पर कार्यक्रम में आये लोगों ने नाराजगी जाहिर किया।



आवेदकों ने कहा कि पैक्स अध्यक्ष का यह तानाशाही रवैया हैं।जब कार्यक्रम में पैक्स में नाम जोड़ने को लेकर आवेदन जमा किया जाना था तो पैक्स अध्यक्ष आवेदन न लेकर बीच मे ही कार्यक्रम छोड़कर क्यों चल गए। पैक्स अध्यक्ष सिर्फ चेहरा देखकर ही कुछ लोगों का आवेदन क्यों लिए।आवेदन जमा करने मेंफार्म जमा करने में रोहिणी कुमारी, राहुल कुमार,पिंकी कुमारी, रेखा कुमारी सहित सैकड़ो लोग शामिल हैं।

# लोक समिति का भितिहरवा में प्रार्थना सभा एवं उपवास 30 को

### गांधी की विचारधारा आज भी सामयिक : शिवजी सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने पटना प्रवास के दौरान एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि लोक समिति के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के 78 वें शहादत दिवस के अवसर पर देश में बढ़ती किसान-मजदूरों परेशानी, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार,शांति सद्भावना, सर्वधर्म समभाव एवं आत्म शुद्धि हेतु आगामी 30 जनवरी, 26 को भितिहरवा आश्रम (पश्चिमी चम्पारण) में एक दिवसीय उपवास एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है।श्री सिंह ने बताया कि बिहार की अशिक्षा और गरीबी, उसके विकास में बड़ी बाधा है। बिहार के पिछड़ेपन का मुख्य कारण बाढ और सूखा है।बिहार में किसान-मजदूरों की स्थिति अच्छी नहीं है। किसान घाटे में खेती कर रहें है। रोजगार के अभाव में मजदूरों का पलायन रूक नहीं रहा है। जिसका समाधान बहुत जरूरी है।श्री सिंह ने कहा कि गांधीजी ने 1917 ई.में चम्पारण की पवित्र धरती भितिहरवा आश्रम से ही किसान-मजदूरों के शोषण और अन्याय के विरुद्ध अंग्रेजों के खिलाफ अपना सत्याग्रह का शुरूआत यहीं से की थी।जो एक ऐतिहासिक स्थल है।

श्री सिंह ने कहा कि बिहार प्रदेश लोक समिति पिछले कई वर्षों से 30 जनवरी को गांधी की शहादत दिवस के अवसर पर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हेतु धरना, उपवास एवं प्रार्थना सभा वगैरह का कार्यक्रम करती चली आ रही है। कार्यक्रम के माध्यम से गांधी एवं अन्य महापुरुषों की विचारधारा और संदेश को आम जन तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया जाता है ताकि देश की युवा पीढी महापुरुषों की विरासत से प्रेरणा लेकर देश और समाज की निःस्वार्थ सेवा करें। श्री सिंह ने कहा कि गांधी आज हमारे बीच नहीं लेकिन आज भी उनकी विचार धारा की सामयिकता है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर उत्तर बिहार के छपरा, सिवान,गोपालगंज, हाजीपुर, मुजफ्फरनगर, मधुबनी, दरभंगा ,समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, जिलों से कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से संदेश भेजा जा रहा है।कार्यक्रम की तैयारी में चम्पारण जिला के कार्यकर्त्ता रविन्द्र नाथ तिवारी, शेषनाथ सिंह, पंकज, रविशंकर सिंह, शम्भूनाथ मिश्रा, ऋतुराज,बाबूनन्द शर्मा वगैरह कई गणमान्य लोग सक्रिय रुप से जुट गए है।

# पुलिस ने किया नकली सिगरेट फैक्ट्री का उद्भेदन

### विदेशी सिगरेट बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मुजफ्फरपुर। जिले की विशेष पुलिस टीम ने आइटीसी कंपनी के प्रतिनिधि की सूचना पर नगर व मुशहरी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नकली सिगरेट के बड़े गोदाम व पैक्ट्री का पदार्फाश किया है। इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

नगर थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार शुक्ला रोड इलाके के एक गली में छापेमारी कर नगर थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने एक गोदाम से भारी मात्रा में नकली सिगरेट जब्त की है। देर रात तक इसका मिलान किया जा रहा था।

यहां से करीब एक करोड़ से अधिक की विभिन्न ब्रांडों की नकली सिगरेट मिलने की बात बताई जा रही है। इसमें आइटीसी कंपनी के अलावा विदेशी सिगरेट भी है। यहां से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। सभी आरोपित पुलिस को देखकर वहां से भाग निकले।

इसके बाद मुशहरी थाना क्षेत्र के माधोपुर इलाके में आइटीसी कंपनी के प्रतिनिधि की सूचना पर पुलिस एवं जीएसटी की टीम ने छापेमारी कर नकली सिगरेट फैक्ट्री का पदार्फाश किया। ठिकाने से सिगरेट बनाने का सामग्री, पांच हजार स्टीक, रैपर, तंबाकु आदि जब्त किए गए है।

कार्रवाई के बाद पुलिस ने फैक्ट्री को तत्काल सील कर दिया है। मुशहरी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि उक्त फैक्ट्री पर पिछले साल भी छापेमारी की गई थी। फिर उसी फैक्ट्री में नकली सिगरेट बनाने का धंधा चल रहा था। इलाके के लोगों का कहना है कि उक्त स्थल मुशहरी थाना के अंतिम छोड़ माधोपुर गांव जो काफी सुनसान जगह में है।




इस इलाके में लोगों का आना जाना कम होता है। वैसे सुनसान जगह पर फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। छानबीन में पुलिस को पता चला कि संगठित रूप से इसका संचालन किया जा रहा था। संचालक पहुंच वाला बताया गया है।

लोगों का कहना है कि छापेमारी के बाद सब मैनेज कर फिर से धंधा शुरू कर दिया जाता है। छापेमारी मे मुशहरी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मेहता, एसआई तेज प्रकाश सिंह एवं एसआई अश्वनी कुमार आदि शामिल थे।

# जमीन विवाद में चली गोलियां

**सीवान।** जिले में एक बार फिर कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली गोलीबारी की घटना सामने आई है। जमीनी विवाद को लेकर हुए इस विवाद में मनीष चौधरी को तीन गोलियां मारी गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। यह मामला जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के करणपुरा गांव का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, घायल मनीष चौधरी और उनके पड़ोसी ओसिहर सिंह के बीच काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी पुराने विवाद के चलते आरोप है कि हमला किया गया। पीड़ित मनीष चौधरी ने अपने बयान में रविंद्र यादव पर गोली चलाने का आरोप लगाया है।

घटना की सूचना मिलते ही जीबी नगर तरवारा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं, घायल मनीष चौधरी को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

# ताजी मछलियों का हब बना बरही बाजार

### रोजाना 150 छोटे-बड़े जलाशयों से 6 क्विंटल की हो रही खपत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही।** अगर आपको ताजी और लोकल मछली पसंद है तो जिले के बरही चौक स्थित मछली बाजार आपके लिए सबसे उपयुक्त स्थान बन चुका है। लोकल और ताजा मछलियों की बिक्री को लेकर बरही मछली बाजार ने इलाके में अपनी अलग पहचान बना ली है। तीन राष्ट्रीय राजमार्गों के संगम पर स्थित यह बाजार अब ताजी मछलियों का प्रमुख हब बन गया है।

प्रतिदिन लगने वाली मछली बाजार में स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीरों और दूर-दराज से आने वाले ग्राहकों की भीड़ लगती है। बरही मछली बाजार में मुख्य रूप से तिलैया जलाशय से जुड़े तिलैया डैम से जुड़ा माधोपुर, बेंदगी, कोयली, धमना, पोड़ैया, जवाहर डैम सहित कई स्थानीय जलाशयों से विभिन्न प्रजातियों की ताजा मछलियां प्रतिदिन लाई जाती हैं। बरही मछली बाजार में दर्जनों प्रजाति का मछली उपलब्ध है, जिसमें रेहू, मिर्गल, कवय, पहाड़ी, झींगा, विकेट तथा कतला मछली की सबसे अधिक बिक्री होती है।



लोकल जलाशयों से आने के कारण इन मछलियों की ताजगी और गुणवत्ता पर ग्राहकों का भरोसा बना हुआ है, जिससे इनकी मांग हमेशा अधिक रहती है। करीब 36 मील क्षेत्र में फैले तिलैया जलाशय के अलावा बरही प्रखंड के जरहिया, केवाल, पृथ्वीराज, बहादुर और केवलिया डैम समेत लगभग 150 छोटे-बड़े जलाशयों से भी नियमित रूप से मछलियों की आपूर्ति हो रही है। समीपवर्ती अंजनवा, महेशा और लोटवा डैम से भी बाजार में मछलियां पहुंचती हैं। स्थानीय जलाशयों के अलावा आंध्र प्रदेश से भी मछलियां मछली मंडी लाई जाती हैं। बरहाल अधिक कीमत के बावजूद ग्राहकों की पहली पसंद लोकल और ताजी मछली ही बनी हुई है।

बताया जाता है कि वर्तमान में बरही मछली बाजार में प्रतिदिन करीब 6 क्विंटल मछलियों की खपत हो रही है। इससे क्षेत्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा मिला है और इस कारोबार से जुड़े मछुआरे व कारोबारी आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। मत्स्य विभाग और राज्य सरकार की ओर से नाव, फ्रीजर, ठेला, आवास तथा सस्ती दर पर ऋण जैसी सुविधाएं भी बीच बीच में उपलब्ध कराई जाती रही है।

प्रशिक्षण के बाद मछली जीरा और फीड भी निःशुल्क दिया जाता रहा है। तिलैया जलाशय में केज सिस्टम से मत्स्य पालन किया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। बरही के कई मत्स्य पालक पुरस्कृत भी हो चुके हैं।

बरसोत गांव के मत्स्य पालक देवानंद कुमार को राज्य स्तर पर सम्मान मिल चुका है।

हालांकि कोल्ड स्टोरेज की सुविधा नहीं होने से कभी-कभी कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ता है, बावजूद इसके मेहनती मछुआरों के दम पर बरही मछली बाजार निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि मछली बिक्री में स्थान रखने के बावजूद बरही मछली बाजार सड़क किनारे लगता है, इसे व्यवस्थित करने की भी जरूरत है।

# मजार की चादर में आग लगने से तनाव

### लोगों ने किया हंगामा, पुलिस ने कराया शांत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** नगर थाना क्षेत्र के टाउन हॉल स्थित हजरत शहीद बाबा की मजार पर चढ़ी चादर में आग लगने की घटना के बाद शुक्रवार को इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। चादर के जलने की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए और हंगामा शुरू हो गया, जिससे पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया।

सूचना पर नगर थाना समेत आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। नाराज लोगों का आरोप था कि किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर मजार में आग लगाई गई है। वहीं, प्रशासन फिलहाल किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है।

मौके पर सदर एसडीओ विकास कुमार और एसडीपीओ राजीव कुमार पहुंचे और लोगों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। पुलिस मजार परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आग स्वतः लगी या किसी ने जानबूझकर लगाई।

प्रशासन इस घटना को सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका के एंगल से भी देख रहा है। सूचना पर एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं।

इस संबंध में एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# टीकाकरण पर प्रशिक्षण सह समीक्षा

**शिवाजीनगर।** प्रखंड स्थित मनरेगा भवन में पिरामल टीम के सहयोग से एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी को लेकर प्रशिक्षण सह जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एनीमिया के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही गर्भावस्था के दौरान एनीमिया से होने वाली जटिलताओं तथा हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समय रहते पहचान और प्रबंधन पर विशेष चर्चा की गई कार्यक्रम के दौरान हल्ड एवं यूनिसेफ के दिशा-निर्देशों के आलोक में नियमित टीकाकरण से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए समय पर टीकाकरण क्यों आवश्यक है, टीकाकरण छूटने से क्या जोखिम हो सकते हैं तथा टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के लिए फील्ड स्तर पर किन-किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा की गई।

# 12 हजार अपात्र लाभुकों का होगा राशन कार्ड रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** एक-दो या सौ भी नहीं, पूरे 12 हजार राशन कार्ड रद किया जाएगा। बक्सर के महज एक अनुमंडल में इतनी संख्या है तो जिले भर का आंकड़ा सहज समझा जा सकता है। अनुमंडल क्षेत्र के सात प्रखंडों को मिलाकर 12 हजार से अधिक अपात्र राशन कार्ड धारकों का कार्ड रद करने की कवायद जारी है।

यह कारवाई खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, पटना द्वारा विभागीय पोर्टल पर संदिग्ध फेज-2 राशन कार्ड संबंधी डाटा विभाग से लागिन में उपलब्ध कराए जाने के बाद की जा रही है।

इस आंकड़े को देख अनुमंडल प्रशासन के कान खड़े हो गए है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा जारी किए गए राशन कार्ड डाटा के मददेनजर अनुमंडलाधिकारी राकेश कुमार द्वारा सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया है।

उनसे राशन कार्ड की पात्रता और अपात्रता की जांच करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराए जाने को निर्देशित किया है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा डुमरांव नगर में 337, डुमरांव प्रखंड में 22 सौ, चौंगाई में 630, ब्रहम्पुर में 2611, केसठ में 470, नावानगर में 1807, चक्की में 408 एवं सिमरी प्रखंड में 3862 राशन कार्ड अपात्र और पात्रता के सवाल पर संदिग्ध चिह्नित किए गए है। विभागीय जानकार सूत्रों की मानें तो अपात्र संदिग्ध राशन कार्ड धारकों को जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के माध्यम से सूचना प्रसारित किया गया है। संदिग्ध अपात्र चिह्नित होने वाले पात्र राशन कार्ड धारकों को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और आपूर्ति निरीक्षक के पास अभ्यावेदन समर्पित करना है।

## छात्रों के बीच मारपीट, कई छात्र जख्मी

**दरभंगा** ।दरभंगा इंजीनियरिंग कालेज में छात्रों के बीच जमकर बवाल हुआ। बताया जाता है कालेज में प्रमंडलीय स्तरीय उमंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ । पहला दिन वालीबाल खेल खेला गया।

इसमें समस्तीपुर इंजीनियरिंग कालेज की टीम हार गई। इसे लेकर देर शाम होते-होते दरभंगा और समस्तीपुर कालेज के छात्रों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इसमें दोनों तरफ से कई छात्र जख्मी हो गए।दो जख्मी छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। एक छात्र का चार दांत टूट गया है। कई के सिर फटने की बात कही जा रही है।

# मां गायत्री टैलेंट हंट एग्जामिनेशन 25 को

### 22 तक भरे जाएंगे आवेदन पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (नबीनगर)।** मां गायत्री चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में जिला स्तरीय मां गायत्री टैलेंट हंट एक्जामिनेशन-2026 का आयोजन आगामी 25 तारीख को किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 तारीख निर्धारित की गई है।

यह प्रतियोगी परीक्षा कक्षा कसे तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है, जिसमें हिंदी, गणित, अंग्रेजी एवं सामान्य ज्ञान विषयों से वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक एवं बौद्धिक विकास करना है।मां गायत्री चैरिटेबल ट्रस्ट ने इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण सामाजिक घोषणा करते हुए कहा है कि इस परीक्षा में चयनित एवं विजेता विद्यार्थियों को नबीनगर प्रखंड में मां गायत्री चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से पूर्णतः निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।इस परीक्षा के संयोजक हेमंत दुबे, जो कि पूर्व सैन्य अधिकारी होने के साथ-साथ मां गायत्री चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी भी हैं, ने बताया कि मां गायत्री टैलेंट हंट एग्जामिनेशन को पहले नबीनगर प्रखंड से प्रारंभ किया गया है और इसे चरणबद्ध तरीके से धीरे-धीरे जिले के प्रत्येक क्षेत्र में प्रखंडवार आयोजित किया जाएगा, ताकि हर प्रतिभाशाली विद्यार्थी तक यह अवसर पहुँच सके।

उनके नेतृत्व में यह परीक्षा अनुशासन, पारदर्शिता और उच्च शैक्षणिक मानकों के साथ संपन्न कराई जाएगी। ट्रस्ट द्वारा जिले के सभी विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर इस परीक्षा में भाग लें और इस शैक्षणिक अभियान को सफल बनाएं।

# कर्पूरी ठाकुर जयंती की तैयारियों को लेकर भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती 24 जनवरी को मनाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित कैलाश मिश्र सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की। बैठक में जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन, विचारधारा और सामाजिक न्याय के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, शोषितों, वंचितों और दबे-कुचले वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बिहार में सबसे पहले आरक्षण व्यवस्था लागू की और पिछड़ा वर्ग को पिछड़ा एवं अति पिछड़ा दो भागों में विभाजित कर समाज के सबसे कमजोर तबकों को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी निर्णय लिए। मैट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त कर गरीब परिवारों के बच्चों के लिए आगे बढ़ने के रास्ते खोले। इसके साथ ही गरीब सवर्णों को तीन प्रतिशत आरक्षण तथा महिलाओं को आरक्षण देकर सामाजिक समरसता को मजबूती प्रदान की। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का आरक्षण फार्मूला आज भी एक आदर्श मॉडल के रूप में देखा जाता है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों के मार्ग पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित कर बिहार सहित विशेष रूप से अति पिछड़ा समाज को गौरव प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी फार्मूला को देशभर में लागू करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन किया, ताकि पिछड़ा वर्ग के भीतर सबसे कमजोर जातियों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक मुख्यधारा में लाया जा सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 जनवरी को आयोजित जयंती समारोह में पूरे बिहार से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाज के लोग भाग लेंगे। जयंती समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, संगठन मंत्री भिखू भाई दलसानिया सहित केंद्र और प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। बैठक में प्रभारी यूपी शर्मा, सह संयोजक संतोष कुमार, वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, संतोष पटेल, शिवपूजन राम, पवन ठाकुर, चंपा देवी, भावना शर्मा, क्षेत्रीय प्रभारी संजय कुमार चौहान, मुकेश मंडल, रमन सिंह चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, राकेश चौरसिया, संजय निषाद, विकास कुमार सैनी, कुमारी पूजा, बिनोद गुप्ता सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक के अंत में सभी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती को व्यापक स्तर पर मनाने का संकल्प लिया।

# टीएमसी का अर्थ तुष्टिकरण, माफिया और क्राइम : संजय सरावगी

## पंजाब में मीडिया पर हमला लोकतंत्र पर प्रहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का सही अर्थ तुष्टिकरण, माफिया और क्राइम हो गया है। पश्चिम बंगाल की धरती कभी लोकतांत्रिक चेतना और बौद्धिक परंपरा के लिए जानी जाती थी, लेकिन आज भय, दबाव और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला बना दी गई है। भाजपा अध्यक्ष सरावगी ने हाल में एक बीएलओ अशोक दास की आत्महत्या मामले का जिक्र करते हुए सवालिया लहजे में कहा कि क्या अब चुनाव ड्यूटी निभाना भी पश्चिम बंगाल में जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। उन्होंने कहा कि जादवपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ दास एक ईमानदार सरकारी कर्मचारी थे, उन पर टीएमसी नेताओं द्वारा लगातार दबाव बनाया गया। टीएमसी नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर उन्होंने चुनावी लिस्ट से किसी भी अवैध वोटर को हटाया तो न सिर्फ उन्हें मार दिया जाएगा, बल्कि उनकी पत्नी और छोटे बच्चे को भी नुकसान पहुंचाया जाएगा। अंत में उस बीएलओ अशोक दास ने मानसिक दबाव और भय में आत्महत्या जैसा कदम उठाने को विवश हो गए। उन्होंने कहा आज टीएमसी राज में वहां रोहिंग्या और बांग्लादेशी को छोड़कर कोई भी सुरक्षित नहीं है। पश्चिम बंगाल और देश की जनता भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए कहा कि वे खुद को लोकतंत्र की रक्षक कहती हैं तो फिर आज चुप क्यों हैं? क्या पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठियों को बचाने की राजनीति इतनी बड़ी हो गई है कि देश के नागरिकों, चुनाव अधिकारियों और उनके परिवारों की जान की कोई कीमत नहीं रह गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दावा करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब चुप नहीं रहने वाली है। भाजपा इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी। भाजपा अशोक दास को न्याय दिलाने और बंगाल को भयमुक्त बनाने तक यह संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि अशोक दास की मौत का जिम्मेदार नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ममता बनर्जी के शासन में बंगाल अब 'शोनार बांग्ला' नहीं, बल्कि 'खूनी खेल का मैदान' बन चुका है जहां एक ओर सरकारी कर्मचारी अपनी ड्यूटी निभाने के डर से जान दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सत्ता के संरक्षण में पल रहे गुंडे खुलेआम चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं को आग के हवाले कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में पंजाब केसरी के पत्रकारों और कर्मचारियों को पंजाब पुलिस द्वारा मारपीट करने, अखबार के दफ्तर का ताला तोड़ने की घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह सरासर लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा इसकी कठोर शब्दों में कड़ी निंदा करती है, भर्त्सना करती है।

# एचडीएफसी बैंक ने तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने मुंबई में हुई अपनी मीटिंग में 31 दिसंबर, 2025 को खत्म हुई तिमाही और नौ महीनों के लिए बैंक के नतीजों को मंजूरी दी। बैंक के स्टैच्यूटरी ऑडिटर्स ने इन अकाउंट्स का 'लिमिटेड रिव्यू' किया है। एचडीएफसी बैंक ने दिसंबर तिमाही में मुनाफे और आय में सालाना आधार पर अच्छी बढ़त दर्ज की है। बैलेंस शीट मजबूत हुई है और एसेट क्वालिटी में भी सुधार दिखा है। देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंकों में शुमार एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश कर दिए हैं। दिसंबर तिमाही के आंकड़े बताते हैं कि बैंक ने मुनाफे, आय और बैलेंस शीट- तीनों मोर्चों पर स्थिर प्रदर्शन बनाए रखा है। क्यू3 एमवाई 26 में एचडीएफसी बैंक का स्टैंडअलोन शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 18,653.75 करोड़ रूपये पहुंच गया। पिछले साल इसी तिमाही में यह मुनाफा 16,735.50 करोड़ था। यह बढ़त दिखाती है कि चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद बैंक की कोर कमाई मजबूत बनी हुई है। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम यानी एनआईआई में भी सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा सकरा में विकसित भारत विषय पर विशेष जागरुकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सकरा/मुजफ्फरपुर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, सीतामढ़ी द्वारा आज विकसित भारत विषय पर एकदिवसीय विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार भवन, सकरा प्रखंड, मुजफ्फरपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सकरा विधायक आदित्य कुमार, सकरा प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तथा जीविका बीपीएम सकरा, मो. कैफुल्लाह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जावेद अंसारी द्वारा अंगवस्त्र तथा पौधा देकर किया गया। पर्यावरण की रक्षा का संदेश देने के लिए मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता को संबोधित करते हुए सकरा विधायक आदित्य कुमार ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम काफी सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन विकसिक भारत को साकार करने में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम का योगदान महत्वपूर्ण साबित होगा। विकसित भारत जी राम जी के द्वारा आज हमारे किसानों को 125 दिनों का रोजगार मिल रहा है। गरीबों को सरकार पांच किलो मुफ्त अनाज दे रही है। सड़कों का तेजी से विकास हो रहा है। आज हर क्षेत्र में विकास तेजी से हुआ है और लोगों के जीवन में अमूल चूल परिवर्तन हो रहा है। सकरा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि विकसित भारत बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है तथा सभी के प्रयासों से ही यह लक्ष्य प्राप्त होगा। जीविका बीपीएम सकरा, मो. कैफुल्लाह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचने में आज जीविका महत्वपूर्ण कार्य कर रही है जिससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में अमूल परिवर्तन हो रहा है। कार्यक्रम में विकसित भारत विषय पर आयोजित मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# महाराष्ट्र नगर निगम में भाजपा की जीत ऐतिहासिक : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने महाराष्ट्र नगर निगम में ऐतिहासिक जीत के लिए महायुति व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को कोटिशः बधाई दी है। भाजपा की एकतरफा जीत से ठाकरे ब्रांड पस्त हुआ है। श्री पाण्डेय ने कहा कि महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भाजपा और उसके गठबंधन वाली पार्टियों यानी महायुति ने एकतरफा जीत हासिल की है। इस चुनाव में भाजपा ने अकेले 1425 सीटें जीतीं हैं। मुंबई, नवी मुंबई, पुणे, नागपुर, पिंपरी चिंचवाड और नासिक, महाराष्ट्र के ज्यादातर बड़े नगर निगम अब भाजपा के हैं। श्री पाण्डेय ने कहा है कि नगर निगम चुनाव के परिणाम के और भी मायने हैं। मराठी मानुस की राजनीति करने वाले उद्धव और राज ठाकरे मुंबई तक सिमट गए हैं। कांग्रेस लातूर और चंद्रपुर के अलावा हर जगह हार गई। इसके अलावा नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवाड और नासिक में भी भाजपा गठबंधन को ही जीत मिली है। दरअसल अब सिर्फ भाजपा पूरे महाराष्ट्र की पार्टी है।

# राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं' का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**देहरादून।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) द्वारा विश्व पुस्तक मेला 2026 के अवसर पर भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 16 जनवरी 2026 को पुस्तक 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं' का भव्य लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक भारत में सड़क दुर्घटनाओं की भयावह स्थिति, उनके चिकित्सीय, सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों का विस्तृत और तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करती है तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता और प्रभावी रोकथाम की आवश्यकता पर बल देती है। यह पुस्तक उनके 25 सालों के अथक परिश्रम एवं अनुभव का परिणाम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. बी. के. एस. संजय ने कहा कि लगभग 90 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं चालक की लापरवाही के कारण होती हैं जिनमें ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, गलत ओवरटेकिंग, थकान, नींद की कमी और नशे का प्रभाव प्रमुख कारण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पुस्तक किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं से समाज को होने वाले भारी नुकसान को रोकने के उद्देश्य से लिखी गई है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं देश की प्रगति में बाधा बन रही हैं और समाज को शारीरिक व मानसिक रूप से विकलांग कर रही हैं, इसलिए यह पुस्तक विशेष रूप से वाहन चालकों को समर्पित है।

# दौड़ में अनमोल और क्रांति ने मारी बाजी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मेरा युवा भारत पटना के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न। पुरुष वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान अनमोल कुमार, दूसरा स्थान-सन्नी कुमार, तीसरा स्थान-नगीना कुमार, महिला वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान-क्रांति कुमारी, दूसरा स्थान-रूपा कुमारी, तीसरा स्थान-शालिनी कुमारी, बैडमिंटन पुरुष वर्ग में विजेता कृष्णा गुप्ता, उप विजेता प्रिंस कुमार, महिला वर्ग में प्रथम स्थान-अर्पिता दूसरा स्थान-मेनका, कबड्डी में विजेता प्रेम यूथ फाउंडेशन उप विजेता आदर्श युवा क्लब दनियावां, फुटबाल में विजेता संस्कार युवा क्लब फतुहा, उपविजेता गौरीशंकर युवा क्लब खुसरूपुर। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## स्टार्टअप इंडिया मिशन पर सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय, पटना में भव्य कार्यक्रम

# स्टार्टअप की सफलता में इंश्योरेंस प्लानिंग की भूमिका महत्वपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय, पटना में आज स्टार्टअप इंडिया मिशन - कॉलेज छात्रों के लिए अवसर विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता, स्टार्टअप संस्कृति तथा उससे जुड़े वित्तीय एवं कानूनी पहलुओं की व्यावहारिक समझ प्रदान करना था। इस अवसर पर इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट पटना चैप्टर के चेयरमैन आनंद कुमार गिरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी स्टार्टअप की सफलता में इंश्योरेंस प्लानिंग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सही बीमा योजना स्टार्टअप को अनिश्चित जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करती है और वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ मानसिक शांति भी सुनिश्चित करती है जो किसी भी उद्यम के सतत विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में आइएसटीडी के लाइफ मेंबर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट धीरज कुमार ने स्टार्टअप से संबंधित टैक्स प्लानिंग, अनुपालन एवं वैधानिक दायित्वों पर उपयोगी जानकारियां साझा कीं।

# 30 जनवरी को लोक समिति का भितिहरवा में प्रार्थना सभा एवं उपवास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने पटना प्रवास के दौरान प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि लोक समिति के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78वें शहादत दिवस के अवसर पर देश में बढ़ती किसान-मजदूरों परेशानी, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, शांति सद्भावना, सर्वधर्म समभाव एवं आत्म शुद्धि हेतु आगामी 30 जनवरी, 26 को भितिहरवा आश्रम (पश्चिमी चम्पारण) में एक दिवसीय उपवास एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि बिहार की अशिक्षा और गरीबी, उसके विकास में बड़ी बाधा है। बिहार के पिछड़ेपन का मुख्य कारण बाढ़ और सूखा है। बिहार में किसान-मजदूरों की स्थिति अच्छी नहीं है। किसान घाटे में खेती कर रहे हैं।

# विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग विराट रामायण मंदिर में स्थापित

## शिवलिंग पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा, पूजा-अर्चना, हवन, आरती के साथ शिवलिंग को किया गया स्थापित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पद्मश्री आचार्य किशोर कुणाल ने विश्व का सबसे बड़ा विराट रामायण मंदिर और विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग केसरिया स्थित विराट रामायण मंदिर में स्थापित करने का सपना देखा था। वह सपना शनिवार को अब साकार होते दिख रहा है। क्योंकि विश्व का सबसे बड़ा 33 फीट का शिवलिंग विराट रामायण मंदिर में धूमधाम से दो क्रेन की मदद से स्थापित कर दिया गया। विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग स्थापना का गवाह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा भी बने। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री विराट रामायण मंदिर प्रांगण में हेलीकॉप्टर से पहुंचे थे। तमिलनाडू के महाबलीपुरम के पुटुकाडू गांव में 10 साल में निर्मित विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग शनिवार को धूमधाम से विराट रामायण मंदिर में स्थापित हो गया। हजारों लोग इसका गवाह बने। इतने बड़े शिवलिंग को इतनी ऊंचाई पर रखने का दृश्य अद्भुत था। शिवलिंग स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही थी और प्रांगण हर-हर महादेव के नारे से गूंज रहा था। इस दृश्य को देखने के लिए बिहार ही नहीं बल्कि अलग-अलग राज्यों से भी लोग पहुंच गए थे। सुबह आठ बजे पीठ-पूजा शुरू होते ही भक्तों की भीड़ जमा हो गई थी। दर्शन करने वालों की भीड़ देर शाम तक लगी रही। साथ ही हेलीकॉप्टर से शिवलिंग पर पुष्प वर्षा देखने वालों की भीड़ देखते बन रही थी। दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग बिहार के पूर्वी चंपारण स्थित कल्याणपुर प्रखंड के कैथवलिया के विराट रामायण मंदिर में स्थापित होने के लिए महाबलीपुरम से 21 नवंबर को रवाना किया गया था और तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश,उत्तर प्रदेश होते हुए करीब 2500 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर 45 दिन में बिहार की सीमा गोपालगंज पहुंच गया था। उसी दिन शिवलिंग विराट रामायण मंदिर में पहुंच गया था। यात्रा के दौरान शिवलिंग जहां से गुजर रहा था भक्त यात्रा के दौरान शिवलिंग का जमकर स्वागत कर रहे थे और पूजा-अर्चना के लिए जमा हो जा रहे थे जहां भी वाहन खड़ा किया जा रहा हैं।

# श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मना प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक पटना के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मुरादपुर दिगम्बर जैन चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा दिगम्बर जैन मंदिर एवं पंचायती दिगम्बर जैन मंदिर सहित शहर के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में प्रातःकाल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने फिजिटल सड़क सुरक्षा कैंपेन शुरू किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतों का मुख्य कारण मानवीय भूल है। इसे देखते हुए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने (प्लीजग्रोअप) नाम से एक 'फिजिटल' (डिजिटल + फिजिकल) सड़क सुरक्षा जागरूकता कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के सबसे अनदेखे कारणों में से एक सड़क पर अपरिपक्व और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करना है। अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का दोष बुनियादी ढांचे या यांत्रिक विफलता पर मढ़ दिया जाता है जबकि हकीकत में अधिकांश मौतें टाले जा सकने वाले मानवीय व्यवहार जैसे कि तेज रफ्तार, सिग्नल तोड़ना, गाड़ी चलाते समय ध्यान भटकना, नशे में गाड़ी चलाना और बुनियादी सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। इस कैंपेन का इरादा रोजमर्रा की ड्राइविंग आदतों को आईना दिखाकर आत्म-चिंतन और जवाबदेही को प्रोत्साहित करना है। (प्लीजग्रोअप) के माध्यम से, उज्जीवन बैंक सड़क की लापरवाही को उसके वास्तविक स्वरूप में पेश करता है, जो न तो बहादुरी है, न ही कूल है और न ही वयस्कों वाला व्यवहार है, बल्कि पूरी तरह से बचकाना है। यह कैंपेन व्यंग्य और दृश्यात्मक विषमता का उपयोग करता है जिसमें गैर-जिम्मेदाराना ड्राइविंग व्यवहार को 'बेबी टॉक' (बच्चों जैसी भाषा) और बच्चों वाली कल्पनाओं के जरिए दिखाया गया है। यह रचनात्मक दृष्टिकोण इस तरह से तैयार किया गया है कि लापरवाही भरा व्यवहार सार्वजनिक सड़कों पर उतना ही अनुचित और अजीब लगे जितना कि वह वास्तव में है। शॉर्ट-फॉर्म वीडियो, डिजिटल सामग्री और सोशल मीडिया कहानियों के माध्यम से फैला यह कैंपेन दिखाता है कि कैसे एक लापरवाह निर्णय निर्दोष लोगों के लिए जीवन बदलने वाले गंभीर परिणाम ला सकता है। कैंपेन का हर हिस्सा एक ही सरल सत्य पर जोर देता है जब आप सड़क के नियम तोड़ते हैं तो आप एक बच्चे की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं और अब सुधरने का समय आ गया है। व्यापक सड़क सुरक्षा पहल के हिस्से के रूप में उज्जीवन बैंक नागरिक और यातायात अधिकारियों के सहयोग से इस सप्ताह कई शहरों में उच्च-प्रभाव वाली ऑन-ग्राउंड गतिविधियां कर रहा है। बेंगलुरु में हेलमेट के आकार की एक पूरी तरह से ब्रांडेड 'लाइफ-साइज हेलमेट मोबाइल वैन' अधिक ट्रैफिक वाले स्थानों पर रोड शो करेगी, ताकि हेलमेट के उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

# पाटलिपुत्र सहोदया का मेगा स्टेम इंटर-स्कूल प्रदर्शनी का बाल्डविन एकेडमी में आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटलीपुत्र सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारामेगा स्टेम इंटर-स्कूल प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन आज बाल्डविन एकेडमी, धवलपुरा, पटना में किया गया। लेट इमैजिनेशन थीम परआधारित इस प्रदर्शनी में 50 से अधिक सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लिए और अपनी नवाचारी स्टेम परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। अतिथि एवं निर्णायक मंडल ने विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया और छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं का मूल्यांकन किया। मूल्यांकन के पश्चात उत्कृष्ट परियोजनाओं को सम्मानित किया गया। मेगा स्टेम इंटर-स्कूल प्रदर्शनी कार्यक्रम को उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पाटलीपुत्र सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने स्वागत संबोधन में स्टेम शिक्षा की महत्ता तथा भविष्य की शिक्षा में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस प्रदर्शनी के माध्यम से पटलीपुत्र सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स का उद्देश्यबिहार में सीबीएसई विद्यालयों के बीच सहयोग, नवाचार औरगुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है, ताकि विद्यार्थी भविष्य कीचुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित राजीव शर्मा , प्रमुख सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, सीबीएसई, डॉ. राजीव शर्मा ने कहा कि स्टेम कॉन्सेप्ट से न्यू आइडिया पर विद्यार्थी काम करते है। यह विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना का निर्माण करता है।

## संपादकीय

# आवारा कुत्ते, लापरवाह सिस्टम और डर में जीते लोग

देश में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं अब आम लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए गली-मोहल्लों में सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है। पिछले कई वर्षों से यह मसला सत्ता के गलियारों से लेकर सड़क तक उठता रहा है, लेकिन इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। हालांकि, केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन नतीजा 'ढाक के तीन पात' जैसा ही है।यही वजह है कि मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय को यह कहना पड़ा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं में राज्यों को भारी मुआवजा देने के निर्देश दिए जाएंगे, क्योंकि पिछले पांच वर्षों में आवारा पशुओं से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। साथ ही यह भी कहा कि कुत्तों को सड़क पर भोजन खिलाने वालों को भी जिम्मेदार और जवाबदेह ठहराया जाएगा। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी को इसलिए महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इस संकट से निपटने के लिए न तो राज्य सरकारों की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं और न ही कुत्तों को सड़क पर भोजन परोसने पर रोक लग पाई है।केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की तरफ से पिछले वर्ष जारी आंकड़ों पर गौर करें, तो देश में जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर तक कुत्ते के काटने के सैंतीस लाख से अधिक मामले सामने आए। इनमें पांच लाख से ज्यादा मामले पंद्रह साल से कम उम्र के बच्चों के थे। जबकि कुत्ते के काटने से करीब सैंतीस लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर मामले रेबीज संक्रमण के थे। इन आंकड़ों से स्थिति की गंभीरता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस समस्या से निजात पाने का सरल एवं प्रभावी उपाय आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करना माना जाता है। इसके लिए विभिन्न राज्यों में टीकाकरण के जरिए कुत्तों का बंध्याकरण करने का कार्यक्रम शुरू किया गया था, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही और इच्छाशक्ति के अभाव में यह मुहिम कागजों में ही दम तोड़ती नजर आ रही है। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है और इंसानों को काटने की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।शीर्ष अदालत ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पिछले दिनों आक्रामक आवारा कुत्तों को सड़क से हटाकर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया था। साथ ही गली-मोहल्लों में कुत्तों को सड़क पर भोजन नहीं परोसने की हिदायत भी दी थी। मगर पशु प्रेमियों को यह फैसला रास नहीं आया और यह मामला फिर से सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया।इसमें दोराय नहीं है कि आवारा कुत्तों को सुरक्षित और खुला वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन इस बात को भी समझना जरूरी है कि मानव सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने भी यह सवाल उठाया है कि अगर पशु प्रेमियों को आवारा कुत्तों से लगाव है, तो वे उन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते? दरअसल, कुत्तों को सड़क पर भोजन परोसे जाने से वे वहीं आसपास घूमते रहते हैं और स्थानीय लोगों को काटते और डराते हैं। ऐसे में इस बात पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि सरकार और समाज के सामूहिक प्रयासों से ही इस समस्या से निपटने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

**राजस्थान के अब तक के मुख्यमंत्रियों का शासन बहुआयामी अनुभवों से भरा रहा है, जिसमें प्रशासनिक दक्षता, सामाजिक न्याय, विकासात्मक प्राथमिकताओं और राजनीतिक स्थिरता-इन सभी के विविध रूप देखने को मिलते हैं। हीरालाल शास्त्री और जय नारायण व्यास जैसे प्रारंभिक मुख्यमंत्रियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रशासनिक ढांचे की नींव रखी।**

# 'भजन-राज' यानी 'भरोसे के शासन' में राजस्थान के नये आयाम

(ललित गर्ग)

राजस्थान की राजनीति में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हालिया दौरा किसी औपचारिक कार्यक्रम या शिष्टाचार भर तक सीमित नहीं था, वह एक स्पष्ट राजनीतिक संकेत, एक भरोसे की सार्वजनिक मुहर और एक स्थायित्व का उद्घोष था। जाते-जाते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पीठ थपथपाकर अमित शाह ने यह जता दिया कि प्रदेश की कमान अब पूरी तरह ऐसे नेतृत्व के हाथों में है, जिस पर केंद्रीय आलाकमान को केवल विश्वास ही नहीं, बल्कि गहरा संतोष भी है। जिसे कभी राजनीतिक गलियारों में 'सरप्राइज पैकेज' कहकर देखा गया था, वही नेतृत्व आज राजस्थान की स्थिरता, सुशासन और भविष्य की ठोस नींव के रूप में स्थापित हो चुका है और राजस्थान की स्वर्णगाथा लिखने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक विशिष्ट और लगातार सफल रहा प्रयोग यह रहा है कि वे सत्ता और संगठन में नए चेहरों को निर्णायक जिम्मेदारियां सौंपने से नहीं हिचकते। पर्दे के पीछे वर्षों तक ईमानदारी और निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को अचानक मुख्यमंत्री, उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष या राज्यपाल जैसे पदों पर आसीन करना मोदी की राजनीतिक शैली का साहसिक पक्ष रहा है। इन निर्णयों ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राजनीति में अनुभव के साथ-साथ चरित्र, प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निष्ठा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाना भी ऐसा ही एक निर्णय था, जिसने आरंभ में अनेक लोगों को आश्चर्य में डाला। किंतु समय ने सिद्ध कर दिया कि यह निर्णय भावनात्मक नहीं, बल्कि गहरी राजनीतिक समझ और दूरदृष्टि पर आधारित था।

मुख्यमंत्री पद संभालते ही भजनलाल शर्मा ने यह साफ कर दिया कि वे सत्ता को साधन मानते हैं, साध्य नहीं। उनका एजेंडा कुर्सी बचाने का नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलने का है। राजस्थान लंबे समय तक गुटीय राजनीति, शक्ति-संतुलन और पर्दे के पीछे चलने वाले समीकरणों से जूझता रहा है। सत्ता के भीतर ही सत्ता को चुनौती देने वाली प्रवृत्तियां यहां सामान्य रही हैं। भजनलाल शर्मा ने बिना किसी टकराव, बिना शोर-शराबे और बिना किसी को अपमानित किए, इन सभी प्रवृत्तियों को धीरे-धीरे अप्रासंगिक कर दिया। उन्होंने शासन को व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि प्रणाली-केंद्रित बनाया। यही कारण है कि आज निर्णय तेजी से होते हैं, उन पर अमल भी होता है और उनकी जवाबदेही भी तय होती है। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है, जो केवल कागजों या भाषणों तक सीमित नहीं रही। विशेष रूप से पेपर लीक माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई ने सरकार की मंशा और मुख्यमंत्री के साहस को स्पष्ट रूप से उजागर किया। वर्षों से यह माफिया लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता रहा, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते उस पर हाथ डालने का साहस कोई नहीं कर पाया। भजनलाल शर्मा ने सत्ता संभालते ही इस समस्या को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। एसआईटी के गठन, त्वरित जांच, बड़े नामों की गिरफ्तारी और बिना किसी दबाव के निष्पक्ष कार्रवाई ने यह सिद्ध कर दिया कि यह सरकार केवल घोषणाओं में नहीं, परिणामों में विश्वास रखती है। इससे न केवल युवाओं का भरोसा लौटा, बल्कि यह संदेश भी गया कि अब राजस्थान में कानून से बड़ा कोई नहीं है।



इसी प्रकार, दशकों से प्यास से जूझ रहे राजस्थान के लिए ईआरसीपी परियोजना पर मध्य प्रदेश के साथ हुआ ऐतिहासिक समझौता मुख्यमंत्री की राजनीतिक परिपक्वता और संवाद क्षमता का प्रमाण है। जिस योजना को वर्षों तक केवल चुनावी वादों और फाइलों में उलझाकर रखा गया था, उसे उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग और पड़ोसी राज्य के साथ सकारात्मक संवाद के जरिए वास्तविकता में बदलने का मार्ग प्रशस्त किया। यह निर्णय बताता है कि भजनलाल शर्मा टकराव की राजनीति के बजाय समाधान की राजनीति में विश्वास रखते हैं। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर भी उनकी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध और अपराधियों के लिए अब कोई नरमी नहीं है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन, संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपराधियों में कानून का भय-ये सभी कदम इस बात के प्रमाण हैं कि राज्य में सत्ता का इकबाल लौट रहा है। आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है और अपराधी खुद को असुरक्षित। यह सुशासन का सबसे ठोस संकेत होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'विकसित भारत' की संकल्पना को राजस्थान में जमीन पर उतारने में भी मुख्यमंत्री की सक्रियता स्पष्ट दिखाई देती है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचें, यह केवल नारा नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्राथमिकता बनी है। फैसलों में स्पष्टता, गति और निष्पक्षता-इन तीनों का संतुलन उनकी कार्यशैली को विशिष्ट बनाता है। यही कारण है कि विपक्ष भी आज ठोस आलोचना के बिंदु खोजने में असहज नजर आता है। भजनलाल शर्मा के शासन की चर्चा करते समय उनके चारित्रिक और व्यक्तिगत गुणों का उल्लेख अत्यंत आवश्यक है। राजनीति में जहां दिखावा, आडंबर और अहंकार आम बात हो चली है, वहीं भजनलाल शर्मा अपनी सरलता, सहजता और सादगीपूर्ण जीवनशैली के लिए पहचाने जाते हैं। सत्ता में आने के बाद भी उनके व्यवहार, भाषा और जीवन-शैली में कोई कृत्रिम बदलाव नहीं आया। वे निर्णय लेते समय दृढ़ होते हैं, लेकिन संवाद में विनम्र रहते हैं। उनका राजनीतिक कौशल शोर में नहीं, बल्कि परिणामों में दिखाई देता है। वे जानते हैं कि कब कठोर होना है और कब संयम रखना है। यही संतुलन उन्हें भीड़ से अलग करता है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान और जनता के प्रति उत्तरदायित्व-ये सभी गुण उनके नेतृत्व को नैतिक आधार प्रदान करते हैं।

राजस्थान के अब तक के मुख्यमंत्रियों का शासन बहुआयामी अनुभवों से भरा रहा है, जिसमें प्रशासनिक दक्षता, सामाजिक न्याय, विकासात्मक प्राथमिकताओं और राजनीतिक स्थिरता-इन सभी के विविध रूप देखने को मिलते हैं। हीरालाल शास्त्री और जय नारायण व्यास जैसे प्रारंभिक मुख्यमंत्रियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रशासनिक ढांचे की नींव रखी। मोहनलाल सुखाड़िया का दीर्घकालीन शासन सिंचाई, पंचायतीराज और सामाजिक सुधारों के लिए स्मरणीय रहा, जिसे 'आधुनिक राजस्थान' की आधारशिला माना जाता है। बाद के वर्षों में हरिदेव जोशी, शिवचरण माथुर और अशोक गहलोत ने कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा-स्वास्थ्य और विकेंद्रीकरण पर बल दिया, जबकि भैरोंसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे के शासन में आधारभूत संरचना, औद्योगिक निवेश, सड़क-बिजली और प्रशासनिक सख्ती पर अधिक जोर दिखा। इन सबके तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में भजनलाल शर्मा का शासन अपेक्षाकृत नया होते हुए भी सुशासन, अनुशासन और डिलीवरी के संकल्प के साथ आगे बढ़ता दिखाई देता है। उनका फोकस प्रशासनिक चुस्ती, कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, केंद्र-राज्य समन्वय और योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर है। पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों के शासन जहाँ दीर्घ अनुभव और स्थापित नीतिगत पहचान के लिए जाने जाते हैं, वहीं भजनलाल शर्मा का शासन अपेक्षाओं, परिणामोन्मुखी कार्यसंस्कृति और नई कार्यशैली के परीक्षण के दौर में है। इस प्रकार राजस्थान की राजनीति में उनका कार्यकाल परंपरा और परिवर्तन-दोनों के बीच एक सेतु की तरह देखा जा सकता है, जहाँ पूर्व शासनों की उपलब्धियों से सीख लेकर भविष्य के लिए अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी शासन मॉडल गढ़ने का प्रयास परिलक्षित होता है।

# ईश्वर है या नहीं की बहस के पार

(सुंदरचंद ठाकुर )

कुछ दिन पहले सोशल मीडिया में जावेद अख्तर और मुफ्ती शमाइल नदवी के बीच ईश्वर के अस्तित्व को लेकर एक तीखी बहस देखने को मिली। यह बहस नई नहीं थी, पर यह एक बार फिर उस सवाल को सामने ले आई, जो सदियों से मानव मन को उलझाता आया है कि क्या ईश्वर वास्तव में है या वह केवल मानव कल्पना की उपज है।


जावेद अख्तर ने अपने तर्कों में कहा कि ईश्वर के अस्तित्व का कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है। उनका कहना था कि यदि ईश्वर सर्वशक्तिमान और करुणामय है, तो संसार में इतना दुख, हिंसा और अन्याय क्यों है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि मनुष्य ने ईश्वर की कल्पना भय और असहायता के क्षणों में की, ताकि जीवन की अनिश्चितताओं से जूझ सके। उनके अनुसार, विज्ञान और तर्क के युग में बिना प्रमाण के किसी सत्ता को स्वीकार करना बौद्धिक ईमानदारी नहीं है।

दूसरी ओर मुफ्ती शमाइल नदवी ने ईश्वर के पक्ष में यह कहा कि सृष्टि की व्यवस्था, नैतिक चेतना और जीवन का उद्देश्य स्वयं ईश्वर के अस्तित्व की ओर संकेत करता है। उनका तर्क था कि यह विशाल और संतुलित ब्रह्मांड किसी अंधे संयोग का परिणाम नहीं हो सकता। उन्होंने आस्था, धर्मग्रंथों और परंपरा को ईश्वर के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया।

यह बहस देखने में दो विरोधी ध्रुवों की टकराहट लगती है ङ्क एक ओर तर्क और संदेह, दूसरी ओर आस्था और विश्वास। पर वेदांत कहता है कि दोनों ही पक्ष अधूरे हैं, क्योंकि दोनों ही ईश्वर को एक बाहरी सत्ता के रूप में देख रहे हैं।

आदि शंकराचार्य ने स्पष्ट कहा था - 'ब्रह्म सत्यं, जगत मिथ्या।' इसका अर्थ यह नहीं कि संसार झूठा है, बल्कि यह कि जो बदल रहा है, वह अंतिम सत्य नहीं हो सकता। वेदांत के अनुसार ईश्वर कोई व्यक्ति नहीं है, न ही कोई दूर बैठी सत्ता। वह चेतना है। वही चेतना जो देखने वाले में, सोचने वाले में और प्रश्न करने वाले में उपस्थित है।

स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था कि ईश्वर को बाहर खोजने वाला उसे कभी नहीं पाएगा। उन्होंने कहा था कि तुम स्वयं उस चेतना का अंश नहीं, बल्कि वही चेतना हो। जब तक मनुष्य स्वयं को केवल शरीर और मन मानता रहेगा, तब तक ईश्वर या तो एक कल्पना लगेगा या एक डर। पर जैसे ही वह अपनी चेतना को पहचानता है, ईश्वर कोई विश्वास नहीं, एक अनुभव बन जाता है।



वेदांत यह नहीं कहता कि ईश्वर है या नहीं है, बल्कि यह कहता है कि केवल चेतना है।

वही चेतना पदार्थ में प्रकट होकर शरीर बनती है, वही चेतना विचार बनकर मन में बहती है, और वही चेतना स्वयं को सीमित मानकर दुख अनुभव करती है।

# बीएमसी में बीजेपी ने कैसे बजाई ठाकरे भाइयों की 'पुंगी'

**मुंबई में बीजेपी और उसकी सहयोगियों की बड़ी जीत उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की निजी राजनीति के लिए बहुत बड़ा झटका है। उन्होंने क्षेत्रवाद का जो जहर बोने की कोशिश की थी, उसका उन्हें ही खामियाजा भुगतना पड़ा है। देश के कुछ राज्यों से भी बड़े बजट वाले बीएमसी से लंबे समय बाद ठाकरे परिवार का प्रभुत्व खत्म हो गया है। ठाकरे परिवार की सियासत के लिए बीएमसी का रोल कुछ उसी तरह का रहा है, जैसे मछलियों के लिए पानी। यही वजह है कि महाराष्ट्र में बीजेपी की अगुवाई वाली महायुति से मिल रही चुनौती ने वर्षों बाद उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को बीएमसी चुनाव के लिए साथ आने को मजबूर कर दिया। इस चुनाव में बीजेपी गठबंधन की बड़ी जीत को कुछ विश्लेषक ठाकरे परिवार के राजनीतिक भविष्य से जोड़ रहे हैं। वास्तव में इस चुनाव नतीजे ने ठाकरे परिवार को वहां पर चोट मारी है, जहां से उसने सियासत की शुरुआत की थी।**

(अंजन कुमार)

बीएमसी में ठाकरे भाइयों की बड़ी हार बीएमसी की 227 सीटों के लिए गुरुवार को हुई वोटिंग के दौरान एक सर्वे हुआ, जिससे पता चलता है कि इस चुनाव में बीजेपी और शिवसेना को किसने अधिक वोट दिए और शिवसेना (उद्धव ठाकरे), महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना(एमएनएस) और एनसीपी(शरद पवार) पर किसने ज्यादा भरोसा जताया। इस सर्वे का जो नतीजा है, उसे परिमाण के साथ देखने से पता चलता है कि उद्धव और राज ठाकरे परिवार की राजनीति ही आखिरकार उन्हें अपने ही गढ़ में ले डूबी है।

मराठी वोटरों का ठाकरे भाइयों को साथ

एक्सिस माय इंडिया के सर्वे के अनुसार 'मराठी माणूस' की राजनीति करने वाली शिवसेना (यूबीटी) और सहयोगियों को इस समुदाय के सबसे ज्यादा वोट मिले हैं। 49 प्रतिशत मराठी वोटर इन्हीं के पक्ष में गए हैं, जबकि बीजेपी और सहयोगियों को 30 प्रतिशत मराठी मतदाताओं ने वोट दिया है। जबकि, कांग्रेस और सहयोगी सिर्फ 8 प्रतिशत मराठी वोटरों को रिझा सके। मराठी के अलावा ठाकरे भाइयों पर सबसे ज्यादा मुसलमानों ने भरोसा जताया है और इन्हें 28 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिले हैं। अलबत्ता कांग्रेस प्लस 41 प्रतिशत मुस्लिम वोट के साथ इस रेस में सबसे आगे है। जबकि, बीजेपी प्लस को मात्र 12 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिले हैं। वहीं महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में बीजेपी और पार्टी गठबंधन की जीत पर कहा- सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से भाजपा ने राज्य में एक बार फिर शानदार जीत हासिल की है। यह जीत बीजेपी के विकास और प्रगति सुनिश्चित करने वाले विजन में लोगों के भरोसे को दिखाती है।



उत्तर, दक्षिण भारतीय वोटर बीजेपी के साथ

लेकिन, उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय मतदाताओं ने बीजेपी प्लस के लिए दिल खोलकर मतदान किया है। बीजेपी प्लस को 68प्रतिशत उत्तर भारतीय और 61 प्रतिशत दक्षिण भारतीय वोट मिले हैं। लेकिन, शिवसेना (यूबीटी)प्लस को 19प्रतिशत उत्तर भारतीय और 21प्रतिशत दक्षिण भारतीय वोट ही मिले हैं। कांग्रेस के खाते में इनके क्रमशः 2प्रतिशत और 8प्रतिशत वोट गए। मतलब, यहीं पर ठाकरे बंधुओं का बेड़ागर्क हो गया। राज ठाकरे उत्तर भारतीयों के प्रति नफरती बयानों के लिए कुख्यात रहे हैं तो दक्षिण भारतीयों के विरोध से ठाकरे परिवार की राजनीति ही शुरू हुई थी।

दक्षिण भारतीय वोटरों ने बजा दी 'पुंगी'

उद्धव ठाकरे के पिता बाल ठाकरे ने मराठी मानूस की बात करके इस समुदाय पर अपनी गहरी छाप छोड़ी थी। 1966 में उन्होंने शिवसेना की स्थापना ही एक तरह से मुंबई में दक्षिण भारतीयों के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए की थी। इसके लिए उनका एक नारा 'उठाओ लुंगी, बचाओ पुंगी' काफी प्रभावशाली साबित हुआ। उनके निशाने पर सबसे ज्यादा तमिल ही रहे। बाद में दक्षिण भारतीयों की तुलना में उत्तर भारतीयों की संख्या ज्यादा बढ़नी शुरू हो गई। लेकिन, आज भी एक अच्छी-खासी दक्षिण भारतीय आबादी मुंबई में है और सर्वे से पता चलता है कि उन्होंने ठाकरे परिवारों की 'पुंगी'बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

तमिलनाडु की 'रसमलाई' का बड़ा रोल दक्षिण भारतीय वोटरों और खासकर तमिलनाडु के मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने के लिए बीएमसी चुनाव प्रचार में बीजेपी ने चेन्नई से अपने लोकप्रिय नेता और पूर्व आईपीएस के अन्नामलाई को उतारा था। नतीजे बताते हैं कि सायन, धारावी जैसे दक्षिण भारतीयों के प्रभाव वाले जिन इलाकों में उन्होंने बीजेपी के लिए प्रचार किया है, वहां सत्ताधारी गठबंधन को अच्छी सफलता मिली। जबकि, अन्नामलाई राज ठाकरे के निशाने पर थे।

**ठाकरे भाइयों की राजनीति नहीं चली:** यही नहीं, अन्नामलाई को लेकर चुनाव प्रचार के दौरान एक बड़ा विवाद भी हो गया था। उन्होंने यह कह दिया था कि 'बॉम्बे महाराष्ट्र का शहर नहीं, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय शहर है।' वह ये दलील दे रहे थे कि अगर बीएमसी में बीजेपी की सरकार बनेगी तो ट्रिपल इंजन सरकार से मुंबई का प्रशासन अच्छे से चलेगा। एमएनएस चीफ राज ठाकरे ने अपने पुराने वाले अंदाज में इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा, तमिलनाडु से एक रसमलाई आया है। इस स्थान से आपका क्या कनेक्शन है? हटाओ लुंगी बजाओ पुंगी। बाद में शिवसेना (यूटीबी) के मुखपत्र 'सामना' में भी उन्हें 'भिखारी' कह दिया गया।

कुछ महीने बाद दक्षिण के दो राज्यों तमिलनाडु और केरल में विधानसभा चुनाव है। तमिलनाडु में बीजेपी की सरकार बनाने का केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दावा भी कर चुके हैं। मुंबई के वोटरों के जनादेश को बीजेपी निश्चित रूप से वहां भी संदेश के रूप में पहुंचाने की कोशिश करेगी। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में भाजपा का मेयर बनाकर उसका मंसूबा पहले से ही ऊंचा है।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# पीएम आवास योजना में खुला रिश्वत का खेल, जियो टैग के बाद भी गरीबों को नहीं मिला घर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जैसी महत्वाकांक्षी योजना में घोर अनियमितता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर ग्राम पंचायत संझैली, प्रखंड कसबा में आवास सर्वे की विशेष जाँच कराई गई।

दिनांक 16 जनवरी 2026 को निदेशक, डीआरडीए, पूर्णिया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, कसबा द्वारा संयुक्त रूप से वार्ड संख्या-05 में स्थल निरीक्षण कर आवेदकों से सीधी पूछताछ की गई। इस दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि जिन गरीब परिवारों का आवास सर्वे कर जियो टैग तक किया गया था, उनके नाम जानबूझकर आवास सूची से बाहर कर दिए गए। जाँच में शामिल 10 आवेदकों ने एक स्वर में बताया कि सर्वे के समय वार्ड संख्या-05 के वार्ड सदस्य पति अली हसन एवं ग्राम पंचायत संझैली के तत्कालीन ग्रामीण आवास सहायक जयशंकर कुमार अंशु द्वारा प्रति लाभार्थी 1500 से 2000 रुपया तक की अवैध राशि वसूली गई। पैसे देने के बावजूद चेकर सत्यापन के समय किसी भी आवेदक का नाम सूची में दर्ज नहीं किया गया, जिससे गरीब परिवारों के साथ खुला छल हुआ।

जाँच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी, कसबा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वार्ड सदस्य पति अली हसन एवं तत्कालीन ग्रामीण आवास सहायक जयशंकर कुमार अंशु के विरुद्ध कसबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। साथ ही, ग्रामीण आवास सहायक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

प्रशासन की इस सख्ती से जहां ग्रामीणों में न्याय की उम्मीद जगी है, वहीं जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# रूपाली में 21 को सरकार सीधे जनता से करेगी संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बनमनखी/पूर्णिया।** सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक सीधी और सरल पहुंच देने के उद्देश्य से 21 जनवरी को जानकीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत रूपाली (दक्षिण) के दुर्गा मंदिर मैदान में 'आपकी योजना' आपकी सरकार 'आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने अनुमंडल कार्यालय वेश्म में सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की।

बैठक के दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि यह आयोजन महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करे, ताकि कोई भी योग्य व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए। एसडीएम ने जानकारी दी कि शिविर स्थल पर सभी विभागों के काउंटर लगाए जाएंगे, जहां जिला और प्रखंड स्तर के अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। शिविर में जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, राशन कार्ड निर्गत व संशोधन, भूमि से संबंधित कार्य जैसे दाखिल-खारिज, भूमि मापी एवं स्वामित्व प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सेवा गारंटी को जमीन पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। यह पहल पारदर्शी प्रशासन और जनहितकारी शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्रामीण इलाकों में सरकारी व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत करेगा।

# आज पूर्णिया में सूढ़ी वैश्य समाज की शक्ति का होगा प्रदर्शन

## कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी

■ प्रतिनिधि मिलन सह स्वागत समारोह में मंत्री अरुण शंकर प्रसाद करेंगे उद्घाटन, कसबा मोड़ से भव्य अगुवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** आज 18 जनवरी 2026, रविवार को अखिल भारतीय सूढ़ी वैश्य संगठन, बिहार के तत्वावधान में पूर्णिया प्रमंडल द्वारा आयोजित प्रतिनिधि मिलन सह स्वागत समारोह समाज की संगठनात्मक एकजुटता और सामाजिक चेतना का सशक्त उदाहरण बनने जा रहा है। यह गरिमामय आयोजन दिन के 11 बजे से मां पंचादेवी हॉस्पिटल कैंपस, लाइन बाजार, पूर्णिया में आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर सूढ़ी वैश्य समाज के सभी वर्गों में विशेष उत्साह और सहभागिता का वातावरण है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद करेंगे। मंत्री के आगमन को लेकर समाज द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी की गई है।

आज सुबह कसबा मोड़ पर पहले उनका फूल-मालाओं से सम्मान किया जाएगा, जिसके उपरांत अखिल भारतीय सूढ़ी वैश्य संगठन के बैनर तले दर्जनों मोटरसाइकिल एवं चारपहिया वाहनों के विशाल काफिले के साथ उनकी अगुवाई करते हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल मां पंचादेवी हॉस्पिटल कैंपस तक लाया जाएगा। यह अगुवाई समाज की एकजुट शक्ति और संगठनात्मक अनुशासन का जीवंत संदेश देगी। समारोह में पूर्व मंत्री डॉ. रामचंद्र पूर्वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि डॉ. बरुण कुमार, प्रदेश संयोजक, अखिल भारतीय सूढ़ी वैश्य संगठन, संगठनात्मक विषयों पर समाज को दिशा देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह आयोजन प्रसिद्ध सर्जन डॉ. ए के गुप्ता द्वारा किया जा रहा है, जिनकी सक्रिय भूमिका इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान करती है। कार्यक्रम को लेकर आयोजक डॉ. ए. के. गुप्ता ने कहा कि 'यह प्रतिनिधि मिलन केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि सूढ़ी वैश्य समाज को वैचारिक, सामाजिक और संगठनात्मक रूप से एक मंच पर लाने का सशक्त प्रयास है। हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए एक मजबूत, संगठित और जागरूक संरचना खड़ी करना है, ताकि आने वाले समय में समाज अपनी भूमिका और अधिकारों को और प्रभावी ढंग से निभा सके।' उन्होंने कहा कि समाज की संगठित शक्ति ही सामाजिक सम्मान और प्रगति का आधार है। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कार्यक्रम में विधायक बैद्यनाथ प्रसाद, पूर्व मंत्री डॉ. रामप्रकाश महतो, विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा, पूर्व मंत्री समीर महासेठ, विधायक डॉ. स्वेता गुप्ता, पूर्व एमएलसी सुमन महासेठ, एमएलएसी रेखा कुमारी, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी एवं पूर्व प्रत्याशी डॉ. स्मिता पूर्वे शामिल हो रहे हैं। वहीं सम्मानित अतिथियों में प्रदेश युवा सूढ़ी अध्यक्ष प्रह्लाद पूर्वे, महिला प्रदेश संयोजक धनवंती देवी, प्रदेश सह संयोजक सुनील गड़ई, मुख्यालय प्रभारी रतनेश प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा सभी प्रमंडलीय संयोजक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अमित पूर्वे एवं सुनील नायक द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्णिया प्रमंडल के सभी सह संयोजक, कार्यसमिति सदस्य, सभी जिला संयोजक एवं समाज के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम में पधारने वाले सभी अतिथियों और समाजजनों के लिए आयोजक डॉ. ए. के. गुप्ता द्वारा भोजन की समुचित व्यवस्था भी की गई है। कुल मिलाकर, आज का यह प्रतिनिधि मिलन सह स्वागत समारोह सूढ़ी वैश्य समाज के लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन, सम्मान और सामूहिक भविष्य की मजबूत नींव रखने का अवसर है। आयोजकों ने समाज के अधिक से अधिक लोगों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में सहभागिता कर समाज की एकता और शक्ति का परिचय दें।

# एसपी के निर्देश पर मनिहारी थाना मे मामला दर्ज

**कटिहार ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मनिहारी बाजार निवासी एक युवती ने कटिहार पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। युवती की लिखित आवेदन पर एसपी श्री चौधरी ने मनिहारी थाना में मामला दर्ज कर दोषी के विरूद्ध आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई के निदेश दिये हैं। इस संदर्भ मे मनिहारी थाना में कांड संख्या - 14/2026 दर्ज कर ली गयी है। वादिनी द्वारा लगाये गये आरोप पर बीएनएस की धारा 126(2), 115, (2)329, (3) 75, 76,78,352, 351(2)/3 (5) अंकित कर जांच आरंभ कर दी गयी है। वादिनी ने कथित गैप इंस्टीट्यूट एण्ड टेक्नोलाजी वेलफेयर ट्रस्ट के कार्यालय में विगत पांच महीने से कार्य करती है।

# पूर्णिया में सामूहिक दुष्कर्म के खिलाफ अभाविप का आक्रोश, बनमनखी में निकाला गया मशाल जुलूस

## दोषियों को फांसी, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक ट्रायल की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बनमनखी/पूर्णिया।** पूर्णिया जिले में बीते 11 जनवरी को हुई सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इसी के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) बनमनखी इकाई की ओर से शुक्रवार को एक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व अइश्ढ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल कुमार ने किया।

मशाल जुलूस शिक्षा नगर से प्रारंभ होकर स्वामी विवेकानंद चौक, टमटम चौक, जीएलएम कॉलेज रोड, अनुपलाल मेहता चौक होते हुए नेहरू चौक पर समाप्त हुआ। हाथों में जलती मशाल और जुबान पर न्याय की मांग के साथ छात्र-छात्राओं और युवाओं का आक्रोश साफ झलक रहा था। इस दौरान ABVP नेताओं ने दोषियों को फांसी की सजा, शेष फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा पूरे मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की पुरजोर मांग की। वक्ताओं ने कहा कि पीड़िता के साथ हुई यह अमानवीय घटना न केवल मानवता को शर्मसार करती है, बल्कि जिले की कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल कुमार ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद कार्रवाई की रफ्तार थम सी गई है, जिससे यह आशंका पैदा हो रही है कि कहीं न कहीं अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। अइश्ढ दोषियों को कठोरतम सजा दिलाकर ही दम लेगी।' उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मशाल जुलूस में अइश्ढ के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

# भूकंप सुरक्षा : ओरलाहा विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी /पूर्णिया।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओरलाहा में शनिवार को भूकंप और उससे बचाव के उपायों को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक राहुल कुमार रंजन ने विद्यार्थियों को भूकंप के कारण, प्रभाव और सुरक्षा के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि भूकंप पृथ्वी की अंदरूनी प्लेटों के आपस में टकराने से उत्पन्न होने वाला प्राकृतिक कंपन है। इस दौरान मकान, पेड़, बिजली के पोल और अन्य संरचनाएं हिलती हैं, जो कभी-कभी जानलेवा साबित हो सकती हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्र 'झुको, ढको और पकड़ो' का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भूकंप के समय घबराना या भागना खतरनाक हो सकता है, इसलिए मकान के कोने में या मजबूत फर्नीचर के नीचे छिपकर सुरक्षित रहा जा सकता है। इसके साथ ही, किसी भी पेड़ या बिजली के पोल के नीचे खड़ा होने से बचने की चेतावनी दी गई। कार्यक्रम के



अंत में बच्चों से अपील की गई कि वे आपदा 5के समय संयम बनाए रखें और इस महत्वपूर्ण जानकारी को अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों तक पहुंचाएं। इस जागरूकता कार्यक्रम से विद्यालय के विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन के प्रति समझ और सतर्कता बढ़ी है।

# जनता की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान : डीएम

■ सोमवार और शुक्रवार को जिले से पंचायतस्तर तक के कार्यालय में होगा शिकायत का समाधान




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** राज्य सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के विजन को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता आयोजित कर इस नई व्यवस्था की जानकारी दी। दौरान जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने संयुक्त रूप से इस नई व्यवस्था की जानकारी दी।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि आगामी 19 जनवरी से जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसंवाद शिविर की शुरूआत की जा रही है।जिसका उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में आम लोगों को होने वाली असुविधा को समाप्त करना और अधिकारियों की जवाबदेही तय करना है। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि दूर-दराज से अपनी फरियाद लेकर आने वाले लोगों को अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण निराश लौटना पड़ता है, लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं रहेगी। नई व्यवस्था के अनुसार, अब सप्ताह के दो कार्य दिवसों सोमवार और शुक्रवार को जिले के सभी ग्राम पंचायत,थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल और जिलास्तरीय कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि अंचल मे सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक अधिकारी जनता से सीधे रूबरू होंगे। जबकि जिला मुख्यालय मे दोपहर 12:00 बजे से निरंतर जनसंवाद शिविर का आयोजन होगा। वही पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आम लोगों की शिकायतों और पुलिस से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्धारित दिन संबंधित पदाधिकारी को अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

# प्रधानमंत्री की पूर्णिया यात्रा की कड़ी में मंत्री दिलीप जायसवाल का विकास संदेश

■ भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उद्योग व पथ निर्माण मंत्री ने सड़क, स्टार्ट-अप और कानून व्यवस्था पर रखी सरकार की स्पष्ट नीति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूर्णिया यात्रा और यहां से असम प्रस्थान की कड़ी में शनिवार को उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल पूर्णिया पहुंचे। प्रधानमंत्री दिल्ली से विमान द्वारा पूर्णिया एयरपोर्ट पहुंचे और यहीं से असम के लिए रवाना हुए। इसी कार्यक्रम की अगुवाई के क्रम में मंत्री दिलीप जायसवाल ने भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता के निजी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

प्रेस वार्ता से पूर्व जब मंत्री नूतन गुप्ता के आवास पहुंचे, तो मुख्य द्वार पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और शंखध्वनि के बीच उनका भव्य स्वागत किया। नूतन गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंत्री को सम्मानपूर्वक आवास परिसर में प्रवेश कराया। इसके पश्चात मंत्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा बिहार की चिंता करते हैं। एयरपोर्ट पर उन्होंने बिहार का हाल-चाल लिया और मुख्यमंत्री से विकसित बिहार की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार के कारण बिहार में विकास की रफ्तार तेज हुई है। मंत्री ने नेशनल स्टार्ट-अप डे का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2016 में शुरू की गई इस पहल का परिणाम है कि आज देश में 75 लाख से अधिक स्टार्ट-अप सक्रिय हैं, जबकि बिहार में 2000 से अधिक स्टार्ट-अप युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमियों को 10 लाख रुपये तक की सहायता और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 25 लाख रुपये तक का सहयोग दिया जा रहा है। युवाओं से उन्होंने अपील की कि वे बाहर जाने के बजाय बिहार में ही अपनी तकनीक और उद्यम को विकसित करें। पथ निर्माण विभाग की योजनाओं पर मंत्री ने कहा कि बिहार में सड़कों का व्यापक जाल बिछाया जा रहा है। पांच बड़े एक्सप्रेसवे निमार्णाधीन हैं, जिससे यातायात सुगम होगा। मार्च से लागू होने वाली रोड मेंटेनेंस पॉलिसी के तहत 72 घंटे के भीतर गड्ढों की मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी। थाने चौक से मधुबनी रोड के चौड़ीकरण का प्रस्ताव भेजा गया है। एनएच-107 का कार्य तेजी से चल रहा है और पूर्णिया-खगड़िया फोर-लेन परियोजना भी प्रगति पर है। पर्यावरण संरक्षण पर मंत्री ने कहा कि जमुई और बांका में 800 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जहां विकास के साथ-साथ वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

# गेड़ाबाड़ी में जर्जर मकान से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा /कटिहार।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत कोढ़ा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की है।

थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि दिनांक 16 जनवरी के रात्रि में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पूरे जिले में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि गेड़ाबाड़ी पेट्रोल पंप के पास स्थित एक पुराने और जर्जर मकान में भारी मात्रा में विदेशी शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना के सत्यापन के तुरंत बाद कोढ़ा थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। जर्जर मकान की तलाशी लेने पर वहां से पुलिस ने कुल 139.2 लीटर विदेशी शराब बरामद की। शराब तस्करों द्वारा इसे अवैध रूप से खपाने की योजना थी, जिसे पुलिस ने विफल कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस बरामदगी के संबंध में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस धंधे में शामिल मुख्य सरगनाओं और शराब की इस खेप के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।

# गणतंत्र दिवस को गरिमा व अनुशासन का स्वरूप देने की तैयारी, बनमनखी में प्रशासन सतर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बनमनखी/पूर्णिया।** गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व को गरिमामय, अनुशासित और विधिसम्मत ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अनुमंडल प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय वेश्म में एक समन्वयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा, प्रशासन, नगर निकाय एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि 26 जनवरी को मुख्य राजकीय समारोह सुमरित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित होगा। प्रशासन ने सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय पर छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम की गरिमा और सामूहिक सहभागिता बनी रहे। अनुमंडल प्रशासन ने यह भी तय किया है कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों द्वारा विषय-आधारित झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो सामाजिक चेतना, प्रशासनिक उपलब्धियों और राष्ट्रीय मूल्यों को प्रतिबिंबित करेंगी। झांकियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 24 जनवरी को पूर्वाभ्यास कराया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को लेकर विशेष रूप से दिशा-निर्देश जारी किए गए। स्पष्ट किया गया कि ध्वज संहिता के अनुरूप केवल स्वच्छ एवं नया तिरंगा ही फहराया जाएगा। किसी भी स्थिति में फटे, गंदे अथवा क्षतिग्रस्त ध्वज के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। साथ ही ध्वजारोहण हेतु खंभे की ऊंचाई और संरचना को मानक के अनुरूप रखने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का सार्वजनिक प्रदर्शन है। उन्होंने सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों और नागरिकों से अपील की कि वे अनुशासन, मयार्दा और सहयोग के साथ कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में पीजीआरओ अतुल आनंद, बीडीओ अशोक कुमार, बीपीआरओ चंदन कुमार, राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज, आपूर्ति पदाधिकारी श्वेता रानी, अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश पासवान सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# मनिहारी थाना परिसर में एसपी का जनता दरबार आयोजित

■ थाना परिसर में आगमन पर पुलिस पदाधिकारियों ने एसपी को गार्ड आफ ऑनर दिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनिहारी /कटिहार।** मनिहारी थाना परिसर में आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक शिखर कुमार चौधरी ने जनसमस्या सुनी। मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शनिवार को आयोजित जनता दरबार में अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। एसपी श्री चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्रों से आये फरियादियों की समस्या को गंभीरता से सुना।

मौके पर मौजूद अधिनस्थ अधिकारियों व राजस्व विभाग के अधिकारियों को समस्या निदान की दिशा में सार्थक पारदर्शी कदम उठाने के निर्देश दिये।जनता दरबार तकरीबन दो दर्जन से अधिक मामले की एसपी सुनवाई की। क्षेत्र में अवैध बालू, मिट्टी खनन एवं ओवरलोडेड वाहन चालन के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि इस दिशा में गंभीरता के साथ कार्रवाई की जा रही है।बीते दिनों में ऐसे वाहनों को पकडकर जुमार्ना भी वसूले गये हैं। मनिहारी में एक युवती द्वारा कथित गैप ईंस्टीट्यूट के संचालक के विरूद्ध लगाये गये आरोपों के संबंध में एसपी श्री चौधरी ने कहा कि वादिनी की शिकायत पर मनिहारी थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। अनुसंधान के क्रम आये तथ्यों के आधार पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। दोषी बख्से नहीं जाएगें। जनता दरबार में एसडीएम त्रिलोकीनाथ सिंह, एसडीपीओ बिनोद कुमार, राजस्व पदाधिकारी रामसागर पासवान,थानाध्यक्ष पंकज आनंद, एसआई अंजनी कुमार,नीरज कुमार निराला,विजय कुमार शर्मा, बिनोद कुमार राय, ईमाम हसन,सुभाष चौधरी, अजीत कुमार चौधरी अपर थानाध्यक्ष सत्यम कुमार,अमित कुमार राय,जेवा नियाज,मुस्कान कुमारी, पीयूस नंदन सहित अन्य मौजूद रहे।

# पेज इंडस्ट्रीज ने फिर किया लाभांश पर बड़ा फैसला

## रिकॉर्ड डेट तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जॉकी ब्रांड नाम से कपड़े बेचने वाली कंपनी पेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड की तरफ से एक बार फिर से डिविडेंड देने की तैयारी है। कंपनी ने 2025 में 4 बार योग्य निवशकों को डिविडेंड दिया था। पिछले साल इस कंपनी की तरफ से 1 शेयर पर 625 रुपये का डिविडेंड दिया गया तब योग्य निवेशकों को 200 रुपये का डिविडेंड मिला था। इसके बाद अगस्त के महीने में कंपनी एक्स-डिविडेंड ट्रेड की। तब योग्य निवेशकों 150 रुपये का लाभांश मिला है। बीते साल आखिरी बार पेज इंडस्ट्रीज 19 नवंबर को एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब 125 रुपये का डिविडेंड



था। बीएसई के डाटा के अनुसार पिछले कैलेंडर ईयर में पेज इंडस्ट्रीज के शेयर 4 बार एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। पहली बार कंपनी शेयर बाजार में फरवरी के महीने में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब एक शेयर पर 150 रुपये का डिविडेंड दिया गया था। दूसरी बार कंपनी मई के महीने में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। बांटा गया था।

**कंपनी ने एक्सचेंज को क्या दी है जानकारी**- पेज इंडस्ट्रीज ने बताया है कि 5 फरवरी को बोर्ड की मीटिंग होगी। इसी मीटिंग में दिसंबर तिमाही के रिजल्ट पर फैसला होगा। इसके अलावा बोर्ड की तरफ से चालू वित्त वर्ष के तीसरे अंतरिम डिविडेंड पर भी फैसला लिया जाएगा।

### शेयरों का प्रदर्शन कैसा है

मोटा डिविडेंड देने वाली पेज इंडस्ट्रीज के शेयर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। एक साल में पेज इंडस्ट्रीज के शेयरों की कीमतों में 25 प्रतिशत की गिरावट आई है। तीन साल में 14 प्रतिशत टूट चुका है। 5 साल में इस कंपनी के शेयरों में 20.76 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। लेकिन यह सेंसेक्स इंडेक्स के 70.43 प्रतिशत की रिटर्न की तुलना में काफी कम है।

# ई-स्कूटर खरीदना हुआ सस्ता

## ● पेट्रोल स्कूटर जितनी हो गई कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार में अब एक साफ और मजबूत ट्रेंड बनता दिख रहा है। जो ई-स्कूटर कुछ साल पहले तक महंगे और सीमित ग्राहकों के लिए माने जाते थे, वे अब पेट्रोल स्कूटर की कीमत के आसपास आ गए हैं। 85 से 95 हजार रुपये की रेंज में बजाज, टीवीएस और हीरो मोटोकॉर्प जैसी बड़ी कंपनियों के किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर मार्केट में आ गए हैं। यह इस बात का संकेत है कि ईवी अब मेन स्ट्रीम की ओर तेजी से बढ़ सकती है। हाल ही में बजाज ऑटो ने चेतक सीरीज का सबसे सस्ता मॉडल चेतक सी25 01 करीब 91 हजार रुपये में लॉन्च किया है। टीवीएस और हीरो मोटोकॉर्प पहले से ही इसी रेंज में अपने किफायती ई-स्कूटर पेश कर चुके हैं। इसका सीधा मुकाबला अब पेट्रोल स्कूटर से हो रहा है, न कि सिर्फ दूसरे ई-स्कूटर से। ऑटो इंडस्ट्री से जुड़े जानकार मानते हैं कि यह कीमत का स्तर ईवी को तेजी से अपनाने में बड़ा रोल



निभा सकता है। जब ग्राहक के सामने 90 हजार रुपये में पेट्रोल और इलेक्ट्रिक, दोनों का विकल्प हो, तो वह खर्च, मेंटेनेंस और भविष्य को देखकर फैसला करेगा। इस स्थिति में ई-स्कूटर ज्यादा मजबूत दावेदार बन जाता है, क्योंकि इसमें फ्यूल का खर्च न के बराबर होता है।

### प्रीमियम फीचर्स को बनाया सिंपल

बजाज चेतक सी25 01 इसका एक ताजा उदाहरण है। कीमत को काबू में रखने के लिए इसमें कुछ प्रीमियम फीचर्स को सिंपल बनाया गया है, लेकिन जरूरी टेक्नोलॉजी और सेफ्टी पर समझौता नहीं किया गया। इसमें 2.5 केडब्ल्यूएच की बैटरी, 113 किमी की क्लेम्ड रेंज, एलईडी लाइट्स, 25 लीटर का स्टोरेज और बेसिक स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। यही सोच दूसरी कंपनियों में भी दिख रही है। टीवीएस अपने आईक्यूब के जरिए किफायती सेगमेंट में मजबूत मौजूदगी बना चुका है, जबकि हीरो मोटोकॉर्प ने सीरीज के दाम घटाकर मुकाबला और तेज कर दिया है।

### लेकिन कुछ चुनौतियां बाकी

किफायती रेंज के बावजूद कुछ चुनौतियां अभी भी हैं। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अभी हर जगह मजबूत नहीं है। बैटरी की लाइफ और रीसेल वैल्यू को लेकर भी ग्राहक अभी पूरी तरह श्योर नहीं हैं। लेकिन कीमत के स्तर पर जो बदलाव आया है, वह इन चिंताओं को काफी हद तक संतुलित कर रहा है। कुल मिलाकर, पेट्रोल स्कूटर की कीमत में इलेक्ट्रिक स्कूटर का आना इंडस्ट्री के लिए टर्निंग पॉइंट माना जा सकता है।

# 10 लाख सैलरी पर 5 लाख तक सब्सिडी...

## ● जीसीसी नीति से कंपनियों की लागत में बड़ी कटौती




**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की जीसीसी नीति में नौकरी देने वाली कंपनियों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में पहले वर्ष वेतन का 35 प्रतिशत यानी अधिकतम 5 लाख प्रति कर्मचारी तक पेरोल सब्सिडी मिलेगी। अन्य जनपदों में 10-14 लाख सैलरी पर 50 प्रतिशत तक, यानी 7 लाख वार्षिक सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा हर स्थानीय नियुक्ति पर 20 हजार भर्ती सब्सिडी भी मिलेगी। उत्तर प्रदेश सरकार की ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर (जीसीसी) नीति के तहत नौकरी देने वाली कंपनियों को सीधा और बड़ा आर्थिक लाभ देने की व्यवस्था की गई है। इस नीति का फोकस है, कंपनियों की वेतन लागत घटाना, युवाओं को पहली और स्थायी नौकरी दिलाना तथा प्रदेश को बड़े निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाना। जीसीसी नीति के अंतर्गत पात्र इकाइयों को पेरोल सब्सिडी, भर्ती सब्सिडी और ईपीएफ प्रतिपूर्ति के रूप में बहु-वर्षीय सहायता मिलेगी।

## एमबीबीएस + एमबीए का कमाल, डॉक्टरी छोड़ बिजनेस में लग गया मन

# अब 1.2 करोड़ सालाना की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी गुरुग्राम की रहने वाली डॉ.आयुषी जैन गुप्ता की है। उन्होंने एमबीबीएसकरने के बाद एमबीए किया। फिर उद्यमिता का मुश्किल रास्ता चुना। प्रकृति के प्रति अपने लगाव और रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान की तलाश में डॉ. आयुषी ने साल 2022 में गुरुग्राम बेस्ड स्टार्टअप नोरा ) की नींव रखी। यह सिर्फ एक ब्रांड नहीं है। इसके बजाय आधुनिक जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण के बीच एक पुल है। यह स्टार्टअप टिकाऊ, हल्के और सुंदर आउटडोर फर्नीचर और प्लांटर पॉट्स (गमले) बनाने में माहिर है। डॉ. आयुषी ने अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल करके ऐसे उत्पाद तैयार किए हैं जो न केवल रीसाइक्लेबल हैं, बल्कि धूप और मौसम की मार भी झेल सकते हैं। आज उनका यह स्टार्टअप 1.2 करोड़ रुपये की सालाना कमाई के साथ सफल बिजनेस मॉडल के रूप में उभर रहा है।



आइए, यहां डॉ.आयुषी जैन गुप्ता की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### तोड़ दिया ये मिथक

डॉ. आयुषी के उत्पादों की सबसे बड़ी खासियत उनकी सस्टेनेबिलिटी और मजबूती है। उन्होंने इस मिथक को तोड़ा है कि ईको-फ्रेंडली प्रोडक्ट टिकाऊ नहीं होते। उनके गमले हाई-ग्रेड पॉलीमर से बने होते हैं। ये रीसाइक्लेबल होने के साथ यूवी-रेसिस्टेंट और वेदर-प्रूफ भी हैं। इसके अलावा उनके आउटडोर फर्नीचर में इन-बिल्ट स्ध्ष्ट लाइटिंग जैसे इनोवेटिव फीचर्स भी दिए गए हैं। ये गार्डन स्पेस को प्रीमियम लुक देते हैं। आयुषी का वादा है कि कंपनी का कोई भी प्रोडक्ट कभी भी लैंडफिल (कचरे के ढेर) का हिस्सा नहीं बनेगा, क्योंकि वे पूरी तरह रीसाइक्लेबल हैं।

### ऐसे आया आइडिया

डॉ. आयुषी जैन गुप्ता गुरुग्राम की रहने वाली हैं। उन्होंने चीन के शेनयांग मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया। बाद में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लानिंग एंड मैनेजमेंट (आईआईपीएम) से एमबीए पूरा किया। प्रकृति प्रेमी होने के नाते उन्होंने महसूस किया कि बाजार में उपलब्ध गमले या तो बहुत भारी थे या धूप में जल्दी चटक जाते थे। आयुषी ने इस समस्या को एक अवसर में बदलने का फैसला किया। अपने पति अनुराग गुप्ता के साथ पहले से ही ऋऱू ऑटोमोटिव्स चलाने के अनुभव का फायदा उठाकर उन्होंने साल 2022 में नूरा को लॉन्च किया। उनका उद्देश्य ऐसे प्लांटर्स और फर्नीचर बनाना था जो आधुनिक घरों की शोभा बढ़ाएं और लंबे समय तक चलें।

### आगे का ये है प्लान

डॉ.आयुषी सिर्फ एक बिजनेस नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल ब्रांड बनाना चाहती हैं। अपनी उद्यमिता यात्रा को मजबूत करने के लिए उन्होंने गोल्डमैन सैक्स 10,000 वीमेन और आईएसबी के ग्रोथ प्रोग्राम्स में भी हिस्सा लिया है। उनका मानना है कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता और बिजनेस की सफलता एक साथ चल सकते हैं। भविष्य में नूरा का विस्तार बच्चों के फर्नीचर और स्कूल के खिलौनों तक करने की योजना है। इसमें मुख्य फोकस कार्यक्षमता, सुंदरता और पर्यावरण की सुरक्षा पर ही रहेगा।

# मालामाल करने वाली शेयर पर दिग्गज निवेशक मधु केला का दांव

## कंपनी में 1.12 प्रतिशत हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज निवेशक मधु केला ने फाइनेंशियल कंपनी एमके ग्लोबल पर दांव लगाया है। कंपनी की दिसंबर की शेयरहोल्डिंग के अनुसार मधु केला के पास 1.12 प्रतिशत हिस्सा है। हालांकि, इस टाइम पीरियड में डॉली खन्ना ने हिस्सेदारी घटाई है। बता दें, शुक्रवार को एमके ग्लोबल के शेयरों में तेजी देखने को मिली थी। शुक्रवार को मार्केट के बंद होने के समय पर यह स्टॉक 9.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 295.90 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। एमके ग्लोबल की ताजा शेयरहोल्डिंग के अनुसार डॉली खन्ना के पास दिसंबर 2025 के अंत तक कंपनी में 2.3 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। सितंबर 2025 के अंत तक डॉली खन्ना के पास 2.7 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। बता दें, Emkay Global में दिसंबर 2025 में प्रमोटर की हिस्सेदारी 72 प्रतिशत थी। वहीं, पब्लिक की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत थी।

### 27 जनवरी को आएंगे नतीजे

कंपनी की तरफ से दिसंबर तिमाही के नतीजे 27 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। जिसका इंतजार निवेशकों को है। शेयरों के प्रदर्शन की बात करें तो एक साल में यह स्टॉक 6 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। जोकि सेंसेक्स इंडेक्स के 8.47 प्रतिशत के रिटर्न की तुलना में कम है। भले ही बीता एक साल संघर्ष भर रहा है।

### डिविडेंड देने में अव्वल है कंपनी

2025 में कंपनी एक बार एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। कंपनी ने तब 2.50 रुपये का स्पेशल डिविडेंड और 1.50 रुपये का फाइनल डिविडेंड दिया था।

# अमागी मीडिया लैब्स आईपीओ पर निवेशकों ने जमकर लगाया दांव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमागी मीडिया लैब्स आईपीओ पर निवेशकों ने ताबड़तोड़ दांव लगाया गया है। आईपीओ को तीन दिन के ओपनिंग के दौरान 30 गुना से अधिक दांव लगाया है। ग्रे मार्केट में कंपनी का अच्छा प्रदर्शन जारी है। आज का जीएमपी 26 रुपये का फायदा एक शेयर पर दिखा रहा है।

इस मेनबोर्ड आईपीओ को रिटेल कैटगरी में 9.54 गुना, क्यूआईबी में 33.13 गुना और एनआईआई में 38.26 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। यह मेनबोर्ड आईपीओ 13 जनवरी से 16 जनवरी 2025 तक खुला हुआ था।

### क्या है प्राइस बैंड

आईपीओ का प्राइस बैंड 343 रुपये से 361 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 41 शेयरों का एक लॉट बनाया गया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14801 रुपये का इंवेस्टमेंट करना ही पड़ा था। बता दें, कोटक महिंद्रा कैपिटल कॉरपोरेशन लिमिटेड को लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है। वहीं, रूस्न्न इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया है।

# 96 प्रतिशत घट गया टाटा टेक्नोलॉजीज का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी- टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने शुक्रवार को दिसंबर 2025 तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 96 प्रतिशत घटकर 6.64 करोड़ रुपये रहा। इसकी मुख्य वजह लेबर कोड का असर है। टाटा टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 168.64 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में परिचालन राजस्व 1365.73 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 1,317.38 करोड़ रुपये था। तीसरी तिमाही में कुल खर्च बढ़कर 1,217.99 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,119.31 करोड़ रुपये था।




### शेयर पर रहेगी नजर

तिमाही नतीजों के बाद टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर पर सोमवार को निवेशकों की नजर रहेगी। इस शेयर की बात करें तो 650.40 रुपये कीमत है। यह शेयर के एक दिन पहले के मुकाबले मामूली बढ़त को दिखाता है। बीते साल जनवरी के महीने में शेयर 841.25 रुपये तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

## एक साल में 100 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न, 5वें ने तो कमाल कर दिया

# पैसा छापने की मशीन हैं 5 शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव जारी है। किसी दिन बाजार तेजी से ऊपर जाता है तो किसी दिन धड़ाम हो जाता है। इस साल 1 जनवरी से लेकर अब तक सेंसेक्स में करीब 2 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। वहीं पिछले एक साल में इसमें करीब 9 फीसदी की ही तेजी आई है। एक साल में शेयर मार्केट में बेशक तेजी न रही हो, लेकिन कुछ शेयर ऐसे हैं जिन्होंने निवेशकों की जेब भर दी है। एक साल में इन मल्टीबैगर स्टॉक्स ने 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। यानी निवेशकों की रकम को दोगुने से ज्यादा कर दिया है। ऐसे में ये शेयर पैसा छापने की मशीन साबित हुए हैं।

### एलएंडटी फाइनेंस

एलएंडटी फाइनेंस देश की लीडिंग नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों में से एक है। यह मशहूर रूञ्ञ ग्रुप का हिस्सा है। एनएसई पर लिस्ट इस कंपनी के शेयर ने एक भी एक साल में 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। शुक्रवार को यह शेयर मामूली तेजी के साथ 296.25 रुपये पर बंद हुआ था। एक साल पहले इसकी कीमत करीब 144 रुपये थी। ऐसे में एक साल में इस शेयर का रिटर्न करीब 107 फीसदी रहा।

**सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज लिमिटेड-** इस कंपनी के शेयर ने भी निवेशकों को एक साल में मालामाल कर दिया है। एक साल में इसका रिटर्न 140 फीसदी से ज्यादा रहा है। पिछले एक महीने में




इसमें जबरदस्त तेजी आई है। एक साल पहले इसकी कीमत करीब 655 रुपये थी। शुक्रवार को यह शेयर 5 फीसदी के अपर सर्किट के साथ 1598.45 रुपये पर बंद हुआ। ऐसे में एक साल में इसका रिटर्न करीब 144 फीसदी रहा। यह कंपनी आईटी सॉल्यूशंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज प्रोवाइड कराती है।

### लुमैक्स ऑटो टेक्नोलॉजीज लिमिटेड

यह शेयर भी एक साल में 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न देने वालों में शामिल है। शुक्रवार को यह शेयर 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 1541.70 रुपये पर बंद हुआ था। एक साल पहले इसकी कीमत करीब 565 रुपये थी। ऐसे में एक साल में इसका रिटर्न 170 फीसदी से ज्यादा रहा है। यह कंपनी टू, थ्री और फोर व्हीलर्स के लिए ऑटोमोटिव लैंप, प्लास्टिक मोल्डेड पार्ट्स और फ्रेम चेसिस बनाने और सप्लाई करने का काम करती है।

### सियान एग्रो इंडस्ट्रीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर

यह कंपनी एग्रो, हेल्थकेयर और इंफ्रास्ट्रक्चर के बिजनेस में डील करती है। इसका एक साल का रिटर्न करीब 200 फीसदी रहा है। शुक्रवार को इसमें 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा। इस तेजी के साथ यह शेयर 1400.35 रुपये पर बंद हुआ था। एक साल पहले इसकी कीमत करीब 470 रुपये थी। ऐसे में इसने एक साल में करीब 200 फीसदी रिटर्न दिया है। इस एक साल के दौरान यह शेयर 3633 रुपये पर पहुंच गया था जो इसका 52 हफ्ते का हाई है। बाद में इसमें गिरावट आई। पिछले कुछ दिनों से इसने फिर से रफ्तार पकड़ ली है।

### क्यूपिड लिमिटेड

यह शेयर निवेशकों के लिए कुबेर का खजाना साबित हुआ है। इसने एक साल में 500 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। यह कंपनी महिला और पुरुषों के लिए कंडोम, वाटर बेस्ड लुब्रिकेंट्स, आईवीडी किट्स आदि बनाती है। शुक्रवार को यह शेयर 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 457.15 रुपये पर बंद हुआ था। लेकिन लॉन्ग टर्म में इसका रिटर्न शानदार रहा है।

# 85 से टूटकर 2 के स्तर पर था रिलायंस होम फाइनेंस का शेयर, अब लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कई कंपनियां हैं जिनके शेयर ने निवेशकों को बड़ा नुकसान कराया है। ऐसा ही एक शेयर- रिलायंस होम फाइनेंस का है। बीते शुक्रवार को इस कंपनी के शेयर की कीमत में 5 पर्सेंट का अपर सर्किट लगा और यह 2.75 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 2.88 रुपये पर जा पहुंचा। जून 2025 में शेयर 7.84 रुपये तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। हालांकि, शेयर के ऑल टाइम हाई की बात करें तो 85 रुपये से भी ज्यादा का रहा है। बीते कुछ महीनों से रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड मीडिया की सुर्खियों में है। दरअसल, हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी को रिलायंस होम फाइनेंस के बैंक खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित करने के लिए जारी किए गए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कारण बताओ नोटिस में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है।

### सीबीआई ने कंपनी के खिलाफ दर्ज किया था मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्व में आंध्र बैंक) के साथ कथित धोखाधड़ी के मामले में जय अनमोल अंबानी और रिलायंस होम फाइनेंस के खिलाफ मामला दर्ज किया है। धोखाधड़ी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को लगभग 228 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

# आदिवासी समुदाय के बंद का दिखा असर

### सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में बंद का किया था आह्वान ▢प्रशासन दिखा अलर्ट मोड में, जन जीवन अस्त-व्यस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** खूँटी के पहड़ा राजा सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में आज आदिवासी समुदायों ने झारखण्ड बंद का आह्वान किया है।

बंद का असर राँची में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है।अल्बर्ट एक्का चौक, करमटोली चौक सहित शहर के कई प्रमुख इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ है।

आदिवासी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और हत्यारों को फांसी देने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह हत्या आदिवासी समाज के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है।

झारखण्ड बंद के चलते अल्बर्ट एक्का चौक और आसपास के इलाकों में लगभग सभी दुकानें बंद रहीं, जो दुकानें खुली थीं, उन्हें भी प्रदर्शनकारियों ने बंद करा दिया।

प्रदर्शनकारियों ने अल्बर्ट एक्का चौक के पास रस्सी लगाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया।

मेन रोड से आने वाले वाहनों को प्लाजा रोड की ओर डायवर्ट करना



पड़ा। वहीं करमटोली चौक पर प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और सड़क पर बैठकर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

झारखण्ड बंद को देखते हुए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। राजधानी के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

## रैगिंग के आरोप में छात्र निष्कासित

**तेनुघाट।** जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट,बोकारो में पढ़ रहे सातवीं कक्षा के छात्र कुमार संकल्प के पिता उत्तम कुमार चौबे, आफिस कालोनी कथारा जिला बोकारो निवासी ने अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुवा को विद्यालय में उसके पुत्र के साथ रैगिंग करने का लिखित आवेदन दिया है।

चौबे के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में बताया कि बताया कि उसका पुत्र कुमार संकल्प पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोकारो कक्षा सात प्रवेश संख्या 2606 क्रम संख्या 09 अरावली हाउस का छात्र है। विद्यालय के वरिष्ठ छात्र कक्षा 8 ए अरावली हाउस एवं उसके अन्य साथियों के द्वारा पिछले कई महीनों से रैगिंग और मानसिक प्रताड़ित करते आ रहा है।

जिसके कारण उसका पुत्र कुमार संकल्प मानसिक रूप से दबाव और अवसाद का शिकार हो गया है। मानसिक प्रतड़ना के कारण व्यवहार में बदलाव हो गया है। हालिए व्यवहार में बदलाव के कारण काफी पूछताछ के बाद पता चला कि विद्यालय में वरीय छात्रों के द्वारा रैगिंग के कारण व्यवहार में परिवर्तन हुआ है।

# सड़क दुर्घटना में हुई मौत से गुस्साये लोगों ने किया जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टंडवा।** झारखंड के चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के ग्राम उड़सू में एक भीषण सड़क दुर्घटना ने एक बुजुर्ग महिला की जान ले ली। तेज रफ्तार कोयला वाहन (हाइवा) की चपेट में आने से 55 वर्षीय सरस्वती देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने टंडवा-चतरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे यातायात 15 घंटे से अधिक समय तक पूरी तरह ठप रहा।स्थानीय लोग आक्रोशित हैं।

अवैध कोयला ढुलाई और वाहनों की तेज रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं है। पूछ रहे, पुलिस-प्रशासन की नजर में हमारी जान सस्ती है क्या?

जानकारी के अनुसार, केरेडारी थाना क्षेत्र के पंचड़ा निवासी 58 वर्षीय वासुदेव राम मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित कोल हाइवा से बचने के चक्कर में उनकी बाइक असंतुलित हो गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

वासुदेव राम को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं, उनका इलाज रांची के गांधीनगर अस्पताल में चल रहा है। इसी अफरा-तफरी के बीच सड़क पार कर रही सरस्वती देवी (55 वर्ष) को अज्ञात कोल वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनके सिर में गंभीर चोट लग गई।

ग्रामीणों ने उन्हें तुरंत टंडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के नाती अमर यादव ने बताया, शुक्रवार शाम करीब 6 बजे दादी दूध देकर घर लौट रही थीं। सड़क पार करते समय अचानक हादसा हो गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि टंडवा-चतरा-उड़सू मुख्य मार्ग पर कोयला खदानों से जुड़े अवैध और बेलगाम कोल वाहनों की तेज रफ्तार लगातार जानलेवा साबित हो रही है। एक सप्ताह के भीतर यह तीसरी ऐसी दुर्घटना है। ग्रामीणों ने कहा कि कोल हाइवाओं की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है।हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी। शुक्रवार शाम से शनिवार सुबह तक उड़सू के पास कोल हाइवाओं की कतारें लगी रहीं, जिससे आवागमन पूरी तरह बंद रहा।

घटना की सूचना मिलते ही टंडवा प्रशासन मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता की और स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा दोषी वाहन की पहचान कर रही है। ग्रामीण मुआवजे, दोषी चालक पर सख्त कार्रवाई और कोल वाहनों की रफ्तार पर अंकुश की मांग कर रहे हैं।

# शिक्षा विभाग के आदेश की उड़ रही धज्जियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा** । नीतीश सरकार स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर कर शिक्षक छात्र अनुपात मानक पर लाने के लिए धड़ाधड़ नियुक्तियां कर रही है। किसी बच्चे की कक्षा बाधित नहीं हो इसके लिए अब टीआरई- 4 के तहत जिले में एक हजार से अधिक शिक्षकों की रिक्तियां विभाग को भेजी गई है।

शिक्षक विद्यालय में ही रहे , कहीं और नहीं जाए , बच्चों को पढ़ाने के अलावा कोई दूसरा काम नहीं करें, इसके लिए उन्हें मध्याह्न भोजन की जिम्मेवारी से मुक्त कर निजी एजेंसियों को यह काम दे दिया गया है। केवल लोक सभा, विधान सभा चुनाव के अलावा आपदा तथा जनगणना को छोड़ कर किसी भी अन्य कार्य में शिक्षकों को लगाने का कडा प्राविधान किया गया है।

विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आगमन और प्रस्थान के समय आने लाइन हाजिरी दर्ज कराई जाती है। लेकिन स्थानीय स्तर के हाकिम ही जब सरकार के बच्चों के हित में निर्धारित प्राविधान का उल्लघंन करें, शिक्षा विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने रहे तो शिक्षा के मंदिर की आस्था से कोई भी खिलवाड़ कर सकता है।

लोक सभा चुनाव कब के सम्पन्न हो गए, विधान सभा चुनाव हुए भी महीनों बीत गए ।

लेकिन अली नगर में विगत पांच जनवरी से निर्वाचन कार्यालय बीडीओ ने खोला है। इसके संचालन के लिए उनको संपूर्ण प्रखंड कार्यालय में कोई कर्मचारी नहीं मिला , तो शिक्षकों को ही प्रतिनियुक्त कर दिया।वह भी अनिश्चितकाल के लिए। जबकि शिक्षकों के अवकाश के लिए भी सरकार का निर्देश है कि एक ही दिन शिक्षकों की कुल संख्या के दस प्रतिशत शिक्षक ही अकास्मिक अवकाश पर जा सकते हैं, जिससे कि बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो। लेकिन अलीनगर में तो एक स्कूल से दो दो शिक्षक प्रखंड कार्यालय में गैर शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियोजित कर दिए गए हैं।

## आपरेटर पर गबन की प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के परिवहन विभाग में बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। जिले के तत्कालीन डाटा इंट्री ऑपरेटर द्वारा मोटर वाहन कर के रूप में जमा कराई गई 69 लाख 11 हजार 696 रुपये की सरकारी राशि के गबन का खुलासा हुआ है।

इस गंभीर मामले में जिला परिवहन पदाधिकारी अमित कुमार ने आरा के नवादा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपी डाटा इंट्री ऑपरेटर की पहचान अजय कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो वर्ष 2023-24 में बेल्ट्रॉन कंपनी के माध्यम से परिवहन कार्यालय में पदस्थापित था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय ने अपने कार्यकाल के दौरान काउंटर पर वाहन स्वामियों से वसूली गई मोटर वाहन कर की राशि को सरकारी खाते में जमा कराने के बजाय अपने पास रख लिया। विभागीय जांच में जब यह स्पष्ट हुआ कि निर्धारित अवधि में बड़ी रकम सरकारी खजाने में जमा नहीं हुई है, तो मामले की पड़ताल शुरू की गई। जांच में सामने आया कि करीब 69 लाख 11 हजार 696 रुपये की राशि का समायोजन नहीं किया गया, जिससे गबन की पुष्टि हुई।

# अफीम की खेती चिह्नित कर विनष्टीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में जिले में अफीम की अवैध खेती के विनष्टीकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सरकार के निदेर्शानुसार जिले में विशेष अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि 20 जनवरी से 20 फरवरी तक आगामी एक माह विभिन्न प्रखंडों में सघन जांच अभियान चलाकर अवैध अफीम की खेती को चिन्हित करते हुए उसका विनष्टीकरण सुनिश्चित किया जाए।

उपायुक्त ने विनष्टीकरण कार्य में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), पुलिस विभाग, वन विभाग, अंचल अधिकारी सहित जिला प्रशासन के अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर प्रभावी ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिदिन किए गए विनष्टीकरण की रिपोर्ट साझा करने को



भी कहा गया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि अफीम की अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने सहित अन्य नियमसंगत एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले में इस अवैध गतिविधि पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। उपायुक्त ने यह भी कहा कि जो लोग अवैध अफीम की खेती चोरी छिपे कर रहे है वह विनष्टीकरण अभियान प्रारंभ होने से पूर्व स्वयं से अफीम की खेती को नष्ट कर ले। पुलिस विभाग एवं सम्बंधित विभाग को जिले में प्रचार-प्रसार के माध्यम से अवैध अफीम की खेती से होने वाले दुष्प्रभाव से लोगों को जागरूक करने को भी कहा गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, नजारत उप समाहर्ता कोमल कुमारी, एनसीबी के पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बैठक में बड़े बिजली बकायेदारों से वसूली का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) पर बकायेदारों का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है।

सबसे बड़ा बकायेदार हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचईसी) है, जो हर महीने 80 से 90 लाख रुपये की बिजली खपत करने के बावजूद बिजली बिल के एवज में एक रुपये का भी भुगतान नहीं कर रहा है।

स्थिति यह है कि एचईसी पर जेबीवीएनएल का बकाया 280 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है और अगर यही रफ्तार रही तो यह राशि जल्द ही 350 करोड़ रुपये के पार चली जाएगी। इस गंभीर मुद्दे पर शुक्रवार को रांची एरिया बोर्ड की बैठक में गहरी चिंता जताई गई। बैठक में एरिया बोर्ड के महाप्रबंधक मनमोहन कुमार ने बताया कि इतनी बड़ी राशि को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह सीधे तौर पर बिजली वितरण व्यवस्था को कमजोर कर रही है।

उन्होंने बताया कि बैठक में केवल एक ही एजेंडा पर चर्चा हुई है, बड़े बकायेदारों से बिजली बिल वसूला जाए, नहीं तो कनेक्शन काटा जाए। बताया गया कि पिछले चार महीनों से सरकार की ओर से 200 यूनिट फ्री बिजली के एवज में जेबीवीएनएल को भुगतान नहीं मिल रहा है, जिसके कारण एनटीपीसी और डीवीसी को भुगतान अटक गया है।

निगम पर एनटीपीसी का करीब 450 करोड़ और डीवीसी का लगभग 300 करोड़ रुपये बकाया है। बैठक में रांची एरिया बोर्ड के सभी कार्यपालक अभियंता शामिल हुए। सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अब रिलेशन मेंटेन करने के बजाय बकायेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करें और जरूरत पड़े तो बिजली कनेक्शन काटें।

इस मौके पर जीएम मनमोहन कुमार ने कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति तभी संभव है जब उपभोक्ता समय पर बिजली बिल का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि जैसे निगम की जिम्मेदारी लगातार बिजली देने की है, वैसे ही उपभोक्ताओं की भी जिम्मेदारी है कि वे समय पर बिलें।

# बाथरूम में नहाती महिला का वीडियो बनाते युवक धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कालेज एंड अस्पताल के स्त्री रोग विभाग के बाथरूम में नहा रही एक महिला का चोरी-छिपे वीडियो बनाते हुए एक युवक को स्थानीय लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने रंगे हाथों दबोचा। आरोपी की पहचान गोविंदपुर के विनोदपुर निवासी अजीत राम (40 वर्ष) के रूप में हुई है।

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि आरोपी अजीत राम शुक्रवार को दोपहर के समय अपनी बाइक से अस्पताल पहुंचा था। बाइक पार्किंग में खड़ी करने के बाद वह सीधा गायनी विभाग के महिला शौचालय में घुस गया। वहां एक महिला स्नान कर रही थी, जिसका वह मोबाइल फोन से छिपकर वीडियो बनाने लगा।

जैसे ही महिला की नजर मोबाइल कैमरे पर पड़ी उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। महिला की आवाज सुनकर पास मौजूद होमगार्ड के जवान और मरीजों के परिजन मौके पर पहुंचे और भागने की कोशिश कर रहे अजीत को धर दबोचा।आरोपी के पकड़े जाने के बाद वहां मौजूद भीड़ का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और लोगों ने उसकी जमकर धुलाई कर दी। मौके पर मौजूद होमगार्ड जवानों ने बड़ी मशक्कत से उसे भीड़ से बचाकर अस्पताल की आरक्षी चौकी तक पहुंचाया।

सरायढेला पुलिस ने सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिसिया जांच में आरोपी के मोबाइल से न केवल उस पीड़ित महिला का वीडियो मिला बल्कि कई अन्य महिलाओं के भी आपत्तिजनक वीडियो बरामद हुए हैं जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि वह लंबे समय से ऐसी गतिविधियों में लिप्त था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, कपड़े और उसकी बाइक जब्त कर ली है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या आरोपी इन वीडियो का इस्तेमाल किसी को ब्लैकमेल करने या सोशल मीडिया पर वायरल करने के लिए करता था।

## प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

**अररिया।** स्थानीय जूनियर स्कॉटिश स्कूल में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुप कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित भुगतान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा आरटीई से सम्बद्ध विद्यालयों को दिया गया निर्धारित प्रारूप भी सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया गया, जिसे 27-जनवरी-2026 तक जमा करना अनिवार्य बताया गया।

# खंगाली जायेगी शराब माफिया की कुंडली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में शराब तस्करी से जुड़े संगठित गिरोह के अपराधियों की कुंडली तैयार की जा रही है। बिहार पुलिस और मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग ने राज्य के आठ जिलों के 22 शराब माफियाओं को चिह्नित किया है।इनके विरुद्ध पुलिस एवं उत्पाद थानों में कुल 167 कांड दर्ज हैं। इन शराब माफियाओं की अपराध से अर्जित संपत्तियों को जब्त करने की भी तैयारी है। जानकारी के अनुसार, चिह्नित शराब माफिया में से 13 अभी जेल में बंद हैं, जबकि अन्य फरार हैं। वहीं 11 शराब माफिया के विरुद्ध बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा तीन (सीसीए 3) के तहत भी कार्रवाई की गई है।

बेगूसराय जिले में सबसे अधिक पांच शराब माफियाओं को चिह्नित किया गया है। इसके बाद सारण जिले के चार, भागलपुर एवं गोपालगंज के तीन-तीन जबकि पटना, पश्चिम चंपारण एवं पूर्वी चंपारण जिले के दो-दो शराब माफिया चिह्नित किए गए हैं। वहीं मुजफ्फरपुर, दरभंगा, अररिया, पूर्णिया और नवादा के एक-एक शराब माफिया की पहचान हुई है। आठ जिलों के 22 शराब माफिया में मुजफ्फरपुर के राकेश महतो पर सबसे अधिक 20 कांड दर्ज हैं।

इसके बाद उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में सदरपुर थाना निवासी अवधेश की पहचान हुई है, जिस पर 14 कांड दर्ज हैं। यह कांड बिहार के विभिन्न जिलों के साथ ही यूपी में भी दर्ज हैं।भागलपुर के जगदीशपुर थाना अंतर्गत उदेशी निवासी पप्पू राम पर 12 जबकि नवादा के सौरभ कुमार उर्फ तान सिंह पर 10 कांड दर्ज हैं।

इनके अतिरिक्त पूर्णिया के मरंगा निवासी विकास यादव और बेगूसराय के मंझौल निवासी रामकिशोर सिंह उर्फ दीवानी सिंह पर भी नौ-नौ कांड दर्ज हैं। इन शराब माफिया के कांडों की जांच में भी तेजी लाने का निर्देश दिया गया है, ताकि ट्रायल प्रक्रिया जल्द पूरी की जा सके।

# निकाय चुनाव की तैयारियों को ले उपायुक्त ने की कोषांगों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के सफल आयोजन को लेकर आज समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, खूँटी आर रॉनिटा की अध्यक्षता में गठित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी तथा प्रभारी/सहायक प्रभारी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




बैठक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान नगरपालिका निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता कोषांग, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मीडिया कोषांग, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, सूचना तकनीकी कोषांग तथा नियंत्रण कक्ष के सुचारु क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपायुक्त आर रॉनिटा ने निर्देश दिया कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के लिए गठित सभी कोषांग अपने-अपने स्तर पर बैठक आयोजित कर तैयारियों को समय रहते पूर्ण रखें, ताकि निर्वाचन की घोषणा होते ही सभी कोषांग पूरी तरह से क्रियाशील होकर कार्य प्रारंभ कर सकें।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, सहायक पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मध्याह्न भोजन खाने से 50 से अधिक बच्चे बीमार, विभाग में हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** सिंहेश्वर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय गहुमणि इटहरी में मध्याह्न भोजन में बड़ी लापरवाही सामने आई है।

विद्यालय में परोसी गई खिचड़ी खाने के बाद 50 से अधिक बच्चे अचानक बीमार पड़ गए। सभी पीड़ित बच्चों को इलाज के लिए जननायक कपूर्री ठाकुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मधेपुरा में भर्ती कराया गया है। इलाज कर रहे चिकित्सकों ने उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई है।

मेडिकल कॉलेज में इलाजरत बच्चों ने बताया कि शनिवार को स्कूल में उन्हें खिचड़ी दी गई थी। भोजन करने के कुछ ही देर बाद बच्चों को उल्टी, चक्कर एवं पेट दर्द की शिकायत होने लगी।

बच्चों का आरोप है कि खाने में छिपकली गिरी हुई थी। जब बच्चों ने इसकी शिकायत रसोईया से की तो उनके हाथ से थाली छीन ली गई व



मामले को दबाने की कोशिश की गई। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर बच्चों ने घर पहुंचकर स्वजन को पूरी घटना बताई। इसके बाद आक्रोशित स्वजन बच्चों को लेकर जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम लगातार बच्चों की निगरानी कर रही है।

घटना के बाद से आक्रोशित अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रसोईया समेत स्कूल के प्राचार्य पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि यदि समय रहते इलाज नहीं होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार मेडिकल कॉलेज पहुंचे और बीमार बच्चों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। डीईओ ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है। लापरवाही बरतने वाले सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जयकांत कुमार ने बताया कि शनिवार दोपहर को मध्याह्न भोजन में खिचड़ी परोसा गया था। पहले राउंड में कई बच्चे भोजन कर चुके थे। दूसरे राउंड में भोजन वितरण के समय सातवीं कक्षा की छात्रा प्रीति कुमारी ने अपनी थाली में कुछ असामान्य उजाला सा देखा। जब उसने उसे उठाकर देखा तो वह छिपकली निकली।

इसके बाद विद्यालय परिसर में अफरातफरी मच गई। घटना के कुछ ही देर बाद कई बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। वहीं, मेडिकल कॉलेज के उपाधीक्षक डॉ. अंजनी कुमार ने बताया कि बच्चों को हल्का फूड प्वाइजनिंग हुआ था, लेकिन अब सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं और स्थिति नियंत्रण में है।

# चतरा में बढ़ते कैंसर रोगियों की संख्या ने आमजनों की बढ़ायी चिंता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** जिले में कैंसर रोगियों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार मार्च से दिसंबर तक की अवधि में कुल 128 नए कैंसर मरीज चिन्हित किए गए हैं। निजी तौर पर इलाज कराने वाले की संख्या इसमें शामिल नहीं है।

उक्त मरीज सिविल सर्जन कार्यालय में मुख्यमंत्री गंभीर बीमार उपचार योजना के तहत सहायता के लिए आवेदन जमा किए है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ा को छोड़ दें, तो कैंसर पीड़ितों की संख्या डेढ़ सौ के पार जा सकती है।

यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य विभाग, बल्कि आमजन के लिए भी गंभीर चेतावनी है। स्वास्थ्य विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार मार्च से दिसंबर तक की नौ माह की अवधि में जिले में कुल 128 नए कैंसर मरीजों की पहचान की गई है।

### 128 नये मरीज चिह्नित होने से विभाग में खलबली

आंकड़े बताते हैं कि जिले में लगभग हर माह औसतन छह से सात लोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। यह स्थिति आने वाले समय में और भयावह रूप ले सकती है, यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए।

महीना-वार आंकड़ों पर नजर डालें, तो मार्च माह में 10, अप्रैल में 12, मई में 13, जून में 14, जुलाई में 15, अगस्त में 12, सितंबर में 14, अक्टूबर में 13, नवंबर में 13 तथा दिसंबर में 12 कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के मरीज मुख्यमंत्री गंभीर बीमार योजना का लाभ लेने पहुंचे हैं।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि मार्च से दिसंबर तक लगातार कैंसर के मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। खास बात यह है कि किसी भी माह में मामलों की संख्या एक अंकीय नहीं रही, जो जिले में बढ़ते खतरे की ओर इशारा करता है।

जिला महामारी पदाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी असामान्य लक्षण जैसे लंबे समय तक खांसी, अचानक वजन घटना, शरीर में गांठ, लगातार थकान या असामान्य रक्तस्राव को हल्के में न लें और तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और नशे से दूरी अपनाकर कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

असंतुलित जीवनशैली, बदलता खानपान, तंबाकू और गुटखा जैसे नशे का बढ़ता प्रचलन, शारीरिक श्रम की कमी तथा पर्यावरण प्रदूषण कैंसर के मामलों में वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। इसके अलावा लोगों का लाइफ स्टाइल बदल गया है।

देर रात सोना और देर उठना भी इसका कारण है। इसके अलावा बाजार में फास्ट फूड में इस्तेमाल हो रहे एजिनोमोटो, प्लास्टिक के कप में चाय पीना, बाहरी खान-पान आदि मुख्य कारण है। इसके अलावा समय पर जांच न कराना और शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज करना भी स्थिति को गंभीर बना देता है। अधिकांश मरीज तब अस्पताल पहुंचते हैं, जब बीमारी उन्नत अवस्था में पहुंच चुकी होती है, जिससे उपचार जटिल और खर्चीला हो जाता है।

# मीरा एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल फाइनल

**एडिलेड, एजेंसी।** मीरा एंड्रीवा ने एडिलेड इंटरनेशनल खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में एंड्रीवा ने विक्टोरिया म्बोको को 6–3, 6–1 से हराया। ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले एंड्रीवा के लिए यह जीत बेहद अहम है। म्बोको ने शुरुआती सेट में 3–0 की बढ़त बनाई। एंड्रीवा ने धीरे–धीरे मैच पर नियंत्रण पाकर लगातार नौ गेम जीते और आखिरी 13 में से 12 गेम जीतकर मुकाबला सिर्फ 64 मिनट में समाप्त कर दिया। इस जीत के साथ एंड्रीवा ने अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए टूर टाइटल और डब्ल्यूटीए 500 लेवल का पहला खिताब भी अपने नाम किया। जबकि उन्होंने टूर्नामेंट में गत चैंपियन मैडिसन कीज को क्वार्टर फाइनल में हराया और सेमीफाइनल में




किम्बर्ली बिरेल को मात दी थी। पूरे सप्ताह एंड्रीवा का खेल आत्मविश्वास से भरा दिखा था। एडिलेड में चार मैचों में उन्होंने 63 गेम्स में 21 सर्विस ब्रेक किए। उनकी सर्विंग भी असरदार रही। उन्होंने 125 में से 89 फर्स्ट–सर्व पॉइंट जीते, जो 71 प्रतिशत से अधिक है। फाइनल में म्बोको के खिलाफ एंड्रीवा ने पांच बार ब्रेक किया और फर्स्ट सर्व पॉइंट का 75 प्रतिशत तथा सेकेंड सर्व पॉइंट का 67 प्रतिशत जीतकर दबदबा बनाए रखा। उन्होंने केवल 11 अनफोर्स्ड गलतियों के साथ 15 विनर लगाए, जिससे दोनों विंग्स से उनका संयम और बैलेंस दिखा। एडिलेड ट्रॉफी एंड्रीवा के रिकॉर्ड में जुड़ गई, जिसमें एक डब्ल्यूटीए 250 और दो डब्ल्यूटीए 1000 सिंगल्स क्राउन शामिल हैं। उनके नाम डब्ल्यूटीए 1000 और डब्ल्यूटीए 500 डबल्स टाइटल भी हैं, और 2024 पेरिस ओलंपिक्स में डबल्स में सिल्वर मेडल भी है, जो उन्होंने पार्टनर डायना शनाइडर के साथ हासिल किया।
जीत के बाद, एंड्रीवा पीआईएफ डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर 7 पर पहुंच जाएंगी। वहीं हार के बावजूद म्बोको कई पॉजिटिव बातें लेकर जा रही हैं, यह उनके डब्ल्यूटीए फाइनल में पहली हार थी, और वह ऑस्ट्रेलियन ओपन डेब्यू से पहले करियर की बेस्ट रैंकिंग नंबर 16 पर पहुंचेंगी।

**इंडिया ओपन**

## ब्लिचफेल्ट का फिर फूटा गुस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिया ब्लिचफेल्ट ने भारत ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं और हालात को लेकर एक बार फिर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाली।
डेनमार्क की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और विश्व नंबर 20 मिया ब्लिचफेल्ट ने भारत ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं और हालात को लेकर एक बार फिर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने मौजूदा परिस्थितियों को अस्वीकार्य और बेहद गैर–पेशेवर बताते हुए कहा कि ऐसे हालात में यहाँ विश्व चैंपियनशिप का आयोजन होना बहुत मुश्किल नजर आता है।



**ब्लिचफेल्ट ने सोशल मीडिया पर निकाली भड़ास–** भारत ओपन पहली बार नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन अगस्त में होने वाली विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इससे पहले यह टूर्नामेंट केडी जाधव इंडोर हॉल में होता था। ब्लिचफेल्ट ने टूर्नामेंट के पहले दिन ही अस्वस्थ परिस्थितियों की आलोचना की थी। दूसरे दौर में बाहर होने के बाद भारत से लौटते समय उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा, 'भारत में बीते कुछ दिन बहुत मुश्किल रहे, मेरी उम्मीद से भी ज्यादा।




## चिन्नास्वामी स्टेडियम में एआई तय करेगा फैंस की सुरक्षा, सारा खर्चा उठाने को तैयार आरसीबी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु स्थित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2026 के मैच खेले जाएंगे या नहीं, इस पर अनिश्चितता बरकरार है. आईपीएल 2025 का खिताब ऋक्कने जीता था, जिसके बाद टीम की विक्ट्री परेड होनी थी. मगर मैदान के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी. उसके बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई बड़े लेवल का मैच नहीं खेला गया है. इसी बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एआई –सक्षम कैमरे लगाने का प्रस्ताव रखा है. कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को लिखे पत्र में आरसीबी फ्रैंचाइजी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में 300–350 सक्षम कैमरे लगाने का सुझाव दिया. इससे लोगों की आवाजाही पर नजर रखने, कतारों और एग्जिट एरिया पर भी नजर रखी जा सकेगी. फ्रैंचाइजी ने कहा कि इससे खासतौर पर आईपीएल और अन्य बड़े इवेंट्स का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हो सकेगा. आरसीबी का यह सुझाव ऐसे समय में आया है, जब कुछ रिपोर्ट्स अनुसार आईपीएल 2026 में आरसीबी के होम मुकाबले पुणे में खेले जाने की खबर है. महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन बता चुका है कि दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में बेंगलुरु और राजस्थान टीम एमसीए स्टेडियम का दौरा करने आई थीं. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फ्रैंचाइजी का कहना है कि मैदान में एआई कैमरा लगाने का खर्चा वो खुद उठाएगी. बताया जा रहा है कि इसका कुल खर्च लगभग 4.5 करोड़ रुपये आ सकता है. अभी तक तय नहीं हो सका है कि आरसीबी आईपीएल 2026 में अपने होम मैच कहां खेलेगी. चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मुहर ना लगने की स्थिति को देखते हुए बेंगलुरु फ्रैंचाइजी को मजबूरन अन्य शहरों में अपने होम मैच करवाने पड़ सकते हैं.

# 12 छक्के 14 चौके...

### स्मिथ का सबसे तेज शतक, 16 गेंद पहले चेज हुए 190 रन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिग बैश लीग में स्टीव स्मिथ ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने शुक्रवार को बीबीएल इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ दिया है. सिडनी थंडर के खिलाफ मैच में उन्होंने 41 गेंद में शतक पूरा किया, जो बिग बैश लीग में दूसरा संयुक्त सबसे तेज शतक है. उनकी शतकीय पारी की बदौलत सिडनी सिक्सर्स ने सिडनी थंडर को 5 विकेट से हरा दिया. शुक्रवार को सिडनी थंडर ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 189 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. थंडर टीम के लिए कप्तान डेविड वॉर्नर ने 65 गेंद में 110 रनों की तूफानी पारी खेली. जब दूसरी पारी आई तो स्टीव स्मिथ ने गेंदबाजों को ऐसा पीटा कि दुनिया देखती रह गई.

**स्टीव स्मिथ का सबसे तेज शतक**

सिडनी सिक्सर्स के सामने 190 रनों का विशाल लक्ष्य था. टीम के लिए स्टीव स्मिथ ने बाबर आजम के साथ पारी की शुरुआत की. स्मिथ ने तेजतर्रार अंदाज में बैटिंग करते हुए 23 गेंदों में फिफ्टी पूरी कर ली थी. अगले 50 रन उन्होंने 18 गेंदों में बना डाले, जिससे उनका शतक 41 गेंदों में पूरा हुआ. ये टी20 क्रिकेट में स्टीव स्मिथ का सबसे तेज शतक है. वहीं ये बीबीएल इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे तेज सेंचुरी है.

**इंडिया ओपन**



## लक्ष्य सेन का सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त, चीनी ताइपे के खिलाड़ी से मिली हार; भारतीय चुनौती खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन को हार मिली और उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। भारत के लक्ष्य सेन को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। पुरुष एकल वर्ग के मुकाबले में लक्ष्य को विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी चुन यी से 21–17, 13–21, 18– 21 से हार मिली।
रोमांचक रहा मैचलक्ष्य और चीनी ताइपे के खिलाड़ी के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। लक्ष्य ने पहला गेम जीतकर लक्ष्य पर दबाव बढ़ाया, लेकिन चीनी ताइपे के खिलाड़ ने वापसी करते हुए दूसरा गेम अपने नाम किया। तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही है और लंबी रैलियां देखने मिली। लेकिन अंतत : चीनी ताइपे का खिलाड़ी ये गेम अपने नाम करने के साथ ही मैच जीतने में सफल रहा।

# सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत नहीं, हार की निशानी हैं

**ओलंपिक में 23 गोल्ड ऐसे ही नहीं जीत गए माइकल फेल्प्स**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इतिहास के सबसे सफल ओलंपियन और गोल्डन शार्क के नाम से मशहूर माइकल फेल्प्स ने अपनी जीत की भूख और मानसिकता को लेकर एक बड़ा और हैरान करने वाला बयान दिया है। 23 ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले फेल्प्स ने साफ कर दिया है कि उनकी नजर में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल की कोई अहमियत नहीं है, क्योंकि ये मेडल उन्हें उनकी हार की याद दिलाते हैं। एक पॉडकास्ट पर अपनी बेबाक राय रखते हुए फेल्प्स ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में कभी भी दूसरे या तीसरे स्थान को स्वीकार नहीं किया।



**पूल के बाहर भी चैंपियन**

खेल से संन्यास लेने के बाद, फेल्प्स अब माइकल फेल्प्स फाउंडेशन के माध्यम से समाज सेवा में लगे हैं। वे मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवनशैली और वॉटर सेफ्टी को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

### ओलंपिक इतिहास के सबसे महान एथलीट

बाल्टीमोर, मैरीलैंड के रहने वाले फेल्प्स का करियर किसी परियों की कहानी से कम नहीं है। सिडनी 2000 से रियो 2016 तक, पांच ओलंपिक खेलों में उन्होंने कुल 28 मेडल (23 गोल्ड, 3 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज) जीते। फेल्प्स के करियर का शिखर 2008 बीजिंग ओलंपिक था, जहां उन्होंने एक ही टूर्नामेंट में 8 गोल्ड मेडल जीतकर मार्क स्पिट्ज का 1972 का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने एथेंस 2004 में 6 गोल्ड, लंदन 2012 में 4 गोल्ड और रियो 2016 में 5 गोल्ड मेडल जीतकर अपनी बादशाहत साबित की। फेल्प्स केवल एक स्टाइल तक सीमित नहीं थे। उन्होंने फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई और इंडिविजुअल मेडले में समान रूप से महारत हासिल की और कुल 39 वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए।
मुझे तो पता भी नहीं कि मेरे पास कितने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल हैं। जैसा मैंने कहा, मुझे हारना पसंद नहीं है। सिल्वर का मतलब हारना है, है ना? आप दूसरे नंबर पर आए, यानी आप हार गए। तीसरा स्थान? आप हार गए। यह हार है। मैं बाकी पांच मेडल्स (3 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज) के बारे में बात नहीं करता। मैंने ओलंपिक में अपनी 30 में से 28 रेसों में मेडल जीते। लेकिन हम सिर्फ उन 23 (गोल्ड) के बारे में बात करते हैं क्योंकि बाकी रेसों में, मैं पूरी तरह तैयार नहीं था। उस दिन कोई और मुझसे ज्यादा तैयार होकर आया था।

## वेबस्टर की जगह इंग्लिस को मौका देना हैरान करने वाला: रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने एशेज सीरीज के दौरान टीम चयन को लेकर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं पर सवाल खड़े किए हैं। पोंटिंग ने कहा कि वह अब तक नहीं समझ पाए हैं कि शानदार फॉर्म में चल रहे ब्यू वेबस्टर की जगह जोश इंग्लिस को प्राथमिकता क्यों दी गई। पोंटिंग ने कहा कि वेबस्टर ने अपने छोटे से टेस्ट करियर में खुद को साबित किया है। पिछले साल बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के फाइनल में डेब्यू करते हुए उन्होंने मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया था, इसके बावजूद नवंबर में पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट में उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। कैमरन ग्रीन



को उनकी जगह खिलाया गया। ब्रिस्बेन और एडिलेड में हुए अगले दो टेस्ट मैचों में भी 32 वर्षीय वेबस्टर को बाहर रखा गया। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह विकेटकीपर जोश इंग्लिस को टीम में शामिल किया, जिन्होंने नंबर सात पर बल्लेबाजी करते हुए 23, 32, और 10 रन बनाए। यह फैसला टीम संतुलन के लिहाज से भी हैरान करने वाला था। एसईएन टैसी से बातचीत में पोंटिंग ने कहा, 'शुरुआत में मुझे बहुत हैरानी हुई कि उन्होंने ब्यू की जगह इंग्लिस को चुना। मुझे पता है कि चयनकर्ता डेटा और आंकड़ों को काफी गंभीरता से देखते हैं, जरूर इंग्लिस के कुछ मेट्रिक्स बेहतर रहे होंगे, लेकिन सच कहूं तो मुझे यह फैसला समझ नहीं आया। वेबस्टर बेशक स्टाइलिश खिलाड़ी न हों, लेकिन हालात को समझते हैं और टीम की जरूरत के मुताबिक योगदान देते हैं।

# मुंबई को बड़ा झटका, रणजी टॉफी से 14 हजार से ज्यादा रन वाला खिलाड़ी बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी 2025-26 का दूसरा राउंड शुरू होने से पहले मुंबई को बड़ा झटका लगा है। मुंबई के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बताया है कि वह 'निजी कारणों' से रेड-बॉल सीजन के बाकी मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे। मुंबई अपने बाकी बचे दो रणजी ट्रॉफी मैचों में से पहला मैच 22-25 जनवरी तक हैदराबाद के खिलाफ घर से बाहर खेलेगी। इस बाद वह अपने घरेलू मैदान पर लौटकर 29 जनवरी से 1 फरवरी तक स्ष्ट-क्र्यष्ट ग्राउंड पर दिल्ली के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच खेलेगी। हैदराबाद मैच के लिए मुंबई टीम का चयन 17 जनवरी को होना है। एमसीए के एक सूत्र ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, 'हम लीग गेम के दूसरे स्टेज के लिए मुंबई टीम का चयन करेंगे, रहाणे इसमें हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि उन्होंने एमसीए को बताया है कि वह बाकी बचे दो रेड बॉल मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।




- **रहाणे सिर्फ एक शतक लगा पाए–** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 14 हजार से ज्यादा रन बना चुके 37 साल के रहाणे पिछले दो सीजन से मुंबई के लिए खेल रहे हैं।
वह जुलाई 2023 में भारत के लिए आखिरी बार खेले थे। वह आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा हैं और आने वाले सीजन में बतौर कप्तान खेलेंगे। रहाणे का यह रणजी सीजन औसत रहा है।
- **रहाणे ने छोड़ी कप्तानी**–मौजूदा सीजन से पहले की रहाणे ने मुंबई क्रिकेट टीम के कप्तान का पद छोड़ने का ऐलान किया था।
उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए लिखा था कि अब इस भूमिका के लिए किसी युवा को तैयार करने का समय आ गया है।

### रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने 2023-24 का रणजी ट्रॉफी खिताब जीता

मुंबई ने 2023–24 का रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। इससे सात साल का सूखा खत्म हुआ, साथ ही उनकी कप्तानी में मुंबई ने 2024–25 का ईरानी कप भी जीता। रहाणे ने कहा था कि कप्तानी छोड़ने के बाद भी वह एक खिलाड़ी के तौर पर मुंबई क्रिकेट की सेवा करते रहेंगे। मुंबई ग्रुप डी पॉइंट्स टेबल में पांच मैचों में तीन जीत और दो ड्रॉ के साथ 24 पॉइंट्स लेकर टॉप पर है और अब लीग फेज के आखिरी दो मैच खेलेगी।

**अंडर 19 वर्ल्ड कप:**


# अफगानिस्तान के अभियान की शानदार शुरुआत



**विंडहोक, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 28 रन से जीत दर्ज करते हुए अपने अंडर 19 वर्ल्ड कप 2026 अभियान की शानदार शुरुआत की। शुक्रवार को हाई परफॉर्मेंस ओवल में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी अफगान टीम ने 8 विकेट खोकर 266 रन बनाए। खालिद अहमदजई ने उस्मान सदात के साथ 7.2 ओवरों में 31 रन जुटाए।

### साउथ अफ्रीका को 28 रन से हराया


उस्मान 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद अहमदजई ने फैजल शिनोजादा के साथ दूसरे विकेट के लिए 166 गेंदों में 152 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 183 के स्कोर तक पहुंचाया। खालिद 102 गेंदों में 1 छक्के और 6 चौकों के साथ 74 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसी स्कोर पर फैजल शिनोजादा और महबूब खान भी चलते बने। फैजल 95 गेंदों में 2 छक्कों और 8 चौकों के साथ 81 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान महबूब अपना खाता तक नहीं खोल सके। आलम ये रहा कि टीम ने 186 के स्कोर तक 5 विकेट गंवा दिए। यहां से उजैर उल्लाह नियाजी ने नूरिस्तानी उमरजई और खातिर स्टानिकजई के साथ क्रमशः छठे और सातवें विकेट के लिए 35–35 रन की साझेदारी की। नियाजी 51 गेंदों में 8 चौकों के साथ 51 रन बनाकर नाबाद रहे।



**टी20 वर्ल्ड कप 2026**

# जिम्बाब्वे को बड़ा सहारा, वेस्टइंडीज के दिग्गज गेंदबाज सपोर्ट स्टाफ में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले जिम्बाब्वे क्रिकेट को बड़ी मजबूती मिली है।
वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कोर्टनी वॉल्श को जिम्बाब्वे की सपोर्ट स्टाफ में बॉलिंग कंसल्टेंट के तौर पर शामिल किया गया है। यह मेगा टूर्नामेंट फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका की मेज़बानी में खेला जाएगा। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने पुष्टि की है कि वॉल्श ने टीम के साथ काम शुरू कर दिया है। टी20 वर्ल्ड कप में ओमान के खिलाफ अभियान की शुरुआत जिम्बाब्वे की टीम टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ करेगी। यह मुकाबला ग्रुप स्टेज का पहला मैच होगा, जहां टीम को मजबूत विपक्षियों से चुनौती मिलेगी।
**कोचिंग में कोर्टनी वॉल्श का शानदार अनुभव–** कोर्टनी वॉल्श टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने कोचिंग में भी गहरी छाप छोड़ी है। बांग्लादेश पुरुष टीम के स्पेशलिस्ट बॉलिंग कोच; वेस्टइंडीज महिला टीम के हेड कोच; 2025 में जिम्बाब्वे महिला टीम के तकनीकी सलाहकार, अब वॉल्श अपने अनुभव से जिम्बाब्वे के गेंदबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करेंगे।



## दिल्ली में शीतलहर से राहत पर कोहरे का यलो अलर्ट, हवा भी फिर जहरीली हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के लोगों को चार दिन शीतलहर का सामना करने के बाद शुक्रवार को राहत मिली। हालांकि, कई इलाकों में दोपहर में धूप के बाद भी ठंडी हवाओं के कारण सर्दी महसूस हुई। हालांकि आज सुबह से ही आसमान में कोहरा छाया हुआ है और लोगों को ठिठुरन का अहसास हो रहा है।

**घने कोहरे का अलर्ट:** मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आगामी चार दिनों तक शीतलहर के आसार नहीं हैं। हालांकि, विभाग ने घने कोहरे के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक न्यूनतम तापमान 7 डिग्री और अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। स्काईमेट वेदर के अनुसार 17 से 20 जनवरी के बीच न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी, लेकिन 23 से 26 जनवरी के बीच ठंड का एक और दौर आने की संभावना है।

शुक्रवार को पालम में कोहरे के कारण दृश्यता में कमी दर्ज की गई और यह 150 तक रही। हालांकि, बाद में स्थिति सामान्य हो गई। सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**दिल्ली के चार इलाकों में एक्यूआई 400 के पार:** राजधानी में शुक्रवार को प्रदूषण का औसत स्तर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। वहीं, चार इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 अंक से अधिक यानी गंभीर श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 354 दर्ज किया गया। गुरुवार को यह 343 के अंक पर रहा था।

**मानकों से ढाई गुना अधिक प्रदूषण:** मानकों के मुताबिक हवा में पीएम 10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 से नीचे होने पर ही उसे स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। शुक्रवार शाम चार बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का स्तर 282 और पीएम 2.5 का स्तर 172 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी दिल्ली-एनसीआर की हवा में मानकों से लगभग ढाई गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है।

## महिलाएं भी कानून का गलत फायदा उठाती हैं, फैमिली डिस्प्यूट केस में बोला दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पारिवारिक विवाद के हर मामले में ससुराल पक्ष ही आरोपी हो यह जरूरी नहीं है। महिलाएं भी कानून का गलत फायदा उठाती हैं। इसी तरह के एक मामले में पत्नी की ओर से मध्यस्थता के दौरान हर बार नई-नई मांग रखने को कोर्ट ने उसका लालची रवैया करार दिया। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने एक महिला द्वारा दर्ज कराए गए



दहेज प्रताड़ना के मुकदमे को खारिज कर दिया। बेंच ने अपने फैसले में कहा कि यहां पत्नी का दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराने का मकसद आरोपी पति और ससुर से ज्यादा से ज्यादा धन पाने की लालसा थी।

**अदालतों को कानून के दुरुपयोग को नियंत्रित करने की जरूरत:** बेंच ने कहा कि इस मामले की सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट तथ्य सामने आए कि यहां दहेज उत्पीड़न कानून का दुरुपयोग हो रहा है। बेंच ने कहा कि अदालतों को कानून के दुरुपयोग को नियंत्रित करने की जरूरत है। बेंच ने कहा कि पिछले कई वर्षों से एक परिवार दहेज प्रताड़ना के मुकदमे की वजह से पुलिस व अदालत के चक्कर काट रहा है। बेंच ने इस मामले में आरोपी बनाए गए पति और ससुर क्लीनचिट दे दी है। बेंच ने यह भी गौर किया कि शिकायतकर्ता महिला ने वर्ष 2011 में ही ससुराल छोड़ दिया था। उसके बाद वह कभी ससुराल नहीं गई, जबकि उसने पति व ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना समेत अन्य गंभीर आरोपों को लेकर वर्ष 2016 में एफआईआर दर्ज कराई थी।

**पहले फ्लैट फिर 50 लाख रुपये मांगे थे:** महिला की शादी वर्ष 2009 में हुई थी। आपसी मतभेद के चलते महिला ने वर्ष 2011 में पति का घर छोड़ दिया था। इसके बाद दोनों पक्षों में मध्यस्थता का दौर चला। मध्यस्थता सेंटर में महिला की मांग हर बार बढ़ रही थी।

# कालिंदी कुंज से हिंडन तक ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

## नोएडा सीईओ ने 10 दिन में मांगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मास्टरप्लान रोड नंबर-तीन पर कालिंदी कुंज से हिंडन के पास स्थित सेक्टर-123 तक यातायात व्यवस्था सुधारी जाएगी। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने विस्तृत सर्वे करने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

### 10 दिन में रिपोर्ट मांगी

सीईओ ने अधिकारियों से भूमिगत ओवरहेड बिजली, सीवर लाइन जैसी सुविधाएं को लेकर 10 दिन में में रिपोर्ट मांगी है। सर्विस रोड चौड़ी करने समेत अन्य उपाय करने पर विचार किया।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एमपी तीन रास्ता शहर के प्रमुख रास्तों में से एक है। इस पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। व्यस्त समय में यहां कई प्वाइंट पर जाम की समस्या रहती है। लोगों की शिकायत और जरूरत को देखते हुए शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने एमपी तीन रास्ते के कुछ मुख्य प्वाइंट का निरीक्षण कर स्थिति देखी। सेक्टर-73 एसआरएस अस्पताल, सेक्टर-70 की तरफ से मुख्य रास्ते की सड़क, सेक्टर-121 और क्लियो काउंटी सोसाइटी के पास रुककर सीईओ ने यातायात व्यवस्था समेत अन्य चीजें देखीं।

इसके बाद उन्होंने बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियों को विस्तृत सर्वे करने के निर्देश दिए। इस रास्ते पर विभिन्न स्थानों पर बिछी हुई भूमिगत ओवरहेड सर्विसेज का सर्वे करते हुए 10 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक एके अरोड़ा, उपमहाप्रबंधक विजय रावल समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

### बैंक्वेट हॉल के कारण अधिक जाम लग रहा

इस रास्ते पर होशियारपुर और सफाबाद गांव के सामने कई बैंक्वेट हॉल हैं। इन जगह शाम के समय लंबे जाम की समस्या होती है। यातायात पुलिस की ओर से बैंक्वेट हॉल संचालकों को नोटिस जारी किए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है।

## दिल्ली में एनसीईआरटी की पायरेटेड किताबों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 32 हजार किताबें जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग किताबों की पायरेसी के खिलाफ शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान खास जानकारी मिलने पर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गाजियाबाद के लोनी के जावली गांव में एक प्रिंटिंग प्रेस पर छापा मारा और अलग-अलग कक्षा और विषय की लगभग 32,000 पायरेटेड (नकली) एनसीईआरटी किताबें जब्त कीं। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने मौके से दो प्रिंटिंग मशीनें, एल्युमिनियम प्रिंटिंग प्लेट्स, पेपर रोल और प्रिंटिंग इंक भी जब्त कीं। यहां पर बड़े पैमाने पर गैर-कानूनी तरीके से नकली किताबें छापी जा रही थीं। बता दें कि पायरेटेड किताबें वह होती हैं, जिन्हें बिना अधिकृत लायसेंस के गैर कानूनी तरीके से छापा जाता है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस कार्रवाई को पिछले साल 11 नवंबर को दर्ज एक पुराने मामले के दौरान मिली जानकारी के आधार पर अंजाम दिया। इस छापे और जब्ती की कार्यवाही के दौरान एनसीईआरटी के पब्लिकेशन डिवीजन के अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने पायरेटेड सामग्री की पहचान और वेरिफिकेशन के लिए टेक्निकल सहायता भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और कॉपीराइट एक्ट, 1957 के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया। इस कार्रवाई के बाद एनसीईआरटी ने दोहराया कि एनसीईआरटी किताबों की गैर-कानूनी छपाई, डिस्ट्रीब्यूशन या बिक्री कानून के तहत दंडनीय अपराध है।

## आतिशी के बयान पर FSL रिपोर्ट आई, स्पीकर विजेंद्र गुप्ता बोले- अब आपको माफी मांगनी पड़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आतिशी के बयान पर राजनीतिक सरगर्मी थमने का नाम नहीं ले रही। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा दावा किया। उन्होंने बताया कि सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को विपक्ष की मांग पर फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में भेजा गया था। रिपोर्ट



अब आ चुकी है और यह कहती है कि वीडियो और ऑडियो में कोई डॉक्टरींग या छेड़छाड़ नहीं की गई। दोनों पूरी तरह एक-दूसरे से मेल खाते हैं।

### विपक्ष की मांग पर शुरू हुई जांच

स्पीकर ने बताया कि 8 जनवरी को दोनों पक्षों की सहमति से वीडियो स्नस्रुको सौंपा गया। सदन में जब जांच का फैसला हुआ, तो अचानक 9 जनवरी को खबर आई कि पंजाब सरकार ने पहले ही अपनी जांच कर ली, वीडियो को डॉक्टर्ड बताया और एफआईआर भी दर्ज कर दी। स्पीकर ने इसे घटनाओं का नाटकीय मोड़ करार दिया। अब दिल्ली की स्नस्रु रिपोर्ट आने के बाद ये मामला और तूल पकड़ता दिख रहा है।

### स्पीकर ने साधा निशाना

इसे लेकर विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा इस पूरे प्रकरण ने गुरुओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक राजनीतिक पार्टी ने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर न सिर्फ भावनाओं को आहत किया, बल्कि विधानसभा की गरिमा को भी चुनौती दी। स्पीकर ने कहा, यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं।

### आतिशी से माफी की मांग, पंजाब सीएम को चेतावनी

गुप्ता ने आप की नेता प्रतिपक्ष आतिशी से माफी की मांग करते हुए कहा, अब रिपोर्ट साफ है, सदन की ट्रांसक्रिप्ट, वीडियो और ऑडियो सब मेल खाते हैं। उन्हें आगे आना चाहिए, मुझसे मिलना चाहिए, अपनी गलती माननी चाहिए, शब्द वापस लेने चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। साथ ही पंजाब के मुख्यमंत्री को चेतावनी दी कि दिल्ली विधानसभा के मामलों में दखल न दें।

## 26 जनवरी से पहले दिल्ली में अलर्ट, मेट्रो स्टेशनों-बाजारों में लगाए वांटेट आतंकियों के पोस्टर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में 77वें गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां किसी भी सूरत में कोई जोखिम नहीं लेना चाहतीं। इसी वजह से मेट्रो स्टेशनों, चौराहों और व्यस्त बाजारों में ताजा मोस्ट वांटेड आतंकियों के पोस्टर चिपका दिए गए हैं। ये पोस्टर लोगों को सतर्क करने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती का भी संकेत दे रहे हैं। टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, पोस्टरों में सबसे प्रमुख नाम है अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला का, जो खालिस्तान टाइगर फोर्स (चञ्ञस्न) का चीफ है। यह शख्स पहले पंजाब में गैंगस्टर था, लेकिन अब कनाडा से बैठकर अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क चला रहा है। हरदीप सिंह निज्जर की मौत (जून 2023 में कनाडा में) के बाद उसने संगठन की कमान संभाली। खुफिया एजेंसियां इसे सांप्रदायिक अशांति फैलाने का मास्टरमाइंड मानती हैं। सबसे चर्चित मामला 2022 का है, जब दिल्ली में एक हिंदू व्यक्ति की हत्या कराई गई।

## दिल्ली में सड़कों पर पैदल चलनेवाले सबसे ज्यादा जान गंवा रहे

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर बढ़ी है। वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 1617 लोगों ने जान गंवाई, जोकि बीते सात वर्षों में सबसे अधिक दर्ज की गई। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़े बता रहे हैं कि सड़क पर पैदल यात्री सबसे अधिक असुरक्षित हैं। मरने वालों में 40 फीसदी लोग पैदल यात्री थे। वर्ष 2025 में कुल 5689 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1578 दुर्घटनाएं घातक रहीं, जिनमें 1617 लोगों की मौतें हुईं। वर्ष 2019 से पिछले साल अंत तक मौतों का यह सबसे अधिक आंकड़ा है। विश्लेषण करें तो वर्ष 2024 की तुलना में बीते वर्ष कुल दुर्घटनाओं में भले ही मामूली 0.57 फीसदी की वृद्धि हुई, लेकिन घातक दुर्घटनाओं में 4.92 फीसदी और मौतों में 4.26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ऐसी दुर्घटनाएं घटीं, जिनमें कोई घायल नहीं : सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगों की संख्या वर्ष 2025 में 5314 रही, जोकि उससे पिछले वर्ष की तुलना में 1.7 फीसदी अधिक है। वर्ष 2024 में 5224 लोग घायल हुए थे। इसके विपरीत, बिना चोट वाली दुर्घटनाओं में 27.4 की गिरावट आई है, जोकि चिंता का विषय है। वर्ष 2025 में ऐसे 61 मामले रहे, जबकि वर्ष 2024 में ऐसी 84 सड़क दुर्घटनाएं थीं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटनाओं में मृत्यु अधिक होने के पीछे कई कारण हैं।

## हम चुपचाप बैठने के लिए बाध्य नहीं, यूएन कोर्ट में म्यांमार ने किया रोहिंग्या के नरसंहार से इंकार

**म्यांमार , एजेंसी।** म्यांमार ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के शीर्ष कोर्ट में रोहिंग्या मुस्लिमों के नरसंहार के लिए अभियान चलाने के आरोपों से इन्कार किया। उसने कहा कि यह अभियान एक वैध आतंक रोधी अभियान है और यह नरसंहार के समान नहीं है। म्यांमार के प्रतिनिधि ने कहा कि गांबिया अपने आरोपों को साबित नहीं कर पाया। इस मामले का फैसला बेबुनियाद आरोपों नहीं बल्कि तथ्यों के आधार पर होना चाहिए।




**म्यांमार शुरू किया था ये अभियान:** म्यांमार ने एक रोहिंग्या विद्रोही समूह के हमले के बाद 2017 में रखाइन प्रांत में यह अभियान शुरू किया था। अभियान के चलते सात लाख से ज्यादा रोहिंग्या पड़ोसी बांग्लादेश में भाग गए। सुरक्षा बलों पर सामूहिक दुष्कर्म, हत्या और हजारों घरों को फूंकने के आरोप लगाए गए।

**म्यांमार ने यूएन कोर्ट में क्या कहा?:** यूएन के इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में म्यांमार के प्रतिनिधि को को ह्लाइंग ने कहा, म्यांमार चुपचाप बैठे रहने और उत्तरी रखाइन प्रांत में आतंकियों को खुली छूट देने के लिए बाध्य नहीं है। अफ्रीकी देश गांबिया ने 2019 में यूएन कोर्ट में नरसंहार का मामला दायर किया था, जिसमें म्यांमार पर अल्पसंख्यक रोहिंग्या के नरसंहार के आरोप लगाए गए। उसने सोमवार को कोर्ट को बताया था कि म्यांमार के अधिकारियों ने सफाए के लिए रोहिंग्या को निशाना बनाया।

## अमेरिका के ईरान पर हमले की आशंका गहराई

### निर्वासित युवराज ने भारत के साथ संबंधों पर दिया बड़ा बयान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के निर्वासित युवराज रेजा पहलवी ने शुक्रवार को अपने एक बयान में भारत-ईरान संबंधों की तारीफ की और साथ ही कहा कि दोनों देश नए अध्याय की शुरुआत कर सकते हैं। रेजा पहलवी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि भारत और ईरान के संबंध दशकों पुराने हैं और उन्होंने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के एक ईरान दौरे की यादें भी साझा कीं। रेजा पहलवी द्वारा भारत के साथ संबंधों को लेकर की गई बातचीत के बाद ऐसी आशंका गहरा गई है कि अमेरिका जल्द ही ईरान पर हमला कर सकता है और रेजा पहलवी खुद को ईरान के अगले शाह के तौर पर पेश कर रहे हैं।



**पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के भारत दौरे को किया याद:** रेजा पहलवी ने कहा, भारत और ईरान के आधुनिक समय में संबंध मजबूत रहे हैं। रेजा पहलवी ने इंदिरा गांधी के ईरान दौरे को याद करते हुए कहा कि जब भारत की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने ईरान का दौरा किया था, उस वक्त वे बहुत छोटे थे। रेजा पहलवी ने भारत और ईरान के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध होने की भी बात कही। ईरान में लोकतंत्र लाने की पैरवी करते हुए निर्वासित युवराज ने कहा, लोकतांत्रिक ईरान प्राकृतिक तौर पर उन देशों के साथ मजबूत संबंध रखेगा, जो लोकतांत्रिक ईरान की संप्रभुता और आजादी का सम्मान करेंगे।

## ईरान में विरोध शांत, इंटरनेट बंदी अब भी जारी; मौलवी ने की फांसी देने की मांग; ट्रंप को दी धमकी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में हालिया विरोध प्रदर्शनों के बाद अब सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा है, लेकिन सत्ता के गलियारों में गुस्सा और सख्ती बरकरार है। शुक्रवार को एक वरिष्ठ कट्टरपंथी मौलवी ने न सिर्फ गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को फांसी देने की मांग की, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी खुली धमकी दी।

एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर के अंत में शुरू हुए विरोध प्रदर्शन, जो पहले महंगाई और आर्थिक हालात को लेकर थे, धीरे-धीरे ईरान की धार्मिक सत्ता के खिलाफ खुली चुनौती में बदल गए। सरकार की कड़ी कार्रवाई के बाद अब तेहरान समेत देश के कई हिस्सों में जनजीवन सामान्य दिख रहा है, हालांकि इंटरनेट बंदी अब भी जारी है।

### अब तक 3090 लोगों की मौत

अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने दावा किया है कि कार्रवाई में अब तक कम से कम 3,090 लोगों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा ईरान में दशकों में हुए किसी भी आंदोलन से कहीं ज्यादा बताया जा रहा है। हालांकि ईरानी सरकार ने अब तक आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या जारी नहीं की है।



### कट्टर मौलवी ने की सजा की चेतावनी

इस बीच, शुक्रवार की नमाज के दौरान कट्टर मौलवी आयतुल्लाह अहमद खातमी ने भड़काऊ भाषण दिया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को इस्राइल और अमेरिका का एजेंट बताया और कहा कि हथियार उठाने वालों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भी कड़ी सजा की चेतावनी दी। दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप ने वॉशिंगटन में बयान देते हुए कहा कि ईरान ने सैकड़ों लोगों को फांसी न देकर सही कदम उठाया है। उन्होंने इसके लिए ईरानी नेतृत्व का आभार भी जताया, जिससे संकेत मिला कि अमेरिका फिलहाल सैन्य कार्रवाई से पीछे हट सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव कम करने की कोशिशें भी तेज हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान और इस्राइल दोनों नेताओं से बातचीत की है। वहीं, कई खाड़ी देशों ने अमेरिका को चेताया है कि ईरान में सैन्य हस्तक्षेप से वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान हो सकता है। उधर, ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने आंदोलन जारी रखने की अपील की है और खुद ईरान लौटने का दावा किया है। हालांकि देश के भीतर उन्हें व्यापक समर्थन मिलता नहीं दिख रहा।

## एपस्टीन फाइल्स की रिलीज पर सांसद नहीं कर सकते दखल, न्याय विभाग बोला- कांग्रेस का अधिकार नहीं

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका में चर्चित जेफरी एपस्टीन ट्रैफिकिंग मामले से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक करने को लेकर बड़ा कानूनी घटनाक्रम सामने आया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस के सदस्य एपस्टीन फाइल्स की रिलीज प्रक्रिया में अदालत के जरिए हस्तक्षेप नहीं कर सकते। न्यूयॉर्क के मैनहैटन स्थित शीर्ष संघीय अभियोजक और यूएस अटॉर्नी जे क्लेटन ने एक पत्र के जरिए कहा कि जज के पास यह अधिकार नहीं है कि वह किसी न्यूट्रल एक्सपर्ट या स्पेशल




मास्टर की नियुक्ति करें, जो एपस्टीन और गिस्लेन मैक्सवेल से जुड़े दस्तावेजों की सार्वजनिक रिलीज की निगरानी करे।

**दो सांसदों ने लगाए थे आरोप :** यह पत्र उस मांग के जवाब में भेजा गया है, जो अमेरिकी सांसद रो खन्ना (डेमोक्रेट) और थॉमस मैसी (रिपब्लिकन) ने की थी। दोनों सांसदों ने आरोप लगाया था कि एपस्टीन फाइल्स की बेहद धीमी रिलीज कानून का उल्लंघन है और इससे पीड़ितों को दोबारा मानसिक आघात पहुंच रहा है। हालांकि, जस्टिस डिपार्टमेंट ने साफ कहा कि ये सांसद इस आपराधिक मामले के पक्षकार नहीं हैं, इसलिए उन्हें अदालत से इस तरह की असाधारण राहत मांगने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

# 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह की रूपरेखा तैयार समयबद्ध दायित्व का करें निष्पादन: उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूरे हर्षोल्लास एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाने को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने की। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की रूपरेखा तैयार करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध रूप से दायित्वों के निष्पादन का निर्देश दिया गया।





**प्रभात फेरी व झांकियों के माध्यम से उत्सव का माहौल**

उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व को योजनाबद्ध तरीके से मनाया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं बीएसएल के उप निदेशक को आपसी समन्वय से तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, विभागों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करती हुई झांकियां तैयार करें, ताकि आमजन विशेषकर बच्चों को संविधान, गणतंत्र और 26 जनवरी की महत्ता से अवगत कराया जा सके।

**25 जनवरी को होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम**

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 25 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) को आरक्षित करने एवं अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सौंपे गए दायित्वों का ससमय अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

**इन विभागों द्वारा निकाली जाएंगी झांकियां**

गणतंत्र दिवस समारोह में निम्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएंगी झ नगर निगम चास, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग/आपूर्ति विभाग, गव्य एवं पशुपालन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि विभाग/जिला अग्रणी बैंक/नाबार्ड, परिवहन विभाग, भूमि संरक्षण सर्वेक्षण विभाग, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग, खेलकूद एवं पर्यटन विभाग, सामाजिक सुरक्षा, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जेएसएलपीएस, नमामि गंगे एवं खनन विभाग।

**19 जनवरी 2026 से होगा परेड का पूर्वाभ्यास**

निर्णय लिया गया कि 19 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 8:00 बजे से मुख्य समारोह स्थल पर परेड का पूर्वाभ्यास शुरू होगा। परेड में जैप-04, जिला सशस्त्र बल, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, गृह रक्षा वाहिनी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के प्लाटून शामिल होंगे। परेड का संचालन पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) बोकारो द्वारा किया जाएगा। 24 जनवरी 2026 को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण करेंगे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित**

मुख्य समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परेड दलों, मेधावी छात्रों, खेल, सांस्कृतिक एवं कला क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों, पदाधिकारियों/कर्मियों सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। सभी विभागों को चयन सूची तैयार कर समिति को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

**नगर की साज-सज्जा व स्वच्छता पर विशेष जोर**

बैठक में मुख्य अतिथि के स्कॉट, नगर की साज-सज्जा, आमंत्रण पत्रों का मुद्रण एवं वितरण, विधि-व्यवस्था संधारण सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। जिला मुख्यालय की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए चास नगर निगम एवं बोकारो स्टील लिमिटेड के प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी प्रमुख चौकझचौराहों की विशेष साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं साज-सज्जा सुनिश्चित की जाए। साथ ही महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, मरम्मत, माल्यार्पण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

**मंत्री योगेंद्र प्रसाद होंगे मुख्य अतिथि, करेंगे झंडोत्तोलन**

77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सह मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार श्री योगेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाईन मैदान, सेक्टरझ12 में उनके द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का झंडोत्तोलन किया जाएगा। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व, बिंदुवार सभी तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## हम सभी सुरक्षित यात्रा करेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा करने के लिए प्रेरित करेंगे : डीटीओ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह स्थित डालमिया सीमेंट में जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा को लेकर बालीडीह में सड़क सुरक्षा के तहत चेकिंग अभियान, ओवर स्पीड एवं डालमिया सीमेंट के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को शपथ दिलाया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे। जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा यह सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान हम सभी यह संकल्प लेते हैं कि हम सभी सुरक्षित यात्रा करेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही आगे कहा कि सड़क सुरक्षा का अनुपालन करना अपने और अपने परिवार के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ भी दिलाया, जिसमें कहा कि हम आज यह शपथ लेते हैं कि.. एक जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता की भूमिका निभाते हुए -



सभी यातायात नियमों का पालन करेंगे।
साथ ही सड़क पर बाई ओर सावधानीपूर्वक चलेंगे।
कभी भी दौड़कर सड़क पार नहीं करेंगे। अधिकृत ड्राइविंग उम्र होने पर ही वाहन चलाएंगे।
बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएंगे।
दो पहिया वाहन चलाते या सफर करते समय हेलमेट जरूर पहनेंगे।
दो पहिया वाहन पर दो व्यक्ति से अधिक सफर नहीं करेंगे।
चार पहिया वाहन चलाते या सफर करते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएंगे।
गति पर नियंत्रण रख वाहन चलाएंगे।
खतरनाक ढंग से वाहन कभी नहीं चलाएंगे।
किसी भी प्रकार का नशा कर वाहन नहीं चलाएंगे।
आपातकालीन सेवा वाहनों को पहले जाने का रास्ता देंगे।
सड़क पर अन्य लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखेंगे।
नेक नागरिक की भूमिका निभाते हुए सड़क दुर्घटना में हुए घायलों की सहायता करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नुक्कड़ नाटक दल चयन हेतु ऑडिशन आयोजित किया गया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग, बोकारो द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक दल के चयन को लेकर शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल), बोकारो में ऑडिशन का आयोजन किया गया। आडिशन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों एवं नाट्य दलों ने भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा सामाजिक विषयों, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं, जागरूकता संदेशों एवं समसामयिक मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति दी। आडिशन कार्यक्रम में कुल 52 टीमों ने लिया हिस्सा, सबों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजुमदार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून आदि द्वारा प्रतिभागियों की अभिनय क्षमता, संवाद प्रस्तुति, विषयवस्तु एवं जनसंपर्क के दृष्टिकोण से प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। चयनित नाट्य दलों को भविष्य में विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न जन-जागरूकता अभियानों एवं कार्यक्रमों में सहभागिता का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कलाकार आदि उपस्थित थे।



### उप विकास आयुक्त ने मिश्रित भवन सहित अन्य कार्यालयों का किया निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने मिश्रित भवन, जिला परिवहन कार्यालय तथा जिला परिषद का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने संपूर्ण परिसर की साफ सफाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर आज मिश्रित भवन, जिला परिवहन कार्यालय तथा जिला परिषद का भ्रमण किया है। इस दौरान सभी कार्यालयों एवं परिसर की साफ सफाई करने, गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करने, कार्यालय भवन की आकर्षक विद्युत साज सज्जा करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए हैं।



### उपायुक्त ने बाबा भूतनाथ मंदिर में की भगवान शिव की पूजा-अर्चना

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नव वर्ष के अवसर पर जिले में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार संध्या चास डुमरजोड़ स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा - अर्चना की। पूजा के दौरान उपायुक्त ने भगवान शिव से जिलेवासियों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सौहार्द, उन्नति और मंगल की प्रार्थना की। उन्होंने कामना की कि नया वर्ष जिले के हर परिवार के लिए खुशियां, स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए तथा समाज में शांति और भाईचारे का वातावरण बना रहे। उपायुक्त ने भगवान भोलेनाथ से जिले के निरंतर विकास, प्रशासनिक कार्यों में सफलता और जनसेवा की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



## एमडीए 2026 की सफलता हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में बोकारो जिले में आगामी दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक एमडीए कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम से पूर्व प्रखण्ड, स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं ग्राम स्तर पर दवा प्रशासकों को प्रशिक्षण दिया जाना है ताकि प्रशिक्षित दवा प्रशासकों से ही आमजन को एमडीए कार्यक्रम के दौरान दिनांक 10 फरवरी 2026 को बूथ पर एवं दिनांक 11.02.2026 से 25.02.2026 तक घर-घर घूमकर डी ई सी एलबेंडाजोल दवा का सेवन कराया जा सके। इस हेतु आज सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन डॉ० अभय भूषण प्रसाद एवं जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ० रेणू भारती की संयुक्त अध्यक्षता में बोकारो जिले के चिकित्सा पदाधिकारियों/ जिला स्तरीय संबंधित कर्मियों और पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजन किया गया ताकि सभी लोग प्रशिक्षणोपरान्त अपने क्षेत्राधीन दवा प्रशासकों को प्रशिक्षित कर सकें। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया तथा इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में सभी स्तर से अपना पूर्ण सहयोग देने हेतु निर्देश दिया गया।



## झारखंड ई-रिक्शा टोटो यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने निरसा विधायक से की मुलाकात

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को हीरापुर फुटपाथ विक्रेता संघ एवं झारखंड ई-रिक्शा टोटो यूनियन के सदस्यों ने बैभव सिन्हा के नेतृत्व में निरसा विधायक अरूप चटर्जी से उनके एलसी रोड स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान विधायक को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया । प्रतिनिधिमंडल ने दो टूक शब्दों में कहा कि धनबाद नगर निगम की घोर उदासीनता और मनमानी के कारण फुटपाथ विक्रेताओं का जीवन नारकीय बना गया है। नगर निगम द्वारा बनाए गए तथाकथित वेंडिंग जोन में न तो अप्रोच रोड है और न ही बुनियादी सुविधाएं—जिसके चलते विक्रेताओं को जबरन वहां भेजना अन्यायपूर्ण है। इससे भी गंभीर बात यह है कि हिरापुर में पंजीकृत सड़क विक्रेताओं के लिए बनी दुकानों का आवंटन नियमों को ताक पर रखकर अपात्र लोगों को किया जा रहा है। टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन न चुनाव से हो रहा है और न ही मनोनयन, यह सीधा कानून और नीति का उल्लंघन है। इसी तरह झारखंड ई-रिक्शा टोटो यूनियन ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वर्षों से ई-रिक्शा स्टैंड और पार्किंग की मांग लंबित है, लेकिन जिला प्रशासन और नगर निगम आंख मूंदे बैठे हैं। धनबाद में 23,000 से अधिक पंजीकृत ई-रिक्शा होने के बावजूद पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं-नतीजतन यात्रियों और चालकों दोनों को रोजाना अव्यवस्था, जाम और उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। चालकों के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार और हाथापाई की घटनाएं बर्दाश्त से बाहर हैं। विधायक अरूप चटर्जी ने स्पष्ट कहा कि ये मांगें पूरी तरह जायज हैं और उनका समाधान तुरंत होना चाहिए। उन्होंने नगर आयुक्त एवं उपायुक्त, धनबाद से वार्ता कर दोनों संगठनों के प्रतिनिधिमंडल-जिनका नेतृत्व वे स्वयं तथा बैभव सिन्हा करेंगे- के साथ बैठक कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यदि स्थानीय प्रशासन ने तत्काल ठोस कदम नहीं उठाए, तो इस मुद्दे को झारखंड विधानसभा में पूरी ताकत से उठाया जाएगा। ई-रिक्शा चालकों और फुटपाथ विक्रेताओं के साथ किसी भी कीमत पर अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर बैभव सिन्हा ने चेतावनी दी कि यदि निगम और प्रशासन का यही असंवेदनशील रवैया जारी रहा, तो आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। सरकार को बदनाम करने वाले और जनविरोधी आचरण करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए हर संवैधानिक और लोकतांत्रिक कदम उठाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फुटपाथ विक्रेता संघ के उमेश कुमार, संतोष कुमार, धर्मेंद्र कुमार तथा ई-रिक्शा टोटो यूनियन के अनिल यादव, शैलेश कुमार, मंटू कुमार, निताई दा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।



## जन्म मृत्यु निबंधन को लेकर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्याशला का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। इसका उद्घाटन उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ऑनलाइन जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की जरूरत अब लगातार बढ़ रही है। इसलिए इसका समय पर निष्पादन करना महत्वपूर्ण है। विलंब से प्रमाण पत्र बनने से आमजन भी परेशान होते हैं। ऑनलाइन निबंधन में फजीर्वाड़ा होने की भी संभावना है। इसलिए प्रमाण पत्र बनाते समय सावधानी बरते एवं सतर्क रहें। आवेदनों की गहनता से जांच करें। उन्होंने निजी अस्पतालों को भी समय पर जन्म एवं मृत्यु की जानकारी सांख्यिकी विभाग को भेजने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण-सह-कार्याशला में प्रशिक्षक देवेन्द्र कुमार सिंह ने जन्म-मृत्यु निबंधन की जरूरत तथा उसके बढ़ते महत्त्व को रेखांकित किया। साथ ही समय पर प्रमाण-पत्र लेने के लाभ के बारे में आमजनों को जागरूक करने, शत-प्रतिशत व ससमय निबंधन के संबंध में किए जा रहे प्रयास और आ रही समस्या एवं उसके समाधान पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए निजी अस्पतालों की बढ़ती भूमिका के बारे में जनमानस को बताने, जन्म-मृत्यु के आवेदन में मांगे गए सांख्यिकी सूचना का राज्य की योजना निर्माण में महत्त्व, ऑनलाईन निबंधन में हो रहे फजीर्वाडे से जनता को जागरूक करने, मेडिकल कॉज ऑफ डेथ प्रतिवेदन को पूर्णतः लागू करने और उनके महत्त्व पर विस्तृत चर्चा की गई।



### मुंह में मखमली, सफेद, लाल असामान्य धब्बे मुंह के कैंसर के संकेत : जिला परामर्शी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** +2 उच्च विद्यालय चन्दनकियारी एवं मध्य विद्यालय चन्दनकियारी बोकारो में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया। साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने हेतु परामर्शी सेवा के साथ साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया।जिला परामर्शी मो असलम द्वारा बताया गया कि भारत में मुंह का कैंसर एक बढता हुआ गम्भीर समस्या है जो मौत का कारण बनता है। झारखंड में कुल आबादी का लगभग 38.9 प्रतिशत लोग तम्बाकू किसी न किसी रूप में लेते हैं जिसमें 59.7 प्रतिशत पुरूष है और 17 प्रतिशत महिलायें है। 59.7 प्रतिशत पुरूष में 26 प्रतिशत लोग झारखण्ड में सिर्फ और सिर्फ खैनी का सेवन करते हैं जोकि मुंह के कैंसर का एक मुख्य कारण होते है। जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ सुधा सिंह ने बताया कि मुंह के कैंसर का इलाज सम्भव है यदि जल्द उपचार किया जाए।

## नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर अपर समाहर्ता ने की समीक्षा बैठक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संभावित नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को महापौर के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में एक समीक्षा बैठक की। इस संबंध में उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य चुनाव से पूर्व आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी तैयारियों की प्रगति का आकलन करना तथा संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध दिशा-निर्देश देना था। बैठक में अपर समाहर्ता ने कहा कि नगर निगम चुनाव एक व्यापक और संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसमें मतदाता सूची से लेकर मतदान, मतगणना और परिणाम घोषणा तक हर चरण में पारदर्शिता, निष्पक्षता और तकनीकी सुदृढ़ता आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन करते हुए सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं। अपर समाहर्ता ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि नगर निगम चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, ऐसे में इसकी सफलता के लिए प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के अंत में उन्होंने नियमित अंतराल पर समीक्षा बैठक आयोजित करने की बात कही, ताकि तैयारियों की सतत निगरानी की जा सके। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा, आईटी मैनेजर रूपेश कुमार मिश्रा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद कुमार, जिला राजस्व शाखा के कार्यालय अधीक्षक राम विलास राम, प्रधान सहायक सुशील कुमार सिन्हा, मो. सोहराब, कुलदीप, प्रशान्त कुमार झा, विजय कुमार, मनीष कुमार, अंशु देव, संतोष कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।



## बीएसएल में ‘प्रेरणा’ बिजनेस एंड मैनेजमेंट क्विज-2026’ का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों के बीच प्रबंधकीय सोच, व्यावसायिक समझ तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ‘प्रेरणा’ बिजनेस एंड मैनेजमेंट क्विज-2026’ का आयोजन किया गया. यह प्रतियोगिता मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के तत्वावधान में दिनांक 15 जनवरी 2026 को अधिकारियों के लिए तथा 17 जनवरी 2026 को अनाधिशासी कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई. अधिकारियों की श्रेणी में संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 18 टीमों तथा अनाधिशासी वर्ग में 20 टीमों की सहभागिता रही. दोनों ही श्रेणियों की क्विज प्रतियोगिताओं में मुख्य महाप्रबंधक सुश्री नीता बा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल ज्ञानवर्धन का प्रभावी माध्यम हैं, बल्कि टीमवर्क, त्वरित निर्णय-क्षमता तथा संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. उन्होंने कर्मचारियों से सक्रिय सहभागिता के माध्यम से संयंत्र की उत्पादकता एवं कार्यकुशलता में निरंतर योगदान देने का आ'ान किया. अधिकारियों के सत्र में क्विज मास्टर की भूमिका इंजीनियरिंग एसोसिएट नयन चक्रवर्ती एवं इंजीनियरिंग एसोसिएट दुर्गा प्रसाद द्वारा निभाई गई, जबकि अनाधिशासी वर्ग में सहायक महाप्रबंधक जनीशर इमाम एवं वरीय प्रबंधक राहुल रंजन पांडा ने क्विज मास्टर के रूप में प्रतियोगिता का सफल संचालन किया. दोनों कार्यक्रमों का समन्वित संचालन सहायक महाप्रबंधक अमित आनंद द्वारा किया गया. अधिकारियों की प्रतियोगिता में सहायक महाप्रबंधक आनंद राज एवं सहायक महाप्रबंधक एस.डब्ल्यू. किसपोट्टा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. द्वितीय स्थान वरीय प्रबंधक राहुल रंजन पांडा एवं वरीय प्रबंधक शुभम वर्मा को मिला, जबकि तृतीय स्थान सहायक महाप्रबंधक ऋषिकांत गुप्ता एवं प्रबंधक अंशुमान सामंता ने प्राप्त किया. अनाधिशासी वर्ग में इंजीनियरिंग एसोसिएट दुर्गा प्रसाद एवं इंजीनियरिंग एसोसिएट नयन चक्रवर्ती ने प्रथम स्थान हासिल किया. द्वितीय स्थान इंजीनियरिंग एसोसिएट आशीष कुमार चौरसिया एवं इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रियंक राज को प्राप्त हुआ, जबकि तृतीय स्थान इंजीनियरिंग एसोसिएट आशुतोष आनंद एवं जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट हरि ओम कुमार ने प्राप्त किया. कार्यक्रम के समापन पर मुख्य महाप्रबंधक सुश्री नीता बा ने सभी विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा प्रतिभागियों को उनकी सहभागिता के लिए बधाई दी. कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सेक्शन ऑफिसर श्री ऋषिकेश रंजन, सेक्शन एसोसिएट श्री नवनीत कुमार सिंह, प्रशासनिक एसोसिएट श्री सिद्धो चरण मुर्मू, प्रशासनिक एसोसिएट रफीक अंसारी एवं इंजीनियरिंग एसोसिएट सुश्री भवानी हंसदा का उल्लेखनीय योगदान रहा.





**बीएसएल के परियोजना डिवीजन में ‘सेफ्टी अवॉर्ड कार्यक्रम’ का आयोजन**

बोकारो स्टील प्लांट में सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता और ठेका श्रमिकों के उत्कृष्ट योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 17 जनवरी को ‘सुरक्षा सम्मान समारोह’ का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व को रेखांकित करना और उन श्रमिकों को सम्मानित करना था जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा के अनुकरणीय मानक स्थापित किए हैं. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक अनीश सेनगुप्ता उपस्थित थे. उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक पी. एच. शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक एन. के. बेहरा सहित वरीय अधिकारी एवं प्रभारी अभियंता कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. समारोह का शुभारंभ सामूहिक सुरक्षा शपथ के साथ हुआ, जिसमें सुरक्षा नियमों के पालन का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होने वाले श्रमिकों ने तकनीकी चचाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यस्थल पर स्वच्छता (हाउसकीपिंग) के महत्व, ऊँचाई पर कार्य करने के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के उचित उपयोग पर अपने विचार साझा किए. श्रमिकों ने मौलिक सुरक्षा कविताओं और नारों के माध्यम से सभागार में उत्साह का संचार किया. इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों ने सुरक्षा जागरूकता, संभावित खतरों की पहचान और उनके प्रभावी समाधानों के संबंध में भी उपयोगी सुझाव दिए. इस अवसर पर मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक सेनगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को कार्यस्थल पर अपने व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का नियमित और सही उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए. उन्होंने ‘रोको-टोको’ संस्कृति को अपनाने तथा कार्यस्थल की हाउसकीपिंग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने खतरों की पहचान और जोखिम मूल्यांकन की तकनीक को समझने तथा कार्य के दौरान व्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाने की महत्ता पर भी प्रकाश डाला.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK